


राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

जागरण मोर्चा



www.jagranmorchadaily.com लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद में प्रसारित

जन जन की आवाज़

लखनऊ | वर्ष : 05 | अंक : 123 | सोमवार, 15 जून 2026 | ज्येष्ठ कृष्ण पूर्णिमा विक्रम संवत 2083 | पृष्ठ : 12 | मूल्य : 05 रूपया

संक्षिप्त समाचार

हवा में तबाह होंगी दुश्मनों की मिसाइलें

नई दिल्ली। रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) ने देश की रक्षा तैयारियों को और अधिक सुदृढ़ करते हुए एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है। संगठन ने 10 और 11 जून 2026 को लगातार तीन फ्लाइट टेस्ट सफलतापूर्वक संपन्न किए, जिनका उद्देश्य लंबी दूरी की बैलिस्टिक मिसाइलों के खिलाफ मल्टी-लेयर्ड रक्षा क्षमता और मध्यम दूरी की एंटी-शिप क्षमता का प्रदर्शन करना था। डीआरडीओ ने मल्टी-लेयर्ड बैलिस्टिक मिसाइल डिफेंस (बीएमडी) क्षमता का सफल प्रदर्शन किया, जिसमें इंटरसेप्टर मिसाइलों ने अपने निर्धारित लक्ष्यों को सटीकता के साथ भेद दिया। इन सफल परीक्षणों के साथ भारत उन चुनिंदा देशों के समूह में शामिल हो गया है।

खड़े ट्रक से टकराई कार, चार की मौत

नई दिल्ली। दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेसवे पर एक बार फिर तेज गति के कारण एक भीषण सड़क हादसा हो गया। हरियाणा के नूंह जिले में फिरोजपुर झिरका थाना क्षेत्र में शनिवार सुबह हुई इस दर्दनाक घटना में चार लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दो अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को तत्काल उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

अंतरराष्ट्रीय उड़ान को बम से उड़ाने की धमकी

हैदराबाद। जर्मनी के फ्रैंकफर्ट से हैदराबाद आ रही लुफ्थांसा एयरलाइंस की एक अंतरराष्ट्रीय उड़ान को बम से उड़ाने की धमकी मिलने के बाद सुरक्षा एजेंसियां अलर्ट मोड पर आ गई हैं। अधिकारियों को शनिवार को एक ईमेल प्राप्त हुआ, जिसमें विमान में बम होने का दावा किया गया था। धमकी मिलने के बाद विमानन सुरक्षा एजेंसियों और संबंधित अधिकारियों ने मामले को गंभीरता से लेते हुए जांच की।

16 जून 2026 से ही प्रारंभ होगा शैक्षणिक सत्र 2026-27

रायपुर। राज्य की सभी सरकारी और निजी शालाओं में शैक्षणिक सत्र 2026-27 का विधिवत संचालन 16 जून (मंगलवार) से प्रारंभ किया जाएगा। स्कूल शिक्षा विभाग ने स्पष्ट किया है कि इस संबंध में सोशल मीडिया के विभिन्न माध्यमों पर प्रसारित की जा रही यह सूचना कि शैक्षणिक सत्र 01 जुलाई 2026 से प्रारंभ होगा, पूर्णतः असत्य, भ्रामक तथ्यों से परे एवं फर्जी है। लोक शिक्षण संचालनालय द्वारा स्पष्ट किया गया है कि विद्यालयों के संचालन की अधिकृत तिथि 16 जून 2026 ही है। अतः विद्यार्थियों, अभिभावकों एवं आम नागरिकों से अपील की जाती है कि वे केवल विभाग द्वारा जारी आधिकारिक सूचनाओं पर ही विश्वास करें तथा सोशल मीडिया पर प्रसारित अपुष्ट एवं भ्रामक जानकारी पर ध्यान न दें।

राज्यसभा सदस्य सुधा मूर्ति की पुस्तक का विमोचन

लंदन। राज्यसभा सदस्य सुधा मूर्ति की नयी पुस्तक का लंदन में स्थित भारतीय विद्या भवन में लोकार्पण किया गया। इस पुस्तक में भारतीय संसद में सुसज्जित कुछ प्रतिष्ठित भित्तिचित्रों के पीछे के इतिहास का वर्णन किया गया है। लोकसभा सचिवालय ने 'टाइड्स ऑफ टाइम : भारत हिस्ट्री थ्रू म्यूरल्स इन पार्लियामेंट' नामक यह पुस्तक प्रकाशित की है और ब्रिटेन में भारत के उच्चायुक्त पी. कुमारन ने इसका विमोचन किया।

फ्रांस से पीएम मोदी का वैश्विक निवेशकों को संदेश- भारत आइए, दुनिया के लिए समाधान बनाइए


भारत अब तकनीक का उपभोक्ता नहीं बल्कि समाधान देने वाला देश: मोदी

» पीएम मोदी ने वैश्विक निवेशकों और उद्यमियों को भारत में निवेश और साझेदारी का खुला निमंत्रण दिया

» भारत को तकनीक अपनाने वाले देश से तकनीक देने वाले देश के रूप में प्रस्तुत किया गया

» आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, डीप-टेक और अनुसंधान के क्षेत्र में भारत-फ्रांस सहयोग पर जोर

» फ्रांसीसी राष्ट्रपति मैक्रों ने भारत को 'इनोवेशन का देश' बताते हुए 'मेक इन इंडिया' अभियान की सराहना की



भारत आइए, हमारे साथ मिलकर काम कीजिए

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि भारत दुनिया के लिए अवसरों की नई भूमि बनकर उभरा है। उन्होंने कहा, मैं हर निवेशक और उद्यमी को आमंत्रित करता हूं कि वे भारत आएं, हमारे साथ मिलकर काम करें। भारत में डिजाइन करें, भारत में विकास करें और दुनिया के लिए समाधान तैयार करें। प्रधानमंत्री ने स्पष्ट किया कि भारत केवल विदेशी निवेश आकर्षित करने तक सीमित नहीं है, बल्कि वह दीर्घकालिक साझेदारी, संयुक्त अनुसंधान और तकनीकी सहयोग को प्राथमिकता देता है। उनका कहना था कि भविष्य का वैश्विक विकास सहयोग और नवाचार पर आधारित होगा और भारत इस दिशा में अग्रणी भूमिका निभाने के लिए तैयार है।

नई दिल्ली/नीस

फ्रांस के नीस शहर में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने भारत इनोवेट्स 2026 का संयुक्त उद्घाटन किया।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने यूरोप दौरे की शुरूआत फ्रांस से करते हुए दुनिया के निवेशकों और तकनीकी विशेषज्ञों को भारत आने का आमंत्रण दिया। फ्रांस के नीस शहर में आयोजित भारत इनोवेट्स 2026 कार्यक्रम में प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत आज केवल एक विशाल बाजार नहीं, बल्कि दुनिया की समस्याओं के समाधान प्रस्तुत करने वाला देश बन चुका है। उन्होंने कहा कि भारत का नवाचार मॉडल केवल देश की आवश्यकताओं तक सीमित नहीं है, बल्कि वैश्विक चुनौतियों का समाधान देने की क्षमता रखता है। प्रधानमंत्री ने निवेशकों, शोधकताओं और स्टार्टअप जगत से जुड़े लोगों से भारत में साझेदारी करने का आह्वान किया। प्रधानमंत्री मोदी ने अपने संबोधन में भारत की तकनीकी यात्रा का उल्लेख करते हुए कहा कि लगभग दस वर्ष पहले दुनिया भारत को केवल तकनीक अपनाने वाले देश के रूप में देखती थी। लेकिन आज परिस्थितियां बदल चुकी हैं। उन्होंने कहा कि डिजिटल भुगतान, अंतरिक्ष विज्ञान, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, सेमीकंडक्टर, ड्रोन तकनीक और स्टार्टअप इकोसिस्टम जैसे क्षेत्रों में भारत ने उल्लेखनीय प्रगति की है। अब भारत दुनिया को तकनीकी समाधान देने वाले देशों की अग्रिम पंक्ति में खड़ा है। प्रधानमंत्री के अनुसार भारत का लक्ष्य केवल आर्थिक विकास नहीं, बल्कि ऐसी तकनीक विकसित करना है जो मानवता के लिए उपयोगी साबित हो और विश्व के सामने मौजूद चुनौतियों का समाधान दे सके। कार्यक्रम में फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों भी मौजूद रहे। दोनों नेताओं ने संयुक्त रूप से कार्यक्रम का उद्घाटन किया और भविष्य में भारत-फ्रांस तकनीकी सहयोग को और मजबूत बनाने पर सहमति जताई। प्रधानमंत्री मोदी और राष्ट्रपति मैक्रों के बीच द्विपक्षीय वार्ता में रक्षा, तकनीक, जलवायु परिवर्तन, कृत्रिम बुद्धिमत्ता, शिक्षा और अनुसंधान जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा होने की संभावना है। विशेषज्ञों के अनुसार दोनों देशों के बीच बढ़ता सहयोग वैश्विक रणनीतिक संतुलन और आर्थिक विकास की दृष्टि से भी महत्वपूर्ण माना जा रहा है। फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए भारत को ह्यइनोवेशन का देशह्व बताया। उन्होंने कहा कि भारत और फ्रांस के बीच आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, जलवायु परिवर्तन और अत्याधुनिक तकनीकों के क्षेत्र में मजबूत साझेदारी विकसित हो रही है।

मैक्रों ने मेक इन इंडिया अभियान की प्रशंसा करते हुए कहा कि फ्रांस विभिन्न क्षेत्रों में इस पहल का सक्रिय भागीदार रहा है और भविष्य में भी यह सहयोग जारी रहेगा।

भारत इनोवेट्स 2026 बना वैश्विक मंच

भारत इनोवेट्स 2026 कार्यक्रम भारत सरकार की एक महत्वपूर्ण पहल है, जिसका उद्देश्य भारतीय डीप-टेक स्टार्टअप्स, अनुसंधान संस्थानों और नवाचार आधारित उद्यमों को वैश्विक पहचान दिलाना है। इस मंच के माध्यम से भारत दुनिया के निवेशकों, तकनीकी कंपनियों और अनुसंधान संगठनों को एक साझा मंच प्रदान कर रहा है, जहां नई तकनीकों, नवाचारों और भविष्य की संभावनाओं पर चर्चा की जा सके। विशेषज्ञों का मानना है कि यह कार्यक्रम भारत को वैश्विक नवाचार केंद्र के रूप में स्थापित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित हो सकता है।

मुरैना रेल हादसा: अफवाह बनी मौत का कारण

दूसरी पटरी पर आ रही ट्रेन की चपेट में आने से चार लोगों की मौत

» आग की अफवाह से मची अफरा-तफरी



मुरैना

मध्य प्रदेश के मुरैना जिले में रविवार को एक दर्दनाक रेल हादसा हो गया। खजुराहो-उदयपुर इंटरसिटी एक्सप्रेस में आग लगने की अफवाह फैलने के बाद कई यात्री घबराकर ट्रेन से नीचे उतर गए। इसी दौरान समीप की पटरी पर तेज गति से आ रही पातालकोट एक्सप्रेस की चपेट में आने से चार लोगों की मौत हो गई।

जानकारी के अनुसार, इंटरसिटी एक्सप्रेस मुरैना से धौलपुर की ओर जा रही थी। हेतमपुर स्टेशन के निकट ट्रेन के एक डिब्बे में आग लगने की अफवाह फैल गई। अफवाह सुनते ही यात्रियों में अफरा-तफरी मच गई और कई लोग अपनी जान बचाने के लिए ट्रेन से उतरकर दूसरी पटरी की ओर चले गए। यात्रियों के पटरी पर उतरने के दौरान विपरीत दिशा से पातालकोट एक्सप्रेस गुजर रही थी। अचानक सामने ट्रेन आने से कुछ यात्रियों को संभलने का मौका नहीं मिला और वे उसकी चपेट में आ गए। हादसे में तीन महिलाओं और एक बच्चे की मौत हो गई। रेलवे अधिकारियों के अनुसार, जनरल डिब्बे में किसी यात्री द्वारा आपातकालीन जंजीर खींचे जाने के कारण ट्रेन मार्ग के बीच में रुक गई थी। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि ट्रेन रुकने के बाद कुछ यात्री नीचे उतर गए और दूसरी पटरी पर पहुंच गए, जहां यह दुर्घटना हुई।

मृतकों की पहचान

प्रशासन ने मृतकों की पहचान आफरीन (३५ वर्ष), अशद (४ वर्ष), शकुंतला (६० वर्ष) तथा वीरमा देवी (५८ वर्ष) के रूप में की है। इनमें दो महिलाएं और एक बच्चा आगरा के निवासी थे, जबकि एक महिला बीकानेर की रहने वाली थीं।

घटना की सूचना मिलते ही रेलवे, रेल सुरक्षा बल, सरकारी रेल पुलिस तथा स्थानीय प्रशासन की टीमें मौके पर पहुंच गईं। राहत एवं बचाव कार्य तत्काल शुरू कर दिया गया।

क्रैश होने के तुरंत बाद विमान में लगी भीषण आग

» जोरहाट में वायुसेना का विमान दुर्घटनाग्रस्त, पांच जवान बलिदान



जोरहाट/असम

भारतीय वायुसेना (आईएफ) का एक एएन-32 परिवहन विमान शनिवार को असम के जोरहाट स्थित रौरिया एयरफोर्स स्टेशन पर दुर्घटनाग्रस्त हो गया। हादसे में वायु सेना के पांच कर्मियों का सर्वोच्च बलिदान हो गया। विमान लैंडिंग के दौरान हादसे का शिकार हुआ, जिसके बाद उसमें आग लग गई।

भारतीय वायुसेना की ओर से सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर जारी आधिकारिक बयान में कहा गया है कि भारतीय वायु सेना को असम के जोरहाट में एएन-32 विमान दुर्घटना में अपने पांच कर्मियों के निधन पर गहरा दुख है। हादसे में स्क्वाड्रन लीडर प्रशांत सिंह, फ्लाइट लेफ्टिनेंट शुभम कुमार, सार्जेंट जितेंद्र शर्मा, अग्निवीरवायु खेमाराम कुमावत और अग्निवीरवायु दानिश आलम ने कर्तव्य का पालन करते हुए सर्वोच्च बलिदान दिया। भारतीय वायु सेना शोक संतप्त परिवारों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त करती है और दुख की इस घड़ी में उनके साथ मजबूती से खड़ी है। दुर्घटना के बाद एयरबेस क्षेत्र में आग की ऊंची लपटें और घना धुआं देखा गया। बताया जा रहा है कि दुर्घटनाग्रस्त विमान वायुसेना की 43वीं स्क्वाड्रन से संबंधित था और नियमित सैन्य उड़ान पर था। विमान का उपयोग सैन्य सामग्री और रसद के परिवहन के लिए किया जाता है। सूत्रों के मुताबिक, विमान निर्धारित रनवे पर सुरक्षित लैंडिंग नहीं कर सका और एयरबेस के घास एवं उबड़-खाबड़ हिस्से में उतर गया। लैंडिंग के दौरान जोरदार धमाका होने के बाद विमान में आग लग गई और वह दो हिस्सों में बंट गया। हादसे के तुरंत बाद एयरबेस पर मौजूद फायर ब्रिगेड और आपातकालीन बचाव दल मौके पर पहुंचे तथा आग पर काबू पा लिया।

बैलाडीला क्षेत्र का मामला

57 वैगनों की मालगाड़ी में जोड़े 2 अवैध वैगन और पार किया करोड़ों का लोहा

दंतेवाड़ा

जिले में स्थित बैलाडीला की पहाड़ियों से लौह अयस्क की चोरी और अवैध परिवहन की खबरें तो सालों से सुर्खियां बनती रही हैं, लेकिन इस बार ऐसा सनसनीखेज मामला उजागर हुआ है, जिसने नेशनल मिनरल डेवलपमेंट कॉरपोरेशन (एनएमडीसी), भारतीय रेलवे और समूचे सरकारी निगरानी तंत्र पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। हाल ही में विजिलेंस की टॉप-सीक्रेट जांच में हैरान करने वाला सच सामने आया है।

बैलाडीला से रवाना हुई 57 वैगनों की स्वीकृत मालगाड़ी में फर्जी तरीके से 2 अतिरिक्त वैगन जोड़ दिए गए। उनमें करोड़ों रुपए का कीमती लौह अयस्क भरकर सैकड़ों किमी दूर रवाना कर दिया गया। इस घोटाले की भनक तक सिस्टम को नहीं लगी। मामला खुलने के बाद एक छोटे कर्मचारी को बर्खास्त कर दिया गया। 5 बड़े अफसरों और 3 अन्य कर्मचारियों की पदोन्नति और वेतनवृद्धि पर तत्काल प्रभाव से रोक लगा दी गई है। मामला अक्टूबर 2025 का है। बचेली व किरंदुल लोडिंग प्लांट से रोजाना की तरह 57 वैगनों की रैक स्वीकृत की गई थी, लेकिन शातिर सिंडिकेट ने इसमें चोरी-छिपे 2 अतिरिक्त वैगन जोड़ दिए। विजिलेंस की टीम ने जब डिजिटल लॉग और भौतिक रिकॉर्ड खंगाले, तो घोटाला शत-प्रतिशत सच साबित हुआ। इसके बाद तत्काल कार्रवाई करते हुए उस वक्त नंबर टेकर के पद पर तैनात कर्मचारी एम. नागेश्वर राव को नौकरी से बर्खास्त कर दिया गया। सलिस पाए गए 5 राजपत्रित अधिकारियों और 3 कर्मचारियों की भविष्य की पदोन्नति और सालाना इंक्रीमेंट को फ्रीज (रोक) कर दिया गया है।

अब तक हमको ऐसी कोई सूचना नहीं दी है। फिर जांच कैसे करेंगे। पहले पता करेंगे कि मामला क्या है?

ललित ओरा, डीआरएम, विशाखापट्टनम

---

15 जुलाई से जल्द और आसानी से बुक होंगे टिकट

नई दिल्ली

15 जुलाई से आईआरसीटीसी से टिकट बुक करना आसान हो जाएगा। इसकी घोषणा रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने की है। नई वेबसाइट का उद्देश्य यात्रियों को जल्द और आसानी से ऑनलाइन टिकट बुक करना है। मौजूदा समय टिकट बुकिंग के दौरान वेबसाइट सर्वर में अधिक दबाव होने की वजह से धीमा हो जाता है। लगातार इस तरह शिकायतें सामने आ रही हैं। इन्हीं समस्याओं को दूर करने के लिए रेलवे ने वेबसाइट को पूरी तरह अपग्रेड करने का फैसला किया है। हाल ही में रेल मंत्री ने कहा कि रेलवे की डिजिटल सर्विस को मार्डन बनाने की दिशा में यह एक महत्वपूर्ण कदम है।

नई वेबसाइट में टिकट बुकिंग, पीएनआर स्टेटस, सीट उपलब्धता, ट्रेन सर्च और पेमेंट जैसी सर्विस को अधिक आसान और सरल बनाया जाएगा। इसके साथ ही सुरक्षा को भी मजबूत किया जाएगा, जिससे फर्जी बुकिंग और साइबर धोखाधड़ी अपराधों से बचा जा सके।

नई वेबसाइट मौजूदा प्लेटफॉर्म की तुलना में अधिक बेहतर होगी। एक साथ बड़ी संख्या में यात्रियों की टिकट बुकिंग में सर्वर धीमा नहीं होगा। विशेष रूप से तत्काल टिकट बुकिंग के समय यात्रियों को होने वाली परेशानियों को ध्यान में रखते हुए इस अपग्रेट किया जा रहा है।



अश्विनी वैष्णव, रेल मंत्री

बंगाल सरकार का फैसला: स्कूलों से तुरंत हटेंगे पढ़ाई में बाधा बन रहे केंद्रीय बल, जिला प्रशासनों को निर्देश

कोलकाता

पश्चिम बंगाल सरकार ने जिला प्रशासनों को एक बड़ा निर्देश जारी किया है। इसके तहत चुनाव के बाद भी स्कूलों में ठहरे केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल के जवानों को तुरंत वहां से हटाने के लिए कहा गया है। एक अधिकारी ने रविवार को बताया कि यह फैसला शैक्षणिक संस्थानों में सामान्य कामकाज सुनिश्चित करने के लिए लिया गया है।

स्कूल शिक्षा विभाग ने हाल ही में जिलाधिकारियों और कोलकाता पुलिस कमिश्नर को एक पत्र भेजा है। इस पत्र में साफ कहा गया है कि गर्मी की छुट्टियों के बाद एक जून से स्कूलों में कक्षाएं फिर से शुरू हो चुकी हैं। ऐसे में चुनाव ड्यूटी के लिए तैनात केंद्रीय बलों की ओर से शैक्षणिक संस्थानों पर कब्जा बनाए रखने का अब कोई औचित्य नहीं है। विभाग के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि चुनावी प्रक्रिया खत्म होने के बावजूद राज्य भर के लगभग 165 स्कूलों में अब भी सीएपीएफ के जवान मौजूद हैं। स्कूल परिसरों में सुरक्षाकर्मियों की लगातार मौजूदगी के कारण शिक्षण और सीखने की सामान्य गतिविधियां बुरी तरह प्रभावित हो रही थीं। शिक्षा विभाग के अधिकारी ने न्यूज एजेंसी पीटीआई को बताया कि शैक्षणिक संस्थानों को सामान्य रूप से चलने दिया जाना चाहिए। जिला प्रशासनों को निर्देश दिया गया है कि वे सीएपीएफ के लिए गैर-शैक्षणिक सरकारी भवनों में वैकल्पिक व्यवस्था करें।



शराब में जहर की मिलावट या कुछ और...!

एक ही गांव में 8 लोगों की रहस्यमयी मौत, अब जमीन से शव निकालकर जांच

ग्रामीणों ने इस कांड में किराना दुकानदार की भूमिका होने के लगाए आरोप



रायपुर

बलौदाबाजार जिले के कसडोल थाना क्षेत्र के गांव खर्वे में लगातार हुई आठ लोगों की रहस्यमयी मौतों से हड़कंप मच गया है। मौत की वजह जानने के लिए पुलिस ने एक शव को जमीन से निकालकर वैज्ञानिक परीक्षण के लिए भेज दिया है।

ग्रामीणों ने इस कांड में एक किराना दुकानदार की भूमिका होने के आरोप लगाए हैं। आरोप है कि दुकानदार द्वारा कथित तौर शराब में जहर मिलाकर पिलाने से मौतें हुई हैं। पुलिस के अनुसार, ग्राम खर्वे में कुछ ही महीनों के भीतर अलग-अलग समय पर आठ लोगों की असामान्य परिस्थितियों में जान चली गई। शुरुआत में घटनाओं को सामान्य माना गया, लेकिन लगातार सामने आए मामलों ने ग्रामीणों को संदेह में डाल दिया। लिहाजा प्रशासनिक अधिकारियों की मौजूदगी में दफन शवों को बाहर निकाला जा रहा है। चिकित्सकीय विशेषज्ञों और फॉरेंसिक दल शेष पेज 7 पर

ग्रामीणों की शिकायत के आधार पर मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है। दफन शवों का परीक्षण कराया जा रहा है और वैज्ञानिक साक्ष्य जुटाए जा रहे हैं। रिपोर्ट प्राप्त होने के बाद तथ्यों के आधार पर आगे की वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

ओपी शर्मा, प्रभारी एसपी, बलौदा बाजार

इंडियन आर्मी के ड्रेस रेगुलेशन में बदलाव

आर्मी की यूनिफॉर्म सूची में शामिल हुईं नई ड्रेस

नई दिल्ली

इंडियन आर्मी के ड्रेस रेगुलेशन में बदलाव किया गया है। आर्मी की अलग अलग वक्त में पहने जाने वाली यूनिफॉर्म में कुछ नई ड्रेस जोड़ी गई हैं। सेरिमोनियल विंटर ड्रेस में अब एक ड्रेस जवानों और अधिकारियों की एक जैसी होगी। अधिकारियों के लिए नई विंटर जैकेट भी यूनिफॉर्म में शामिल की गई है।

नए ड्रेस रेगुलेशन में विंटर जैकेट शामिल: ड्रेस रेगुलेशन में 3 बी नाम से विंटर ड्रेस जुड़ी है। इसमें विंटर जैकेट शामिल है। इस तरह का विंटर जैकेट अभी एयरफोर्स और नेवी की यूनिफॉर्म में है। अब आर्मी की यूनिफॉर्म में भी इसे शामिल किया गया है। ये पीस स्टेशन के लिए होगा क्योंकि फील्ड स्टेशन में पूरे सारे कॉम्बेट यूनिफॉर्म ही पहनी जाती है।



कई सालों पहले उठी थी यह मांग: आर्मी में अलग अलग ड्रेस की ज्यादा संख्या को देखते हुए कई साल पहले ड्रेस की संख्या कम की गई थी लेकिन अब फिर ड्रेस की संख्या बढ़ा दी गई है। कई बार ये सवाल उठ चुका है कि ड्रेस की संख्या कम करने की जरूरत है क्योंकि इतनी सारी ड्रेस को मेंटेन करना आसान नहीं।

विंटर सेरिमोनियल के लिए जोड़ी गई ये ड्रेस

कॉम्बेट यूनिफॉर्म में भी 7 ए नाम से नई ड्रेस जुड़ी है। इसमें टी-शर्ट शामिल है। 7 ए यूनिफॉर्म सर्दियों का कॉम्बेट जैकेट है। विंटर सेरिमोनियल में अधिकारियों के लिए 1 सी नाम से नई ड्रेस जोड़ी गई है। अब तक यह ड्रेस जवानों और जेसीओ के लिए होती थी। अब इसे ऑफिसर्स के लिए शामिल किया गया है।

भारतीय सेना को मिले 481 नए अधिकारी

देहरादून

भारतीय सेना के लिए एक सुखद देहरादून की भारतीय सैन्य अकादमी (आईएमए) से आई। यहां देशभक्ति, अनुशासन और गौरव के अद्भुत संगम दिखाइ दिया। 158वीं पासिंग आउट परेड (पीओपी) के दौरान कठोर सैन्य प्रशिक्षण पूरा कर 481 कैडेट भारतीय सेना में अधिकारी बन गए। इसके साथ ही 16 मित्र देशों के 34 विदेशी कैडेटों ने भी अपना प्रशिक्षण सफलतापूर्वक पूरा कर अपने-अपने देशों की सेनाओं में शामिल होने की दिशा में कदम बढ़ाया। इस बार की पासिंग आउट परेड कई मायनों में ऐतिहासिक रही।



सेना में पहली बार 9 महिला कैडेट बनीं अफसर

पहली बार भारतीय सैन्य अकादमी से प्रशिक्षण प्राप्त कर 9 महिला कैडेट भी सैन्य अधिकारी बनीं। पासिंग आउट परेड की मुख्य अतिथि राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू रहीं। राष्ट्रपति ने अकादमी पहुंचकर परेड का निरीक्षण किया और नवोदित सैन्य अधिकारियों की सलामी ली। इस अवसर पर उत्तराखंड के राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल (सेवानिवृत्त) गुरमीत सिंह, मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी, कैडेटों के परिजन तथा बड़ी संख्या में आमंत्रित अतिथि मौजूद रहे।

भामाशाह जयंती पर शक्ति प्रदर्शन: शिवमंगल राठौर बोले-पार्टी ने मौका दिया तो भोजीपुरा में खिलाऊंगा कमल

भव्य आयोजन में हजारों लोगों की मौजूदगी, सांसद छत्रपाल सिंह गंगवार ने बताया भामाशाह को राष्ट्रभक्ति और त्याग का प्रतीक

जागरण मोर्चा कार्यालय



भोजीपुरा। दानवीर भामाशाह की जयंती के अवसर पर भाजपा नेता एवं भोजीपुरा विधानसभा क्षेत्र से संभावित उम्मीदवार शिवमंगल राठौर द्वारा एक सत्संग भवन में भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में क्षेत्रभर से हजारों की संख्या में लोग पहुंचे। इस दौरान ग्राम प्रधानों, बीडीसी सदस्यों एवं विभिन्न सामाजिक कार्यकर्ताओं को सम्मानित भी किया गया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि बरेली सांसद छत्रपाल सिंह गंगवार रहे। उन्होंने अपने संबोधन में दानवीर भामाशाह के जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि भामाशाह केवल दानवीर ही नहीं, बल्कि राष्ट्रभक्ति, त्याग और समर्पण के अद्वितीय प्रतीक थे। उन्होंने अपना सर्वस्व समाज और राष्ट्र के लिए समर्पित कर दिया था। उनके आदर्श आज भी समाज को प्रेरणा देते हैं।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए भाजपा नेता शिवमंगल राठौर ने कहा कि वह भाजपा के एक सच्चे और समर्पित कार्यकर्ता हैं। उन्होंने कहा कि यदि पार्टी नेतृत्व उन्हें भोजीपुरा विधानसभा से चुनाव लड़ने का अवसर देता है तो वह भाजपा को यह सीट जीताकर दिखाएंगे।

राठौर ने क्षेत्र के विकास संबंधी मुद्दों को उठाते हुए मौजूदा विधायक पर निशाना साधा। उन्होंने आरोप लगाया कि भोजीपुरा विधानसभा क्षेत्र में विकास कार्यों की रफ्तार धीमी है और जनता बुनियादी सुविधाओं के लिए परेशान है। उन्होंने कहा कि वर्तमान विधायक अक्सर सरकार पर सहयोग न करने का आरोप लगाते हैं, जबकि सरकार क्षेत्र के विकास के लिए प्रतिबद्ध है।

उन्होंने विशेष रूप से भोजीपुरा-रिठौरा मार्ग का मुद्दा उठाते हुए कहा कि यह सड़क वर्षों से जर्जर अवस्था में है। सड़क निर्माण का बजट स्वीकृत हो चुका है, लेकिन कार्य शुरू नहीं कराया जा रहा। उन्होंने दावा किया कि क्षेत्र के विकास और जनसमस्याओं के समाधान को उनकी प्राथमिकता में रखा जाएगा। कार्यक्रम के दौरान भाजपा कार्यकर्ताओं और समर्थकों में उत्साह का माहौल देखने को मिला। बड़ी संख्या में लोगों की मौजूदगी को राजनीतिक दृष्टि से भी महत्वपूर्ण माना जा रहा है।

सार संक्षेप



अलखनाथ मंदिर परिसर में देर रात मिली नाबालिग, अधिकार मित्र की सतर्कता से सुरक्षित परिजनों तक पहुंची

बरेली। देर रात करीब एक बजे अलखनाथ मंदिर परिसर में एक नाबालिग लड़की अकेली बैठी रोती हुई मिली। मंदिर के पुजारी की नजर बच्ची पर पड़ी तो उन्होंने तत्काल अधिकार मित्र सपना द्विवेदी को इसकी सूचना दी। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंचीं सपना द्विवेदी ने बच्ची से बातचीत कर उसकी स्थिति समझी। पूछताछ में सामने आया कि घरेलू विवाद से परेशान होकर वह बिना बताए घर से निकल आई थी। रात अधिक होने और सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए अधिकार मित्र ने बच्ची को अपने संरक्षण में रखा और पूरे मामले की जानकारी किला चौकी पुलिस को दी। इसके बाद थाना किला में एसआई प्रियंका खरे एवं महिला आरक्षी अनीता की मौजूदगी में आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी की गई। परिजनों को बुलाकर बच्ची को सुरक्षित उनके सुपुर्द कर दिया गया। परिजनों ने बच्ची के सकुशल मिलने पर राहत की सांस ली और पुलिस व अधिकार मित्र का आभार जताया। इस पूरी कार्रवाई में पुलिस की संवेदनशीलता और अधिकार मित्र की तत्परता सराहनीय रही, जिससे एक नाबालिग बच्ची को सुरक्षित माहौल में वापस उसके परिवार तक पहुंचाया जा सका।

बरेली–बदायूं रोड पर डंपर में पीछे से घुसी कार

बरेली। बदायूं रोड पर देवचरा क्षेत्र में रविवार को एक बड़ा हादसा होते-होते टल गया। यहां एक कार पीछे से डंपर में जा घुसी। बताया जा रहा है कि कार चालक को अचानक नींद की झपकी आ जाने के कारण वाहन अनियंत्रित हो गया और यह दुर्घटना हुई। हादसे में कार का अगला हिस्सा (बोनट) बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। हालांकि राहत की बात यह रही कि कार में सवार सभी लोग पूरी तरह सुरक्षित रहे और किसी को भी चोट नहीं आई। दुर्घटना के बाद कुछ देर के लिए सड़क पर अफरा-तफरी का माहौल बन गया। घटना की सूचना मिलते ही आसपास के लोग मौके पर पहुंच गए और हालात का जायजा लिया। लोगों ने क्षतिग्रस्त कार को सड़क किनारे कर यातायात सुचारु कराया। गनीमत रही कि समय रहते बड़ा हादसा टल गया, जिससे जनहानि नहीं हुई।

गैंगस्टर एक्ट का वांछित आरोपी गिरफ्तार



बरेली। अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत शीशगढ़ पुलिस ने गैंगस्टर एक्ट में वांछित एक आरोपी को गिरफ्तार कर बड़ी सफलता हासिल की है। पुलिस ने रविवार को लंबे समय से फरार चल रहे मुसीर को दबोचकर न्यायालय में पेश किया, जहां से उसके खिलाफ आगे की कानूनी कार्रवाई की गई। पुलिस जांच में खुलासा हुआ कि मुसीर और उसका साथी मुकीम संगठित तरीके से चोरी की वारदातों को अंजाम देते थे। दोनों ने मिलकर एक गिरोह बना रखा था, जो क्षेत्र के प्राथमिक विद्यालयों और पंचायत भवनों को निशाना बनाता था। गिरोह स्कूलों और पंचायत घरों से स्मार्ट टीवी, रसोई के बर्तन और बिजली ट्रांसफार्मरों का तेल चोरी कर अवैध रूप से बेचता था। लगातार सामने आ रही चोरी की घटनाओं और गिरोह की सक्रियता को देखते हुए पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ गैंग चार्ट तैयार किया और गैंगस्टर एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया। रविवार को वरिष्ठ उपनिरीक्षक धर्मेंद्र सिंह अपनी टीम के साथ क्षेत्र में गश्त कर रहे थे। इसी दौरान मुखबिर से सूचना मिली कि मुसीर कस्बा शीशगढ़ के बरेली अड्डे के पास मौजूद है। सूचना मिलते ही पुलिस टीम ने घेराबंदी कर अंग्रेजी शराब के ठेके के सामने से आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस रिकॉर्ड के मुताबिक गिरफ्तार आरोपी मुसीर के खिलाफ शीशगढ़ थाने में चोरी और अन्य गंभीर अपराधों से जुड़े कई मुकदमे दर्ज हैं।

बहेड़ी में लूट का खुलासा : मुठभेड़ के बाद दो शातिर लुटेरे गिरफ्तार

पुलिस पर फायरिंग, जवाबी कार्रवाई में एक बदमाश घायल; लूटी बाइक, मोबाइल और हथियार बरामद

जागरण मोर्चा कार्यालय



बरेली। बहेड़ी पुलिस ने बाइक और मोबाइल लूट की घटना का खुलासा करते हुए दो शातिर बदमाशों को पुलिस मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार किया है। आरोपियों के कब्जे से लूटी गई मोटरसाइकिल, मोबाइल फोन, दो अवैध तमंचे और कारतूस बरामद किए गए हैं। मुठभेड़ के दौरान एक बदमाश के पैर में गोली लगने से वह घायल हो गया।

पुलिस के अनुसार 4 जून 2026 की शाम वीरपाल पुत्र अमर सिंह निवासी उदेलापुर, थाना बहेड़ी अपनी ससुराल से लौट रहे थे। रात करीब साढ़े सात बजे जब वह ग्राम मिन्नतपुर के पास पहुंचे, तभी पीछे से बाइक पर आए दो युवकों ने उनकी बाइक रोक ली और मोटरसाइकिल व मोबाइल फोन लूटकर फरार हो गए। पीड़ित की तहरीर पर थाना बहेड़ी में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की गई थी।

घटना के खुलासे के लिए पुलिस टीम लगातार प्रयास कर रही थी। इसी क्रम में 13 जून की रात देवीपुरा बाजार के पास पुलिस संदिग्ध व्यक्तियों और वाहनों की चेकिंग कर रही थी। तभी मुड़िया नवाब बख्श की ओर से एक मोटरसाइकिल पर दो युवक आते दिखाई दिए। पुलिस ने उन्हें रुकने का इशारा किया, लेकिन दोनों घबराकर भागने लगे। कुछ दूर जाकर उनकी बाइक फिसलकर गिर गई।

पुलिस के मुताबिक खुद को घिरता देख बदमाशों ने पुलिस टीम पर जान से मारने की नीयत से फायरिंग कर दी। जवाबी कार्रवाई में करन मौर्य के पैर में गोली लग गई, जबकि दूसरा आरोपी भी मौके पर दबोच लिया गया। घायल आरोपी को उपचार के लिए अस्पताल भेजा गया। गिरफ्तार अभियुक्तों की पहचान करन मौर्य (22 वर्ष) और ओमकार (23 वर्ष) निवासी थाना बहेड़ी के रूप में हुई है। पूछताछ में दोनों ने स्वीकार किया कि उन्होंने 4 जून को ग्राम मिन्नतपुर के पास एक युवक से बाइक और मोबाइल लूटा था। पहचान छिपाने के लिए बाइक की नंबर प्लेट भी उतारकर फेंक दी थी।

पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से लूटी गई मोटरसाइकिल, एक मोबाइल फोन, दो तमंचे, दो जिंदा कारतूस और एक खोखा कारतूस बरामद किया है। पुलिस ने दोनों के खिलाफ लूट, पुलिस पर फायरिंग और आर्म्स एक्ट की धाराओं में मुकदमा दर्ज कर न्यायालय में पेश करने की कार्रवाई शुरू कर दी है।पुलिस अधिकारियों का कहना है कि गिरफ्तार बदमाशों के आपराधिक इतिहास की भी जांच की जा रही है। क्षेत्र में अपराधियों के खिलाफ अभियान आगे भी जारी रहेगा। सीओ अरुण कुमार ने बताया कि पुलिस में मोबाइल और बाइक लूट के दो आरोपियों को मुठभेड़ में गिरफ्तार किया है। मुठभेड़ में एक बदमाश पुलिस की गोली लगने से घायल हुआ है जबकि दूसरे अभियुक्त को पुलिस ने घेरकर गिरफ्तार कर लिया।

बरेली में अपराधियों पर बड़ी कार्रवाई: 12 शातिर बदमाशों की क्लास-B हिस्ट्रीशीट खुली



जागरण मोर्चा कार्यालय

बरेली। जिले में कानून-व्यवस्था को मजबूत करने के लिए बरेली पुलिस ने सख्त कदम उठाते हुए 12 शातिर अपराधियों की क्लास-B हिस्ट्रीशीट खोल दी है। यह कार्रवाई वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अनुराग आर्य के निर्देशन में की गई।

पुलिस के अनुसार सभी अपराधी हत्या, डकैती, गौकशी, रंगदारी, हत्या के प्रयास और वाहन चोरी जैसे गंभीर मामलों में लिप्त रहे हैं। अब इन सभी की गतिविधियों पर लगातार नजर रखी जाएगी। थाना भमोरा क्षेत्र में चार बदमाशों को हिस्ट्रीशीटर बनाया गया है। इनमें सुरकेश पर रंगदारी और हत्या के प्रयास के 17 मुकदमे, मैकूलाल उर्फ माइकल पर वाहन चोरी व चोरी के 9 केस, नूरहसन पर चोरी के 13 मुकदमे और धर्मेंद्र पर डकैती सहित 8 केस दर्ज हैं। थाना देवरनिया में गौकशी से जुड़े चार आरोपियों की हिस्ट्रीशीट खोली गई है। विकार अहमद और महताब पर 9-9 मुकदमे, जबकि चन्दा और उस्मान शाह उर्फ राजा पर 6-6 केस दर्ज हैं।

किला थाना क्षेत्र के आबिद उर्फ बाबू और राशिद तथा सीबीगंज के रहीश को भी गौकशी के मामलों में हिस्ट्रीशीटर घोषित किया गया है। वहीं थाना अलीगंज के राजवीर सिंह पर गौकशी, हत्या और हत्या के प्रयास के कुल 12 मुकदमे दर्ज हैं। एसएसपी ने थाना प्रभारियों को निर्देश दिए हैं कि हिस्ट्रीशीटरों की हर गतिविधि पर पैनी नजर रखी जाए। पुलिस के मुताबिक 12 में से 7 आरोपी गौकशी से जुड़े हैं और यह अभियान आगे भी जारी रहेगा।

रामगंगानगर में चौथे दिन बहाल हो सकी बिजली आपूर्ति, पानी के लिए भी तरस गए थे लोग

बरेली। बरेली में बुधवार रात आई आंधी ने ऐसी तबाही मचाई, जिससे रामगंगानगर के लोग चार दिन तक बिजली-पानी के संकट से जूझे। शनिवार शाम को बिजली आपूर्ति बहाल हो सकी। बरेली जिले में बुधवार को आई आंधी के चार दिन बाद शनिवार को रामगंगानगर की बिजली आपूर्ति बहाल हो सकी। पवन विहार के लोगों ने भी 50 घंटे तक कटौती झेली। भरतौल में साढ़े 53 घंटे बाद आपूर्ति चालू हो सकी। इस दौरान लोग जहां भीषण गर्मी की वजह से परेशान रहे, वहीं उनको जल संकट से भी जूझना पड़ा। इधर, विद्युत निगम के अफसर पहले ही दिन से आपूर्ति सुचारु करने का दावा कर अपनी पीठ खुद ही थपथपाते रहे।

नाबालिग को बहला-फुसलाकर ले जाने का आरोपी गिरफ्तार

जागरण मोर्चा कार्यालय



बरेली। थाना कोतवाली पुलिस ने नाबालिग लड़की को बहला-फुसलाकर ले जाने के मामले में वांछित आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) और पॉक्सो एक्ट की गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज था।

पुलिस के अनुसार 10 जून 2026 को एक महिला ने थाना कोतवाली में शिकायत दर्ज कराई थी कि उसकी नाबालिग बेटी को एक युवक बहला-फुसलाकर अपने साथ ले गया है। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने तत्काल मुकदमा संख्या 285/2026 दर्ज कर जांच शुरू की। जांच के दौरान पुलिस को सूचना मिली कि आरोपी शानू पुत्र स्वर्गीय ललता प्रसाद, निवासी पक्का पुल, रामपुर, महेला आजमनगर स्थित आयुर्वेदिक कॉलेज के पास मौजूद है। सूचना पर पुलिस टीम ने घेराबंदी कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में आरोपी ने लड़की को अपने साथ ले जाने की बात स्वीकार की। पुलिस ने आवश्यक कानूनी कार्रवाई पूरी कर आरोपी को न्यायालय में पेश किया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया। गिरफ्तारी करने वाली टीम में उपनिरीक्षक विक्रम गौतम, हेड कांस्टेबल हरि और कांस्टेबल रोहित कुमार शामिल रहे। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि बरेली पुलिस महिलाओं और नाबालिगों से जुड़े अपराधों के प्रति पूरी तरह सतर्क है और ऐसे मामलों में दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।

आईएएस सौम्या पांडेय ने संभाला बीडीए उपाध्यक्ष का पद

अवैध कॉलोनियों पर सख्ती, विकास कार्यों में तेजी के दिए निर्देश

जागरण मोर्चा कार्यालय



बरेली। 2017 बैच की आईएएस अधिकारी सौम्या पांडेय ने शनिवार को बरेली विकास प्राधिकरण (बीडीए) की उपाध्यक्ष के रूप में पदभार ग्रहण किया। कार्यभार संभालते ही उन्होंने साफ शब्दों में कहा कि शहर में अवैध कॉलोनियों और नियमविरुद्ध निर्माण को किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। ऐसे मामलों में बुलडोजर कार्रवाई लगातार जारी रहेगी। इससे पूर्व कानपुर में अपर श्रमायुक्त के पद पर तैनात रहीं सौम्या पांडेय को आरएफसी बरेली का अतिरिक्त प्रभार भी सौंपा गया है। पदभार ग्रहण करने के बाद उन्होंने बीडीए कार्यालय का निरीक्षण किया और अधिकारियों के साथ बैठक कर प्राधिकरण की योजनाओं एवं विकास परियोजनाओं की विस्तृत समीक्षा की। नई उपाध्यक्ष ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की प्राथमिकता वाली परियोजनाएं, जिनमें रामायण वाटिका और विभिन्न टाउनशिप योजनाएं शामिल हैं, उन्हें तय समयसीमा में हर हाल में पूरा कराया जाएगा। विकास कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही या देरी स्वीकार नहीं की जाएगी। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी योजनाओं की नियमित समीक्षा कर समयबद्ध कार्ययोजना बनाई जाए। सौम्या पांडेय ने बीडीए के अभिलेख कक्ष का भी निरीक्षण किया और विभिन्न योजनाओं की प्रगति रिपोर्ट देखी। उन्होंने पारदर्शिता के साथ नियमों के अनुरूप कार्य करने के निर्देश दिए। नई वीसी के तेवरों से स्पष्ट है कि आने वाले दिनों में बीडीए जहां विकास परियोजनाओं को गति देगा, वहीं अवैध निर्माण और भू-माफियाओं के खिलाफ सख्त कार्रवाई भी तेज करेगा।

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
जागरण मोर्चा
बरेली सिटी से 'जागरण मोर्चा' को चाहिए ऊजार्वान पत्रकार!
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक 'जागरण मोर्चा' बरेली शहर, तहसील एवं ग्रामीण क्षेत्रों में समाचार संकलन के लिए निष्पक्ष, साहसी और ऊजार्वान संवाददाताओं (पत्रकारों) की आवश्यकता है।
संपर्क सूत्र: 7579849555, 9627739857
मिलने का समय: दोपहर 12 से शाम 06 बजे तक
कार्यालय का पता: सी-86, चन्दपुरी, प्रेम नगर (बी-बाजार के सामने), बरेली, उत्तर प्रदेश।



विरोध | अब राजनीति में आने का किया ऐलान

सांप्रदायिकता पर चिंता जताते हुए हेड कांस्टेबल ने दिया इस्तीफा

जागरण मोर्चा कार्यालय



बरेली। उत्तर प्रदेश पुलिस के एक हेड कांस्टेबल द्वारा नौकरी से इस्तीफा देकर राजनीति में आने की घोषणा किए जाने से पुलिस महकमे और राजनीतिक गलियारों में चर्चा तेज हो गई है। बरेली से संबद्ध जीआरपी में तैनात हेड कांस्टेबल मोहम्मद जमशेद ने अपने पद से त्यागपत्र देते हुए देश और प्रदेश में बढ़ती सांप्रदायिकता को इसका प्रमुख कारण बताया है।

जानकारी के अनुसार, मोहम्मद जमशेद ने अपना इस्तीफा वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) बरेली को भेजा है। सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे उनके त्यागपत्र में उन्होंने लिखा है कि पुलिस की वर्दी ने उन्हें हमेशा सम्मान दिया और उन्होंने अपने पूरे सेवाकाल में वर्दी की गरिमा बनाए रखने का प्रयास किया। उन्होंने यह भी कहा कि वह अपनी नौकरी से पूरी तरह संतुष्ट थे, लेकिन वर्तमान सामाजिक परिस्थितियों ने उन्हें नया रास्ता चुनने के लिए प्रेरित किया। अपने पत्र में मोहम्मद जमशेद ने देश और प्रदेश में बढ़ती सांप्रदायिकता पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा है कि समाज में लोगों के बीच दूरियां बढ़ रही हैं और भाईचारे का माहौल प्रभावित हो रहा है।

उनका मानना है कि राजनीति के माध्यम से वह समाज में सौहार्द, समानता और धर्मनिरपेक्ष मूल्यों को मजबूत करने के लिए अधिक प्रभावी ढंग से कार्य कर सकते हैं। हेड कांस्टेबल ने अपने इस्तीफे में स्पष्ट किया है कि वह सच्ची देश सेवा और समाज में आपसी भाईचारा स्थापित करने के उद्देश्य से राजनीति में प्रवेश करना चाहते हैं। उन्होंने कहा कि उनका लक्ष्य लोगों को जोड़ना और समाज में एकता का संदेश फैलाना है।

मोहम्मद जमशेद मूल रूप से मुरादाबाद जनपद के मैनाठेर थाना क्षेत्र स्थित गुरेर गांव के निवासी हैं। वह पूर्व में बरेली के फतेहगंज पूर्वी थाने में तैनात रहे हैं। बीती 22 मार्च को उन्हें जीआरपी में संबद्ध किया गया था, जहां वह वर्तमान में कार्यरत थे। उनके इस्तीफे और राजनीति में आने के फैसले को लेकर पुलिस विभाग, स्थानीय लोगों और राजनीतिक हलकों में विभिन्न प्रकार की चर्चाएं हो रही हैं।

वहीं, सोशल मीडिया पर उनका त्यागपत्र तेजी से वायरल हो रहा है। हालांकि, उनके इस्तीफे पर विभागीय स्तर पर अंतिम निर्णय और औपचारिक स्वीकृति की प्रक्रिया अभी पूरी होना बाकी है।

ब्लॉक के कारण त्रिवेणी एक्सप्रेस समेत 10 ट्रेनों के रूट बदले

बरेली। रेलवे ने त्रिवेणी एक्सप्रेस समेत 10 ट्रेनों के मार्ग बदले हैं। इन ट्रेनों का संचालन 14 से 23 जून तक बदले हुए रूट से किया जाएगा। उधर, सोमवती अमावस्या पर रेलवे दो जोड़ी विशेष ट्रेनों का संचालन करेगा। रेलवे ने लखनऊ स्टेशन पर चल रहे निर्माण कार्य के कारण त्रिवेणी एक्सप्रेस समेत 10 ट्रेनों के मार्ग बदले हैं। इन गाड़ियों का संचालन 14 से 23 जून तक बदले हुए रूट से किया जाएगा। ये ट्रेनें बरेली होकर गुजरती हैं। पूर्वोत्तर रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी सुमित कुमार ने बताया कि 14 से 23 जून तक 15075 शक्तिनगर-टनकपुर त्रिवेणी एक्सप्रेस, 15073 सिंगरौली-टनकपुर त्रिवेणी एक्सप्रेस, 15074 टनकपुर-सिंगरौली त्रिवेणी एक्सप्रेस, 15076 टनकपुर-शक्तिनगर त्रिवेणी एक्सप्रेस, 15127 बनारस-नई दिल्ली एक्सप्रेस, 15128 नई दिल्ली-बनारस एक्सप्रेस, 15119 बनारस-देहरादून एक्सप्रेस, 15120 देहरादून-बनारस एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग आलमनगर, ट्रांसपोर्ट नगर, उतरेटिया के रास्ते चलाई जाएंगी। 15, 18 और 22 जून को 14523 बरौनी-अंबाला एक्सप्रेस, 16, 20 और 23 जून को 14524 अंबाला-बरौनी एक्सप्रेस का संचालन भी परिवर्तित मार्ग से किया जाएगा।

आवश्यकता है

उत्तर प्रदेश के तेजी से बढ़ते अखबार जागरण मोर्चा को मुरादाबाद मंडल और जिला रामपुर में रिपोर्टरों और एजेंसी के लिए लोगों की आवश्यकता है। इसके अतिरिक्त विज्ञापन एंव अखबार के लिए संपर्क करें।

मोबाइल नंबर-
7906815587, 9758444242

संक्षिप्त समाचार

नाबालिग से दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार

जागरण मोर्चा कार्यालय

स्वार। कोतवाली पुलिस ने क्षेत्र की एक नाबालिग लड़की को बहला-फुसलाकर ले जाने और उसके साथ जबरन शारीरिक संबंध बनाने के मामले में मुख्य आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपी को मुंशीगंज तिराहे से टांडा रोड की ओर जाने वाले कच्चे रास्ते से दबोचा। पुलिस ने आरोपी को न्यायालय के समक्ष पेश किया है।कोतवाली क्षेत्र के एक गांव निवासी एक व्यक्ति ने 11 जून को स्वार थाने में तहरीर देकर आरोप लगाया था कि गांव का ही अनिल पुत्र रतन लाल उसकी नाबालिग बेटी को बहला-फुसलाकर ले गया था। बाद में ग्रामीणों के दबाव और हस्तक्षेप के कारण आरोपी ने लड़की को वापस तो कर दिया, लेकिन इस दौरान उसने नाबालिग की मर्जी के खिलाफ उसके साथ जबरन शारीरिक संबंध बनाए।

सरकार की प्राथमिकता जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे: धर्मपाल


प्रभारी मंत्री धर्मपाल सिंह को पौधा भेंट करते डीएम


कार्यक्रम में मौजूद महिलाएं

यह रहे मौजूद कार्यक्रम में भाजपा जिला अध्यक्ष हरीश गंगवार, जिला प्रभारी राजा वर्मा, विधायक राजबाला, पूर्व विधायक ख्यालीराम लोधी, जिलाधिकारी अजय कुमार द्विवेदी,पुलिस अधीक्षक सोमेंद्र मीणा, मुख्य विकास अधिकारी,पूर्व विधायक ज्वाला प्रसाद गंगवार, बीना भारद्वाज, घनश्याम सिंह लोधी, सूर्य प्रकाश पाल, सुनीता सैनी, मोहन लोधी, दीक्षा गंगवार,चित्रक मित्तल, अर्चना गंगवार, टेकचंद गंगवार, अजय बाबू गंगवार, रविंद्र सिंह रवि, अर्जुन रस्तोगी, आकाश सक्सेना, प्रदीप गुप्ता, आशीष गुप्ता, अमित दिवाकर, विक्रम सिंह, गोपाल गुप्ता सहित अनेक जनप्रतिनिधि, अधिकारी पार्टी पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।


>> प्रभारी मंत्री ने एक वृक्ष मां के नाम अभियान के तहत किया वृक्षारोपण

जागरण मोर्चा कार्यालय

रामपुर। उत्तर प्रदेश सरकार के कैबिनेट मंत्री एवं प्रभारी मंत्री धर्मपाल सिंह रविवार को ग्राम धनेली उत्तरी में आयोजित ग्राम चौपाल में प्रतिभाग किया। ग्राम चौपाल का आयोजन भाजपा जिला अध्यक्ष हरीश गंगवार जी के पैतृक गांव धनेली उत्तरी में संपन्न हुआ।

कार्यक्रम का शुभारंभ माननीय मंत्री जी द्वारा "एक वृक्ष मां के नाम" अभियान के अंतर्गत वृक्षारोपण कर किया गया। इसके बाद उन्होंने पशु चिकित्सालय के निर्माण कार्य के लिए भूमि पूजन किया।ग्राम चौपाल के दौरान मंत्री ने ग्रामीणों की समस्याएं एवं सुझाव सुने तथा विभिन्न विभागों की कार्यप्रणाली की समीक्षा की। उन्होंने लेखपाल, सफाई कर्मी, राशन डीलर सहित अन्य विभागीय अधिकारियों एवं कर्मचारियों से शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं के क्रियान्वयन की जानकारी प्राप्त कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।मंत्री ने आशा, एएनएम, सीएचओ एवं आंगनबाड़ी कार्यकताओं से भी संवाद कर स्वास्थ्य एवं पोषण संबंधी योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य, टीकाकरण तथा कुपोषण मुक्ति अभियान को और अधिक प्रभावी ढंग से संचालित किए जाने के निर्देश दिए।इस अवसर पर मंत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार आपकी सरकार आपके द्वार की भावना के साथ कार्य कर रही है। सरकार की प्राथमिकता है कि जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे तथा जनता की समस्याओं का समाधान स्थानीय स्तर पर ही सुनिश्चित किया जाए। अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी पात्र लाभार्थियों को योजनाओं का लाभ समयबद्ध, पारदर्शी एवं प्रभावी तरीके से उपलब्ध कराया जाए।चौपाल में उपस्थित ग्रामीणों ने अपनी विभिन्न समस्याएं एवं सुझाव मंत्री के समक्ष रखे, जिनके त्वरित निस्तारण हेतु संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए गए।कार्यक्रम के समापन पर मंत्री ने ग्राम धनेली उत्तरी स्थित प्राचीन नर्मदेश्वर महादेव मंदिर पहुंचकर भगवान शिव का विधि-विधान से रुद्राभिषेक एवं पूजन-अर्चना किया।

जल्द मुख्यमंत्री करेंगे सद्भाव मंडल का उद्घाटन



जागरण मोर्चा कार्यालय

रामपुर। पनवडिया स्थित नुमाईश ग्राउंड बहुप्रतीक्षित सांस्कृतिक सद्भाव मंडल के उद्घाटन का शुभ शगुन आ गया है।2020 से प्रधानमंत्री जन विकास कार्यक्रम के तहत तत्कालीन केंद्रीय कैबिनेट मंत्री मुख्तार अब्बास नकवी द्वारा शिलान्यास के बाद केंद्र और राज्य सरकार के संयुक्त तत्वावधान में निर्मित भव्य वैंकेट हाल,शापिंग कॉम्प्लेक्स,भव्य आडिटोरियम, गेस्ट हाउस, आर्ट गैलरी, कैफेटेरिया, मिनी सिनेमाघर आदि का निर्माण पूरा हो चुका है।जून के अंतिम सप्ताह या जुलाई के प्रथम सप्ताह में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के करकमलों से शुभारंभ प्रस्तावित है। परिसर के संचालन के लिए रामपुर विकास प्राधिकरण को जिम्मेदारी दी गई है,मंडप उत्तर प्रदेश में अकेला होगा जहां एक ही परिसर में कई वातानुकूलित ऑडिटोरियम, हाल ,ओपेन लान आदि में सामाजिक, सांस्कृतिक, व्यापारिक गतिविधियाँ होंगी, यहां कौशल विकास और दस्तकारों, शिल्पकारों के उत्पादन और प्रदर्शनी के साथ विभिन्न राष्ट्रीय, अंतरराष्ट्रीय सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भी आयोजन हो गा। उक्त परिसर में सैकड़ों वाहनों के सुनियोजित पार्किंग की व्यवस्था भी है।

शाहबाद में सपा कार्यालय के उद्घाटन से पहले घनेन्द्र यादव का वीडियो वायरल

>> पूर्व विधायक पर लगाए गंभीर आरोप

जागरण मोर्चा कार्यालय

शाहबाद। नगर में समाजवादी पार्टी का कार्यालय खुलने से पहले ही पार्टी के कार्यकताओं में भारी नाराजगी देखने को मिली, सपा अधिवक्ता सभा के राष्ट्रीय सचिव एवं अधिवक्ता घनेन्द्र यादव ने पूर्व विधायक विजय सिंह पर गंभीर आरोप लगाते हुए उनके नेतृत्व और कार्यशैली पर सवाल खड़े किए हैं।

घनेन्द्र यादव ने जारी बयान में कहा कि रामपुर चौराहा स्थित सपा कार्यालय का उद्घाटन किया जाना स्वागत योग्य कदम है, लेकिन कार्यालय उद्घाटन कार्यक्रम में पार्टी के


सपा के अधिवक्ता सभा के राष्ट्रीय सचिव घनेंद्र यादव

पदाधिकारियों, फ्रंटल संगठनों के जिम्मेदार कार्यकताओं और संभावित प्रत्याशियों को आमंत्रित न करना नगर के एक वरिष्ठ कार्यकर्ता की तानाशाही मानसिकता को दशार्ता है। उन्होंने आरोप लगाया कि पूर्व विधायक विजय सिंह संगठन की अनदेखी कर व्यक्तिगत राजनीति कर रहे हैं, जिससे पार्टी कार्यकताओं में भारी नाराजगी है। उनका कहना है कि क्षेत्र में विजय सिंह का लगातार विरोध बढ़ रहा है और जनता अब समाजवादी पार्टी में नए चेहरे तथा नए उम्मीदवार की मांग कर रही है।घनेन्द्र यादव ने यह भी कहा कि कार्यालय पर लगाए गए बैनरों में समाजवादी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष श्यामलाल पाल तथा रामपुर सांसद मोहिबुल्लाह नदवी के चित्र तक नहीं लगाए गए, जो पार्टी नेतृत्व के प्रति सम्मान की कमी को दशार्ता है। उन्होंने इसे संगठन की भावना के विपरीत बताते हुए कहा कि इस तरह की कार्यशैली पार्टी में गुटबाजी को बढ़ावा दे रही है।अधिवक्ता सभा के राष्ट्रीय सचिव ने पूर्व विधायक विजय सिंह के कार्यक्रम और उनकी कार्यशैली का खुलकर विरोध करते हुए कहा कि समाजवादी पार्टी किसी एक व्यक्ति की नहीं, बल्कि कार्यकताओं और संगठन की पार्टी है। उन्होंने पार्टी नेतृत्व से मामले का संज्ञान लेकर संगठनात्मक एकता बनाए रखने की मांग की। राजनीतिक गलियारों में इस बयान के बाद चचाओं का दौर तेज हो गया है और कार्यालय उद्घाटन कार्यक्रम के बाद ही सपा के भीतर मतभेद खुलकर सामने आते दिखाई दे रहे हैं। पार्टी के निष्ठावान कार्यकताओं में शाहबाद नगर के एक वरिष्ठ पदाधिकारी को लेकर भारी नाराजगी देखने को मिल रही है, लोग चौराहों और चाय के होटलों पर बैठाकर शाहबाद की सपा में मचे घमासान पर चचाएं कर रहे है।

इलाज के दौरान बुजुर्ग की मौत

>> परिजनों ने लगाया लापरवाही का आरोप

जागरण मोर्चा कार्यालय

रामपुर। गंज थाना क्षेत्र के अजयपुर निवासी 60 वर्षीय सियाराम 31 मई को किसी काम से गांव के मोड़ पर आ रहे थे कि इस दौरान सामने से आए बाइक सवार युवक ने सियराम को टक्कर मारकर घायल कर दिया था। जहां हादसे के बाद लोग उनको अस्पताल ले गए थे। जहां से उनको मुरादाबाद रेफर कर दिया था। जहां शनिवार रात को सियाराम की इलाज के दौरान मौत हो गई थी। उसके बाद परिजन शव को पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल ले आए। जहां उनका पोस्टमार्टम कराया गया। वहीं दूसरी ओर परिजनों का आरोप है कि 31 मई को बाइक संख्या यूपी 14 जीएम पर सवार युवक ने सियाराम को टक्कर मारकर घायल कर दिया था। पुलिस ने बाइक को रोक लिया था। जबकि बाइक सवार फरार हो गया था। परिजनों का कहना है कि पुलिस बाइक सवार को नहीं पकड़ रही है।जबकि तहरीर दी जा चुकी है।

सार संक्षेप

मोहर्रम का पहला जुलूस 16 जून को निकलेगा

जागरण मोर्चा कार्यालय

रामपुर। मोहर्रम का पहला जुलूस 16 जून यानि मंगलवार को निकलेगा,जोकि राजद्वारा से होते गांधी समाधि उसके बाद स्टार चौराहे से होते हुए इमामबाड़ा कोठी खास बाग पहुंचेगा। चांद की 29 तारीख यानी 16 जून की दोपहर 3 :30 पर मिस्टनगंज चौक से जरी का जुलूस उठेगा। जोकि राजद्वारे से होकर जौहर रोड होते हुए स्टार चौराहे से इमामबाड़ा कोठी खास बाग पर पहुंचेगा। जुलूस में रामपुर और सिरसी से आई अंजूमनों के साथ औकाफ मुत्तावली हैदर अली हमजा मियां के साथ अजादार भी उसमे शामिल रहेंगे।

सिंचाई को लेकर विवाद, चार लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज

जागरण मोर्चा कार्यालय

मिलक। कोतवाली क्षेत्र के हल्दुआ गांव में सिंचाई को लेकर हुए विवाद के मामले में पुलिस ने चार लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।गांव निवासी राकेश कुमार ने कोतवाली में दी गई तहरीर में आरोप लगाया कि 6 जून 2026 को सुबह करीब 10 बजे वह अपने भाई सुंदरलाल के साथ खेत में बोरिंग पर इंजन लगा रहे थे। इसी दौरान गांव के अर्जुन सिंह, भोला सिंह, प्रेम सिंह तथा मीना वहां पहुंचे।सिंचाई को लेकर विवाद करने लगे। आरोप है कि चारों ने गाली-गलौज शुरू कर दी। विरोध करने पर आरोपित मारपीट पर उतारू हो गए। जान से मारने की धमकी दी।राकेश कुमार के अनुसार शोर-शराबा होने पर आसपास के लोग मौके की ओर आने लगे। जिसके बाद आरोपित वहां से फरार हो गए।पीड़ित ने घटना के संबंध में कोतवाली में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की थी।पुलिस ने तहरीर के आधार पर 14 जून को चारों आरोपियों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर ली है। प्रभारी निरीक्षक मनीराम ने बताया कि मामले की जांच हल्का प्रभारी को सौंपी गई है। विवेचना के आधार पर आगे की विधिक कार्रवाई की जाएगी।

परमहंस आश्रम भूड़ा में व्यास मणीश्वर भारद्वाज ने सुनाई सुदामा चरित्र कथा


मिलक में हो रही भागवत कथा सुनाते वाचक

जागरण मोर्चा कार्यालय

मिलक। तहसील मिलक के धनेली पूर्वी के परमहंस आश्रम भूड़ा में आयोजित श्रीमद् भागवत कथा में व्यास मणीश्वर भारद्वाज ने भक्तों को सुदामा चरित्र का वर्णन सुनाया। कथा में व्यास ने बताया कि सुदामा के जीवन से हमें यह सीख मिलती है कि सच्चा भक्त निष्काम होना चाहिए। भक्त के जीवन में कोई सांसारिक मांग नहीं होती। उसकी एक ही मांग होती है, श्रीकृष्ण की भक्ति। उन्होंने कहा कि सुदामा ने श्रीकृष्ण से धन-दौलत नहीं, बल्कि केवल उनकी कृपा और प्रेम मांगा। यहीं निष्काम भक्ति का आदर्श उदाहरण है। व्यास मणीश्वर भारद्वाज ने परीक्षित जी के मोक्ष का भी वर्णन किया। उन्होंने बताया कि परीक्षित जी ने शुकदेव जी से भागवत कथा सुनकर सात दिनों में ही मोक्ष प्राप्त किया।कथा सुनकर श्रद्धालु भावविभोर हो गए।भगवान श्रीकृष्ण के जयकारे लगाए इस दौरान कथा समापन हुई उसके बाद परमहंस आश्रम भूड़ा के महंत दर्शनंद महाराज ने बताया कि आज कथा समापन हुई है उसके बाद 15 जून को भंडारा का आयोजन किया जाएगा।

लोगों ने किया रक्तदान


रक्तदान करता युवक और मौजूद पदाधिकारी

जागरण मोर्चा कार्यालय

रामपुर। विश्व रक्तदाता दिवस के अवसर पर 'मदद -एक आस संस्था के सदस्यों ने बढ़-चढ़कर रक्तदान कर मानवता की सेवा का संदेश दिया। संस्था के पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने लोगों को रक्तदान के महत्व के प्रति जागरूक करते हुए नियमित रक्तदान करने का आह्वान किया। इस अवसर पर संस्था द्वारा जिला अस्पताल में एक रक्तदान शिविर का आयोजन किया। जिसमें आशीष सक्सेना, अखिल अग्रवाल, आकाश गर्ग, कविता शर्मा, अर्पित गुप्ता एवं अन्य साथियों ने रक्तदान किया। संस्था के प्रतिनिधियों ने कहा कि रक्तदान एक महादान है, जिससे जरूरतमंद मरीजों को नया जीवन मिलता है। विश्व रक्तदाता दिवस पर संस्था के सदस्यों एवं अन्य लोगों ने स्वेच्छा से रक्तदान कर समाज के लिए प्रेरणादायक उदाहरण प्रस्तुत किया।

सेवारत शिक्षकों के लिए अलग एवं व्यावहारिक टीईटी पाठ्यक्रम की मांग

राष्ट्रीय अध्यापक शिक्षा परिषद (एनसीटीई) के सदस्य सचिव को भेजा ज्ञापन

जागरण मोर्चा कार्यालय


आनंद प्रकाश गुप्ता


कैलाश बाबू

रामपुर। उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ ने सेवारत शिक्षकों के लिए शिक्षक पात्रता परीक्षा (टीईटी) का अलग एवं व्यावहारिक पाठ्यक्रम निर्धारित करने तथा न्यूनतम अर्हता अंक तय करने की मांग को लेकर राष्ट्रीय अध्यापक शिक्षा परिषद (एनसीटीई) के सदस्य सचिव को ज्ञापन भेजा है।

जिलाध्यक्ष कैलाश बाबू एवं जिला मंत्री आनंद प्रकाश गुप्ता द्वारा प्रेषित ज्ञापन में कहा गया है कि माननीय सर्वोच्च न्यायालय ने 29 मई 2026 के आदेश में सेवारत शिक्षकों के लिए 31 अगस्त 2028 तक टीईटी उत्तीर्ण करना अनिवार्य किया है तथा प्रत्येक छह माह में परीक्षा आयोजित करने के निर्देश दिए हैं। ज्ञापन में बताया कि वर्तमान टीईटी पाठ्यक्रम हाल ही में प्रशिक्षित अभ्यर्थियों को ध्यान में रखकर तैयार किया गया है, जबकि अधिकांश सेवारत शिक्षक 20 से 30 वर्ष पूर्व प्रशिक्षण प्राप्त कर चुके हैं और वर्तमान में शिक्षण के साथ प्रशासनिक एवं पारिवारिक दायित्वों का निर्वहन कर रहे हैं। इसलिए उनके लिए अलग एवं व्यवहारिक पाठ्यक्रम निर्धारित किया जाना आवश्यक है।संघ ने सुझाव दिया है कि प्रस्तावित पाठ्यक्रम में 50 प्रतिशत विषयवस्तु तथा 50 प्रतिशत प्रश्न शिक्षण अनुभव, विभागीय प्रक्रियाओं, राष्ट्रीय शिक्षा नीति एवं विद्यालय प्रशासन से संबंधित हों।साथ ही परीक्षा की अवधि तीन घंटे निर्धारित की जाए।ज्ञापन में यह भी मांग की गई है कि माननीय सर्वोच्च न्यायालय द्वारा 7 मार्च 2025 को विशेष शिक्षकों के संबंध में निर्धारित मानकों के अनुरूप सामान्य वर्ग के लिए 45 प्रतिशत तथा आरक्षित वर्ग के लिए 40 प्रतिशत न्यूनतम अर्हता अंक निर्धारित किए जाएं।ज्ञापन भेजने वालों में छत्रपाल सिंह यादव, आनंद सिंह भंडारी, तहसीन आलम खान, महेंद्र प्रताप सिंह, देवेंद्र सिंह, सतीश गिरोह, संतोष प्रसाद, मोहम्मद खालिद खान, दिलशाद वारसी, मनोज कुमार सागर एवं मोहित यादव आदि शामिल रहे।

रक्तदान मानवता की सबसे बड़ी सेवाओं में से एक: एसपी

>> विश्व रक्तदाता दिवस पर स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन

जागरण मोर्चा कार्यालय



रक्तदान शिविर में मौजूद मुख्य अतिथि एसपी एवं पदाधिकारी

रामपुर। रविवार को विश्व रक्तदाता दिवस के अवसर पर गुरुद्वारा संत भाई जी बाबा एवं गुरु नानक वेलफेयर सोसाइटी के संयुक्त तत्वावधान में गुरुद्वारा संत भाई जी बाबा परिसर में एक स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एसपी सोमेंद्र मीणा जिन्होंने शिविर का शुभारंभ किया। आयोजकों के इस प्रयास की प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि रक्तदान मानवता की सबसे बड़ी सेवाओं में से एक है और एक यूनिट रक्त किसी जरूरतमंद को नया जीवन प्रदान कर सकता है।रक्तदान शिविर में लोगों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।कुल 38 यूनिट रक्त एकत्र किया गया। रक्तदाताओं ने समाज सेवा एवं मानव कल्याण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता का परिचय देते हुए स्वेच्छा से रक्तदान किया।इस अवसर पर गुरु नानक वेलफेयर सोसाइटी के अध्यक्ष सरदार दर्शन सिंह खुराना ने सभी रक्तदाताओं एवं सहयोगियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि रक्तदान जीवनदान के समान है और समाज के प्रत्येक स्वस्थ व्यक्ति को समय-समय पर रक्तदान करना चाहिए। कार्यक्रम में गुरु चरण सिंह आहूजा, अमरदीप सिंह, मनदीप सिंह, महेंद्र सिंह गोल्डी एवं रौनक गुलाटी सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति एवं समाजसेवी उपस्थित रहे। सभी ने रक्तदाताओं का उत्साहवर्धन किया तथा इस जनहितकारी अभियान की सराहना की।आयोजकों ने सभी रक्तदाताओं, चिकित्सकीय टीम एवं सहयोगियों का धन्यवाद ज्ञापित करते हुए भविष्य में भी ऐसे जनकल्याणकारी कार्यक्रम आयोजित करने का संकल्प व्यक्त किया।

जागरण मोर्चा
www.jagranmorcha.com



28 जून से होंगी चित्रकला एवं सनातन को जानो प्रतियोगिताएं

जागरण मोर्चा कार्यालय

रामपुर। आगामी श्रीनाथ जी रसकथा महोत्सव के अंतर्गत जन-जन को सनातन संस्कृति एवं श्रीनाथ जी की भक्ति से जोड़ने के उद्देश्य से विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में 28 जून को सरस्वती विद्या मंदिर, कोसी मार्ग पर श्रीनाथ चित्रकला प्रतियोगिता एवं सनातन को जानो प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी।

आयोजन समिति के अनुसार श्रीनाथ जी चित्रकला प्रतियोगिता प्रातः 10 बजे से प्रारंभ होगी, जबकि सनातन को जानो प्रतियोगिता प्रातः 11:30 बजे आयोजित की जाएगी। प्रतियोगिता के आवेदन पत्र चयनित स्थानों से प्राप्त किए जा सकते हैं।समिति ने बताया कि सनातन को जानो प्रतियोगिता के माध्यम से प्रतिभागियों को सनातन संस्कृति, भारतीय परंपराओं एवं संतों की शिक्षाओं का ज्ञान प्राप्त करने का अवसर मिलेगा। प्रतियोगिता के प्रथम चार विजेताओं को श्रीनाथ जी रसकथा में यजमान सेवा का विशेष सौभाग्य प्राप्त होगा, जबकि अगले आठ विजेताओं को कथा के दौरान आरती सेवा का अवसर प्रदान किया जाएगा।

उधर, श्रीनाथ जी रसकथा के निमंत्रण एवं प्रचार के लिए निकाली जा रही प्रभात रविवार को वाल्मीकि बस्ती एवं रामनाथ कॉलोनी पहुंची। प्रभात फेरी में बड़ी संख्या में श्रद्धालुजन श्रीनाथ जी के भजनों का गुणगान करते हुए उत्साहपूर्वक सम्मिलित हुए। संपूर्ण क्षेत्र श्रीनाथ जी के जयकारों एवं भजनों से भक्तिमय हो उठा।प्रभात फेरी के उपरांत उपस्थित श्रद्धालुओं को "एक संत की अमूल्य शिक्षा" पुस्तक तथा सनातन को जानो प्रतियोगिता के आवेदन पत्र वितरित किए गए। आयोजकों ने सभी श्रद्धालुओं से प्रतियोगिताओं में बढ़-चढ़कर भाग लेने का आह्वान करते हुए कहा कि यह आयोजन सनातन संस्कृति को जानने, समझने एवं श्रीनाथ जी की कृपा प्राप्त करने का एक विशेष अवसर है।



प्रभात फेरी के दौरान मौजूद भक्त। -जागरण मोर्चा

सार संक्षेप

बैठक का हुआ आयोजन

रामपुर। रविवार को उत्तर प्रदेश साहित्य सभा की इकाई द्वारा गोष्ठी संरक्षक नईम नजमी के सौजन्य से सौलत लाइब्रेरी निकट चाकू बाजार में लाइब्रेरी के अध्यक्ष डॉक्टर महमूद की सदारत में आयोजित की ।जिसका मुख्य उद्देश्य आपसी नफरत को मिटाना , मुल्क से मिटती हुई गंगोजमन तहज़ीब को पुराना मकाम दिलाना है। नफरत, हैवानियत जन्म ले लेती है जिसे मिटाने का जिम्मा, अदब और सुखन से जुड़े लोगों का होता है।

शाहबाद में समाजवादी पार्टी के कार्यालय का उद्घाटन, गुटबाजी दिखी



समाजवादी पार्टी के कार्यालय के उद्घाटन के मौके पर मौजूद नेतागण।

शाहबाद। पुराने रामपुर रोड पर बने समाजवादी पार्टी के कार्यालय का उद्घाटन जिलाध्यक्ष अजय सागर के द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। कार्यालय उद्घाटन को लेकर गुटबाजी भी देखने को मिली। हालांकि मंच से नेतागण एकता का संदेश भी देते दिखे। उधर सपा कार्यालय पर लगी फ्लेक्सी पर सपा सांसद मोहिब्बुल्लाह नदवी का चित्र न होना भी चर्चा का विषय बना रहा। इस दौरान नगर अध्यक्ष आसिम राजा, पूर्व विधायक विजय सिंह, चेयरमैन पति वसीम खां, आसिम खां, लखविंदर सिंह, इकरार हुसैन, फैसल खां, आदि रहे। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार पार्टी कार्यालय के उद्घाटन कार्यक्रम में न बुलाए जाने से नाराज़ कई कार्यकर्ताओं ने खुलकर अपनी पीड़ा जाहिर की, कई लोग ने तो सीधे विधानसभा अध्यक्ष पर ही उपेक्षा करने का आरोप लगाया।

बालिका जागरूकता कार्यक्रम में लाभार्थियों को किया सम्मानित



बालिका को सम्मानित करती मुख्य अतिथि। -जागरण मोर्चा

रामपुर। केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर महिला कल्याण विभाग व बाल विकास एवं पुष्टाहार विभाग द्वारा संयुक्त रूप से विकास भवन सभागार में बालिकाओं एवं महिलाओं के लिए जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग की सदस्य सुनीता सैनी ने की। कार्यक्रम का शुभारंभ जिला प्रोबेशन अधिकारी ईरा आर्या द्वारा अतिथि को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किए जाने के साथ हुआ। इसके बाद प्रभारी जिला कार्यक्रम अधिकारी जितेन्द्र कुमार जायसवाल तथा वन स्टॉप सेंटर की केंद्र प्रबंधक चांद बी द्वारा भी अतिथि का स्वागत एवं सम्मान किया ।इस अवसर पर जिला प्रोबेशन अधिकारी ने महिला कल्याण विभाग द्वारा संचालित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की विस्तृत जानकारी प्रदान की। उन्होंने बताया कि विभाग द्वारा महिलाओं एवं बालिकाओं के उत्थान के लिए अनेक योजनाएं संचालित की जा रही हैं, जिनका लाभ पात्र लाभार्थियों तक पहुंचाया जा रहा है ।जिला प्रोबेशन अधिकारी ने कहा कि कार्यक्रम का उद्देश्य महिलाओं एवं बालिकाओं को उनके अधिकारों, सरकारी योजनाओं तथा सामाजिक सहभागिता के प्रति जागरूक बनाना तथा उन्हें आत्मनिर्भर एवं सशक्त बनाने की दिशा में प्रेरित करना है ।कार्यक्रम में विधवा पेंशन योजना, मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना एवं मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना सहित विभिन्न योजनाओं से लाभान्वित लाभार्थियों को प्रमाण-पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। साथ ही कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय में अनियमितताओं के विरुद्ध साहसपूर्वक आवाज उठाने वाली एक बालिका को भी स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया तथा उसके साहस एवं जागरूकता की सराहना की गई ।बाल विकास एवं पुष्टाहार विभाग द्वारा आयोजित कार्यक्रम के दौरान गर्भवती महिलाओं की पारंपरिक गोद भराई रस्म भी सदस्य राज्य महिला आयोग के कर-कमलों द्वारा संपन्न कराई गई। कार्यक्रम में महिलाओं एवं बालिकाओं को उनके अधिकारों, सुरक्षा, शिक्षा तथा सरकारी योजनाओं के प्रति जागरूक किया गया ।इस अवसर पर डिस्ट्रिक्ट कोऑर्डिनेटर ज्योति शर्मा, वन स्टॉप सेंटर की केंद्र प्रबंधक चांद बी, जिला बाल संरक्षण इकाई के प्रभारी संरक्षण अधिकारी विक्रम, चाइल्ड लाइन के डिस्ट्रिक्ट कोऑर्डिनेटर निजामुद्दीन सहित बाल विकास एवं पुष्टाहार विभाग की मुख्य सेविकाएं, आंगनबाड़ी कार्यकर्त्रियां एवं अन्य अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

रामलीला मैदान में आपस में भिड़े सांड



शाहबाद के रामलीला मैदान में आपस में लड़ते सांड। -जागरण मोर्चा

शाहबाद। शहर के रामलीला मैदान में रविवार को दो आवारा सांडों के बीच हुई खूंखार लड़ाई ने स्थानीय लोगों में दहशत फैला दी ।अचानक शुरू हुई इन सांडों की भिड़ंत देखते ही देखते जानलेवा हो गई। दोनों सांड एक-दूसरे पर बुरी तरह टूट पड़े, जिससे मैदान में अफरा-तफरी का माहौल बन गया ।लड़ाई के दौरान सांड अनियंत्रित होकर वहां खड़ी एक कार से जा टकराए। इस जोरदार टक्कर से कार का काफी हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया। स्थानीय लोगों ने शोर मचाकर सांडों को अलग करने की कोशिश की, लेकिन काफी देर तक वे आक्रामक बने रहे। घटना के बाद से नगरवासियों में आवारा पशुओं के आतंक को लेकर भारी रोष है।

विकसित भारत की ऐतिहासिक यात्रा के हैं मोदी सरकार के 12 वर्ष : धर्मपाल

एम्स संस्थानों और डिजिटल कनेक्टिविटी का अभूतपूर्व विस्तार हुआ

जागरण मोर्चा कार्यालय

रामपुर। उत्तर प्रदेश सरकार के कैबिनेट मंत्री एवं प्रभारी मंत्री धर्मपाल सिंह ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार के सफल 12 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर आयोजित प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए कहा कि 12 वर्षों में भारत ने विकास, सुशासन, सुरक्षा, सांस्कृतिक पुनर्जागरण और गरीब कल्याण के क्षेत्र में अभूतपूर्व उपलब्धियां हासिल की हैं। यह यात्रा केवल सरकार की उपलब्धियों की नहीं, बल्कि 140 करोड़ देशवासियों के विश्वास, सहभागिता और संकल्प की यात्रा है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय के अंत्योदय के दर्शन को धरातल पर उतारते हुए समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति तक विकास का लाभ पहुंचाने का कार्य किया है। मोदी सरकार ने केवल विकास ही नहीं किया, बल्कि दशकों से लंबित राष्ट्रीय संकल्पों को भी पूरा किया है। अनुच्छेद 370 की समाप्ति ने जम्मू-कश्मीर को देश की मुख्यधारा से पूरी तरह जोड़ने का कार्य किया है तथा वहां लोकतंत्र और विकास के नए युग का शुभारंभ हुआ है। मुस्लिम महिलाओं को तीन तलाक जैसी कुप्रथा से मुक्ति दिलाकर उन्हें सम्मान, सुरक्षा और समान अधिकार प्रदान किए गए हैं। यह निर्णय महिला सशक्तिकरण और सामाजिक न्याय की दिशा में ऐतिहासिक कदम है।

राष्ट्रीय सुरक्षा के विषय में उन्होंने कहा कि आज भारत आतंकवाद और राष्ट्रविरोधी शक्तियों को मुंहतोड़ जवाब देने में सक्षम है। मोदी सरकार ने विकास के नए प्रतिमान स्थापित किए हैं। पिछले 12 वर्षों में राष्ट्रीय राजमार्गों, ग्रामीण सड़कों, रेलवे, वंदे भारत ट्रेनों, मेट्रो नेटवर्क, एयरपोर्ट, मेडिकल कॉलेजों, एम्स संस्थानों और डिजिटल कनेक्टिविटी का अभूतपूर्व विस्तार हुआ है। आज गांव से लेकर शहर तक विकास की धारा पहुंची है और भारत दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्थाओं में शामिल है ।प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में बीते 12 वर्षों ने विकसित भारत की मजबूत नींव रखी है। इस दौरान भाजपा जिलाध्यक्ष हरीश गंगवार,राजा वर्मा ,ख्याली राम लोधी, राजबाला,हरि सिंह ढिल्लों, घनश्याम सिंह लोधी,सूर्य प्रकाश पाल, सुनीता सिंह सैनी,जिलाधिकारी,पुलिस अधीक्षक,मोहन कुमार लोधी,हंस राज पप्पू, रविंद्र सिंह रवि, अर्जुन रस्तोगी, आकाश सक्सेना आदि समेत वरिष्ठ पदाधिकारी अधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



प्रेसवार्ता को संबोधित करते प्रभारी मंत्री धर्मपाल सिंह। -जागरण मोर्चा

राज्य सूचना आयोग के सूचना आयुक्त पर गंभीर आरोप

- आरटीआई एक्टिविस्ट ने एसआईटी से जांच की उठाई मांग

जागरण मोर्चा कार्यालय

रामपुर। उत्तर प्रदेश राज्य सूचना आयोग के मुख्य सूचना आयुक्त राजकुमार विश्वकर्मा एवं एक सूचना आयुक्त मोहम्मद नदीम पर गंभीर आरोप लगाते हुए वरिष्ठ अधिवक्ता अमित कुमार अग्रवाल हृदयेश ने उच्च न्यायालय, सर्वोच्च न्यायालय, राज्यपाल, मुख्यमंत्री, लोकायुक्त तथा अन्य संवैधानिक संस्थाओं को शिकायत पत्र भेजकर मामले की एसआईटी जांच कराने की मांग की है।

शिकायतकर्ता अमित कुमार अग्रवाल का आरोप है कि राज्य सूचना आयोग के न्याय कक्ष एस-7 में लंबित उनकी द्वितीय अपीलों एवं शिकायतों के निस्तारण में प्रावधानों का पालन नहीं किया जा रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि सूचना न देने वाले जन सूचना अधिकारियों के विरुद्ध अधिनियम की धारा 20(1) के तहत कार्रवाई किए जाने के बजाय उन्हें संरक्षण प्रदान किया जा रहा है।

कायत पत्र के अनुसार, शिकायतकर्ता हृदय रोग एवं अन्य गंभीर बीमारियों से ग्रसित हैं तथा उनका उपचार एम्स में चल रहा है। इसके बावजूद एक ही दिन में बड़ी संख्या में मामलों की सुनवाई नियत कर उन्हें मानसिक एवं शारीरिक रूप से प्रताड़ित किए जाने का आरोप लगाया गया है। उन्होंने दावा किया है कि 19 जून 2026 को उनकी लगभग 200 अपीलों एवं शिकायतों की सुनवाई एक ही दिन में निर्धारित की गई है, जिसे उन्होंने अव्यावहारिक एवं न्याय के सिद्धांतों के विपरीत बताया है।

आयोग में उनके द्वारा दायर अनेक मामलों का निस्तारण नियमों के विपरीत किया गया तथा सूचना न देने वाले अधिकारियों के विरुद्ध आर्थिक दंड लगाने के प्रावधानों का प्रभावी अनुपालन नहीं किया गया ।शिकायतकर्ता ने कहा कि उन्होंने विभिन्न संवैधानिक एवं न्यायिक संस्थाओं को विस्तृत शिकायत भेजकर हस्तक्षेप की मांग की है। वहीं, मामले में राज्य सूचना आयोग की ओर से अभी तक कोई आधिकारिक प्रतिक्रिया प्राप्त नहीं हो सकी है।

'विकसित भारत' के संकल्प को गति देने के लिए जन-कल्याण मेले का आगाज

जागरण मोर्चा कार्यालय

स्वार। सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने के उद्देश्य से रविवार को विकास खंड परिसर स्वार में तीन दिवसीय जन-कल्याण मेले और जन जागरूकता अभियान का शुभारंभ हो गया।

14 जून से शुरू हुआ यह विशेष मेला आगामी 16 जून तक निरंतर जारी रहेगा। मेले के पहले ही दिन सरकारी योजनाओं की जानकारी लेने और लाभ उठाने के लिए ग्रामीण व स्थानीय नागरिकों की भारी भीड़ उमड़ी।इस त्रि-दिवसीय मेले का मुख्य उद्देश्य केंद्र व राज्य सरकार द्वारा पिछले 12 वर्षों में किए गए ऐतिहासिक कार्यों, समेकित जन-कल्याणकारी योजनाओं और जनकल्याणकारी नीतियों को आम जनमानस तक प्रभावी ढंग से पहुँचाना है। कार्यक्रम के माध्यम से लोगों को न केवल जागरूक किया जा रहा है।महत्वपूर्ण जन-जागरूकता अभियान के शुभारंभ के अवसर पर ब्लॉक प्रशासन के आला अधिकारियों सहित विभिन्न विभागों के जिम्मेदार प्रतिनिधि और स्थानीय जन प्रतिनिधि मौजूद रहे।कार्यक्रम में मुख्य रूप से पूर्व विधायक अली यूसुफ अली,विकास खंड अधिकारी महेंद्र पाल, एडीओ पंचायत वेदप्रकाश शर्मा, ग्राम विकास अधिकारी बादाम सिंह, समाज कल्याण विभाग से मनीषा, कृषि विभाग के सहायक कमल जीत सिंह, पशुपालन विभाग से डॉक्टर सुनील, बाल विकास विभाग से लक्ष्मी गंगवार और वन स्टॉप सेंटर से चारु चौधरी ने मौजूद रहकर अपने-अपने विभागों की प्रगति रिपोर्ट साझा की।इसके अलावा ग्राम विकास अधिकारी रिजवाना शमीम, महेंद्र प्रकाश, प्रदीप कुमार, स्वच्छ भारत मिशन के खंड प्रेरक सूरज मौर्य, लक्की दिवाकर, ब्लॉक मिशन प्रबंधक होवेन्द्र सिंह, सुमन रानी और ग्राम प्रधान नत्था राम कंबोज सहित भारी संख्या में क्षेत्रीय संभ्रांत नागरिक और लाभार्थी मौजूद रहे।



बैठक को संबोधित करते भाजपा नेता। -जागरण मोर्चा

शोषण के खिलाफ एकत्रित हो वाल्मीकि समाज : भीम अनार्य

जागरण मोर्चा कार्यालय

रामपुर। भारतीय वाल्मीकि धर्म समाज भावाधस (भीम) के राष्ट्रीय प्रमुख भीम अनार्य ने कहा कि नगर पालिका परिषद में वाल्मीकि समाज का बड़ी मात्रा में शोषण किया जा रहा है। और नेता, अधिकारी खामोश है इसलिए समाज को ही आगे आना पड़ेगा।

यह विचार भीम अनार्य ने भगवान वाल्मीकि धाम कोसी रोड में व्यक्त किए। वह स्थानीय निकाय सफाई मजदूर संघ में कार्यकारिणी गठन पर बोल रहे थे। कहा कि एकता में ही अनेकता है एकत्र होकर ही हम शोषण को खत्म कर सकते हैं स्थानीय निकाय सफाई मजदूर संघ के प्रदेश अध्यक्ष ओमी लाल वाल्मीकि ने कहा जिले में आउटसोर्सिंग की 100 नियुक्तियां की गई है जिसका कोई लेखा-जोखा नहीं है सफाई कर्मचारियों को मान-देय कम दिया जा रहा है कर्मचारियों को हटाना और स्थानांतरण करने का बड़ा खेल चल रहा है। इस अवसर पर विजय प्रकाश चौधरी को अध्यक्ष, कैलाश एकलव्य (स्वार) को जिला उपाध्यक्ष गुरमुख भारती (बिलासपुर) को जिला उपाध्यक्ष, शंकर बबलू को जिला उपाध्यक्ष डीके भारती को जिला महासचिव, अजीत कुमार को जिला सचिव, रिंकू वाल्मीकि को जिला प्रचार मंत्री, शरद राज जिला संगठन सचिव, दिलीप वाल्मीकि को जिला कोषाध्यक्ष बनाने की घोषणा प्रदेश अध्यक्ष द्वारा की। इस मौके पर विजय चौधरी और उनकी पूरी टीम का स्वागत किया। स्वागत समारोह में नीरज पाराशर, विजय अनार्य, रविराज, जानू चौहान, शंकर आनंद, राजेंद्र बाबू, एकलव्य वाल्मीकि, विनय चौधरी, अभिषेक बाबू, रवि कुमार आदि लोग शामिल रहे तथा अध्यक्षता रामगोपाल कटारिया ने की।



पदाधिकारियों का स्वागत करते राष्ट्रीय अध्यक्ष। -जागरण मोर्चा

कार्यक्रम उत्कृष्ट कार्यों के लिए प्रमाण-पत्र देकर किया सम्मानित

बैठक में व्यापारियों के हितों से जुड़े विषयों पर हुई चर्चा

जागरण मोर्चा कार्यालय

रामपुर। पश्चिमी उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल की गोष्ठी का आयोजन सिविल लाइंस स्थित अजंता स्वीट्स के सामने हुआ।कार्यक्रम में व्यापारियों की समस्याओं, संगठन के विस्तार एवं व्यापारी हितों से जुड़े विभिन्न विषयों पर विस्तृत चर्चा हुई।

बैठक को सम्बोधित करते हुए प्रदेश महामंत्री मुकुल अग्रवाल ने कहा की हमारा संघठन अराजनैतिक व्यापारी संघठन है, हम किसी का विरोध नहीं करते हम अपने कार्यों से आगे बढ़ने का काम करते है प्रदेश महामंत्री ने प्रदेश सरकार से ऑनलाइन व्यापार बंद करने, व्यापारी पेंशन लागू करने, व्यापारी सुरक्षा आयोग गठित करने, व्यापारियों के शस्त्र लायसेंस देने की मांग की। सूर्य प्रकाश पाल ने संगठन के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि पश्चिमी उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल एक ईमानदार और मजबूत व्यापारी संगठन है और पश्चिमी से पूरब तक इस व्यापारी संगठन ने मेहनत और कार्यप्रणाली से एक मजबूत स्तम्भ समाज को दिया है ।बैठक के दौरान संगठन के विभिन्न पदाधिकारियों को उनके दायित्वों एवं उत्कृष्ट कार्यों के लिए प्रमाण-पत्र देकर सम्मानित किया गया।

इस अवसर पर सरदार तरन दीप सिंह ग्रोवर को उनकी सामाजिक एवं संगठनात्मक सेवाओं को देखते हुए पश्चिमी उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल का प्रदेश उपाध्यक्ष मनोनीत किया गया। इस अवसर पर रुस्तम यादव, रूचि चुग, शाइस्ता खान, रिचा अग्रवाल, प्रवीन कपूर, आशीष सक्सेना, शानू सक्सेना, अनु मिश्रा, अंकुर राठौर, ओम प्रकाश जोशी अंजू अरोड़ा, मयंक अग्रवाल,उदित बंसल,अतुल शर्मा आदि व्यापारी उपस्थित रहे।



कार्यक्रम के दौरान मौजूद पदाधिकारी। -जागरण मोर्चा

युवा एथलीट अरविंद ने बढ़ाया जिले का मान

जागरण मोर्चा कार्यालय

रामपुर। प्रतिभाशाली युवा एथलीट अरविंद पुत्र बृजलाल, निवासी ग्राम मुड़िया खेड़ा पोस्ट पटवाई का चयन खेल निदेशालय उत्तर प्रदेश द्वारा संचालित आवासीय एथलेटिक्स (बालक) छात्रावास में प्रवेश सत्र 2026-27 के लिए हुआ है। अरविंद की इस उपलब्धि से पूरे जनपद में हर्ष का माहौल है, साथ ही यह जिले के लिए गौरव का विषय बन गया है।

अरविंद की सफलता में खेलो इंडिया एथलेटिक्स कोच सौरभ कुमार का विशेष योगदान रहा है। उनके कुशल मार्गदर्शन एवं तकनीकी प्रशिक्षण के परिणामस्वरूप अरविंद ने एथलेटिक्स में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए छात्रावास में अपना स्थान सुनिश्चित किया है।इस अवसर पर जिला क्रीड़ा अधिकारी संतोष कुमार ने अरविंद को बधाई देते हुए कहा कि जनपद के खिलाड़ी लगातार राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर पर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर रहे हैं, जो रामपुर के लिए गर्व की बात है।

उन्होंने अरविंद के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि उनकी यह उपलब्धि अन्य खिलाड़ियों के लिए प्रेरणास्रोत बनेगी।वहीं, खेलो इंडिया एथलेटिक्स कोच सौरभ कुमार ने कहा कि यह सफलता अरविंद की लगन, परिश्रम और खेल के प्रति समर्पण का परिणाम है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि भविष्य में अरविंद और भी बेहतर प्रदर्शन कर जनपद, प्रदेश एवं देश का नाम रोशन करेंगे।



अरविंद।

सुदामा चरित्र सुन रो पड़े श्रद्धालु

- फूलों की होली के साथ संपन्न हुई कथा

जागरण मोर्चा कार्यालय

रामपुर। सिविल लाइंस स्थित बॉम्बे पैलेस होटल में पिछले सात दिनों से चल रही भव्य श्रीमद्भागवत कथा का समापन सुदामा चरित्र, व्यास पूजन और होली उत्सव के साथ अत्यंत धूमधाम से हुआ। अंतिम दिन कथा व्यास पूज्य अमन उद्धव महाराज ने भगवान श्रीकृष्ण और सुदामा की निश्छल मित्रता का ऐसा जीवंत वर्णन किया कि पंडाल में मौजूद तमाम श्रद्धालुओं की आंखें नम हो गईं।

महाराज ने सुदामा चरित्र का प्रसंग सुनाते हुए कहा कि सच्ची मित्रता में अमीरी-गरीबी का कोई स्थान नहीं होता। जब सुदामा द्वारका पहुंचे, तो भगवान श्री कृष्ण ने अपने मित्र को गले लगाया और आंसुओं से उनके पैर धोए। उन्होंने समझाया कि भगवान केवल प्रेम और समर्पण के भूखे हैं। इसके बाद पंडाल में भव्य व्यास पूजन का आयोजन किया गया, जिसमें सभी श्रद्धालुओं ने सात दिनों तक ज्ञान की गंगा बहाने वाले कथा व्यास का आशीर्वाद लिया ।कथा के उत्तरार्ध में जैसे ही भजनों के साथ होली उत्सव की शुरुआत हुई, पूरा पंडाल ब्रज के रंग में रंग गया। श्रद्धालुओं पर क्विंटलों फूलों और गुलाल की वर्षा की गई। भजनों पर मुख्य यजमानों सहित सभी भक्तों ने झूमकर नृत्य किया और एक-दूसरे को होली की बधाई दी ।इस समापन अवसर पर मुख्य यजमान के रूप में सोनम गुप्ता, पलाश गुप्ता, डेज़ी गुप्ता, धर्मेंद्र गुप्ता, पूनम गुप्ता और कृष्ण गुप्ता ने मुख्य आरती की।

इसके साथ ही राजेंद्र कुमार सराफ, राजीव अग्रवाल, अर्चना अग्रवाल, अंशुल अग्रवाल, सोमालिका अग्रवाल, रुचि वैश्य, राजीव गुप्ता, प्रांशु वैश्य, विशेष वैश्य, काव्यांश गुप्ता, अमोल गुप्ता, आंचल गुप्ता, मंजू गुप्ता, बीना गुप्ता, सिद्धिका और अदिति सहित सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।



कथा के समापन पर मौजूद भक्त। -जागरण मोर्चा

दो युवकों के बीच विवाद, पुलिस ने कराया शांत, लगा जाम

जागरण मोर्चा कार्यालय

चन्दौसी। कोतवाली क्षेत्र के आवास विकास चौराहा पर शनिवार की रात दो युवकों में विवाद हो गया। मामले की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंच गई। दोनों युवकों को शांत कराया। विवाद होने पर सड़क पर जाम लग भी लग गया। पुलिस ने जाम खुलवाया और यातायात सामान्य कराया। शनिवार की रात 9 बजे आवास विकास चौराहा पर दो युवकों में कहासुनी के बाद विवाद होना शुरू हो गया और दोनों के बीच मारपीट शुरू हो गई। आसपास के लोगों ने पहुंच दोनों के बीच बीचबचाव का प्रयास किया। मगर हालात बिगड़ते देख घटना की सूचना पुलिस को दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने आपस में लड़ रहे युवकों को समझा-बुझाकर शांत कराया। इसके बाद मामला शांत हो सका। उक्त घटना से चौराहे पर जाम लग गया। पुलिस ने जाम खुलने के बाद यातायात सुचारू कराया। प्रभारी निरीक्षक संत कुमार ने बताया कि दो युवकों के बीच झगड़े की सूचना पुलिस ने मौके पर पहुंच मामला शांत कराया। किसी भी पक्ष की ओर से लिखित शिकायत नहीं की गई है।

जनता जागरुक समिति के कार्यालय का उद्घाटन

जागरण मोर्चा कार्यालय

चन्दौसी। जनता जागरुक समिति के कार्यालय का उद्घाटन रविवार को नगर के जाराई गेट पर अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल युवा इकाई के जिला अध्यक्ष सागर गुप्ता व रोमिल वार्ष्णेय बिट्टू के द्वारा हुआ। इस दौरान संस्था के संस्थापक अध्यक्ष शाह आलम मंसूरी ने कहा कि जनता जागृत समिति महिलाओं बुजुर्ग और बच्चों के उत्थान और कल्याण के लिए समर्पित है महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए समिति द्वारा सिलाई



फीताकाट कर कार्यालय का उद्घाटन करते। -जागरण मोर्चा

कढ़ाई प्रशिक्षण दिया जाता है, ताकि महिलाएं आत्मनिर्भर बनकर अपना रोजगार चला सके। इसके अलावा बुजुर्ग समाज की नींव है उन्हें सम्मान और सहारा देना संस्था का कर्तव्य है बुजुर्गों के लिए संस्था द्वारा वृद्धा पेंशन और वरिष्ठ नागरिक कार्ड बनवाने में उनकी मदद करना और समय-समय पर स्वास्थ्य सेवा का लाभ ले सके इसके लिए कैंप लगवाना उद्देश्य है। इस अवसर पर अखिल भारतीय युवा उद्योग व्यापार मंडल के जिला अध्यक्ष सागर गुप्ता ने कहा की संस्था द्वारा पिछले काफी समय से महिलाओं और बच्चों के लिए कार्य किया जा रहे हैं। रोमिल वार्ष्णेय ने कहा की संस्था द्वारा जो कार्य किया जा रहे हैं वह सराहनीय कार्य हैं और हर व्यक्ति को जागरूक करने के लिए संस्था कार्य कर रही है हम सबको भी मिलकर संस्था के कार्यों में सहयोग करना चाहिए। इस दौरान जहीर आलम, मोहम्मद सुफियान, आशु सक्सेना, मोहम्मद अनस, आलम, रियाज अहमद, अजीत सिंह, मोहित सक्सेना आदि लोग मौजूद रहे।

बहू-बेटी सम्मेलन के सफल आयोजन एवं मिशन शक्ति केंद्रों के सुदृढ़ संचालन के दिए गए निर्देश

जागरण मोर्चा कार्यालय

चन्दौसी। महिलाओं में स्वावलंबन, आत्मनिर्भरता तथा भयमुक्त वातावरण विकसित करने के उद्देश्य से संचालित मिशन शक्ति अभियान के अंतर्गत रविवार को जनपद के मिशन शक्ति केंद्रों के प्रभारियों एवं अन्य कर्मचारियों की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। जिसमें अधिकारियों द्वारा मिशन शक्ति केंद्र के प्रभारी एवं कर्मचारियों को उत्तर प्रदेश सरकार के मुख्यमंत्री की प्राथमिकताओं में शामिल बहू-बेटी सम्मेलन कार्यक्रम के संबंध में विस्तार से जानकारी दी गई। अधिकारियों ने निर्देशित किया कि प्रत्येक ग्राम में बहू-बेटी सम्मेलन का प्रभावी एवं सफल आयोजन सुनिश्चित किया जाए, जिससे महिलाओं एवं बालिकाओं को उनके अधिकारों, सुरक्षा तथा सरकारी योजनाओं के प्रति जागरूक किया जा सके। इसके अतिरिक्त मिशन शक्ति केंद्रों के अभिलेखों को पूर्णतः



बैठक में मिशन शक्ति केंद्रों के प्रभारियों को जानकारी देते अधिकारी। -जागरण मोर्चा

कंप्यूटरीकृत किए जाने, केंद्रों पर प्राप्त प्रार्थना पत्रों के त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण तथा मिशन शक्ति केंद्रों के माध्यम से पंजीकृत अभियोगों का समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए।

बैठक में एंटी रोमियो टीमों द्वारा प्रतिदिन प्रभावी कार्रवाई किए जाने तथा महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा संबंधी गतिविधियों को और अधिक सक्रिय एवं परिणामोन्मुख बनाने पर भी विशेष बल दिया गया। नोडल अधिकारी मिशन शक्ति एवं अपर पुलिस अधीक्षक दक्षिणी मनोज कुमार रावत ने कहा कि मिशन शक्ति अभियान के उद्देश्यों की पूर्ति हेतु सभी कर्मचारी पूर्ण निष्ठा एवं जिम्मेदारी के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करें। क्षेत्राधिकारी चंदौसी एवं सहायक नोडल अधिकारी मिशन शक्ति विवेक चावला ने महिलाओं की सुरक्षा, सम्मान एवं सशक्तिकरण के प्रति शासन की प्रतिबद्धता को दोहराते हुए सभी कर्मचारियों को निर्धारित लक्ष्यों के अनुरूप कार्य करने के निर्देश दिए।

सेवा भारती के आगामी सत्र की कार्ययोजना पर हुआ मंथन

जागरण मोर्चा कार्यालय

- प्रांत संगठन मंत्री जितेंद्र ने सेवा कार्यों के विस्तार एवं संगठन सुदृढ़ीकरण पर दिया बल

बहजोई। सेवा भारती बबराला जिला की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई, जिसमें आगामी सत्र की कार्ययोजना, संगठन विस्तार तथा विभिन्न सेवा गतिविधियों को और अधिक प्रभावी बनाने को लेकर विस्तृत मंथन किया गया। बैठक में मुख्य रूप से प्रांत संगठन मंत्री जितेंद्र जी का मार्गदर्शन प्राप्त हुआ।

बैठक के दौरान शिक्षा, स्वास्थ्य, संस्कार एवं सामाजिक सेवा से जुड़े सेवा भारती के विभिन्न प्रकल्पों की समीक्षा की गई तथा आगामी महीनों में इनके विस्तार एवं प्रभावी संचालन की रणनीति पर विचार-विमर्श किया गया। प्रांत संगठन मंत्री जितेंद्र जी ने अपने उद्बोधन में कहा कि सेवा भारती समाज के अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक सेवा पहुंचाने के संकल्प के साथ कार्य कर रही है। उन्होंने कार्यकर्ताओं का आह्वान करते हुए कहा कि सेवा गतिविधियों को गांव-गांव तथा प्रत्येक जरूरतमंद परिवार तक पहुंचाने के लिए समर्पित भाव से कार्य किया जाए।

उन्होंने आगामी सत्र में नए सेवा प्रकल्प प्रारंभ करने, संगठन विस्तार को गति देने, कार्यकर्ता प्रशिक्षण आयोजित करने, नियमित संपर्क अभियान चलाने तथा सामाजिक जागरूकता कार्यक्रमों को व्यापक स्तर पर संचालित करने पर विशेष जोर दिया।

बैठक में उपस्थित पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने आगामी महीनों की योजनाओं को अंतिम रूप देते हुए सेवा कार्यों को जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प लिया। साथ ही संगठन की विचारधारा के अनुरूप समाजहित में निरंतर कार्य करते हुए सेवा भारती के विभिन्न प्रकल्पों को सफल बनाने का दृढ़ निश्चय व्यक्त किया। बैठक सौहार्दपूर्ण एवं उत्साहपूर्ण वातावरण में संपन्न हुई। इस अवसर पर भास्कर नारायण, सेतु गुप्ता, अखिलेश अग्रवाल, यज्ञ प्रकाश उपाध्याय, सचिन कुमार एवं संभव जैन सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

मुख्यमंत्री आरोग्य मेले में 2536 रोगियों का किया उपचार

जागरण मोर्चा कार्यालय

चन्दौसी। जनपद सम्भल में 28 प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों एवं 5 नगरीय प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों पर 256वें मुख्यमन्त्री आरोग्य मेले का आयोजन किया गया। उक्त मेला सत्रों पर 33 चिकित्सकों एवं 139 पैरा-मेडिकल स्टाफ द्वारा कुल 2536 रोगियों (पुरुष रोगी- 1129; महिला रोगी- 971 एवं 436 बच्चों) का निश्शुल्क उपचार गया। समस्त मेला सत्रों पर आयुष्मान भारत जन-आरोग्य योजना के अंतर्गत 110 लाभार्थियों के गोल्डन कार्ड बनाये गए। समस्त मेला सत्रों पर बुखार के 189, चर्म रोग के 229, दमा के 237, मधुमेह रोग के 71, नेत्र रोग से संबंधित 78, उच्च रक्तचाप के 173 तथा अन्य रोगों के मरीज देखे गए। बुखार के संबंध में 19 मरीजों



मुख्यमंत्री आरोग्य मेले में मरीजों का उपचार करते। -जागरण मोर्चा

की मलेरिया की तथा 3 रोगियों की डेंगू की जांच की गई; जिसमें सभी संदिग्ध मरीजों की रिपोर्ट नगेटिव रही। जनपद के सभी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों पर परिवार नियोजन (फैमिली प्लानिंग) संबंधी परामर्श व परिवार नियोजन सामग्री (चाइस आफ बास्केट) के लिये अलग से एक काउंटर बनाए गए।जिलाधिकारी के निर्देशों के अनुपालन में जनपद की समस्त आशाओं के द्वारा सोर्स रिडक्सन एवं संचारी रोगों से बचाव के प्रति जागरुक किया गया तथा एक युद्ध नशे के विरुद्ध के अंतगर्त 264 व्यक्तियों को तम्बाकू छोड़ो परामर्श भी दिया गया। इस दौरान मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. तरुण पाठक तथा अन्य जनपद स्तरीय अधिकारियों द्वारा आरोग्य मेला सत्रों का निरीक्षण किया गया।

कुंदरकी में युवक की गोली मारकर हत्या एक अन्य घायल, दो आरोपी फरार

जागरण मोर्चा कार्यालय

मुरादाबाद/कुंदरकी। कुंदरकी थाना क्षेत्र के गांव छतरपुर खनूपुर में रविवार सुबह हुई गोलीबारी की घटना में 23 वर्षीय अंकित पुत्र कल्लू सिंह की मौत हो गई, जबकि आशीष नामक युवक घायल हो गया। घटना के बाद गांव में तनाव का माहौल है। सूचना मिलते ही पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों ने मौके पर पहुंचकर जांच शुरू कर दी।

ग्रामीणों के अनुसार गांव निवासी निखिल और उसका भाई विशाल लंबे समय से एक पुराने जमीन विवाद को लेकर दूसरे पक्ष से रंजिश रखते थे। बताया जा रहा है कि रविवार सुबह किसी बात को लेकर विवाद बढ़ गया और फायरिंग हो गई। गोली



अंकित का फाइल फोटो।

लगने से अंकित गंभीर रूप से घायल हो गया और उसकी मौके पर ही मौत हो गई। वहीं आशीष घायल हो गया, जिसे उपचार के लिए जिला अस्पताल भेजा गया। गांव वालों का यह भी कहना है कि मृतक के बड़े भाई द्वारा पूर्व में दलित उत्पीड़न का मुकदमा दर्ज कराया गया था, जिसके बाद से दोनों पक्षों में तनाव बना हुआ था। घटना की जानकारी मिलते ही जिलाधिकारी डॉ. राजेंद्र पेंसिया और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सतपाल अंतिल मौके पर पहुंचे। फॉरेंसिक टीम को बुलाकर साक्ष्य एकत्र किए गए। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

पुलिस अधिकारियों के अनुसार नामजद आरोपी निखिल और विशाल घटना के बाद से फरार हैं। उनकी गिरफ्तारी के लिए चार टीमों का गठन किया गया है और संभावित ठिकानों पर लगातार दबिश दी जा रही है। गांव में एहतियातन पुलिस बल तैनात कर दिया गया है, जबकि विभिन्न संगठनों ने आरोपियों की शीघ्र गिरफ्तारी की मांग की है।

भगवान श्रीकृष्ण का अवतार धर्म की स्थापना और भक्तों के कल्याण के लिए हुआ

जागरण मोर्चा कार्यालय

चन्दौसी। नगर के गौशाला रोड स्थित अनुष्का उत्सव हाल में चल रही श्रीमद्भागवत कथा के पंचम दिवस में बरेली से पधारे कथा व्यास श्री श्री 1008 महामंडलेश्वर शिवानंद महाराज ने श्रीमद्भागवत कथा में भगवान श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं का भावपूर्ण वर्णन किया। उन्होंने बताया कि भगवान ने गोकुल में विभिन्न असुरों का संहार कर भक्तों की रक्षा की तथा अपनी दिव्य लीलाओं से समस्त ब्रजवासियों को आनंदित किया। कथा में कालिया नाग दमन, माखन चोरी, गोप-गोपियों के साथ प्रेममयी लीलाओं तथा गोवर्धन पूजा का प्रसंग सुनाया गया।व्यास ने कहा कि भगवान श्रीकृष्ण का अवतार धर्म की



श्रीमद्भागवत कथा सुनतें श्रद्धालु।

स्थापना और भक्तों के कल्याण के लिए हुआ था। इस दौरान गुलाब देवी (माध्यमिक शिक्षा मंत्री), पुष्पा पांडे (राज्य महिला आयोग सदस्य), हरीश कुमार शर्मा, शरद शर्मा, चंद्रसेन, वनवारी लाल पाठक, संजय मिश्रा, अजय जैन, सुशील शर्मा, जतिन शर्मा मिंकू, निपुण शर्मा, अमित पाठक, अभिषेक गुप्ता, कुमोदिनी शर्मा, उमा श्रीवास्तव, नीता पाठक, दुर्गा टंडन, सीमा शर्मा, पूनम तिवारी आदि का सहयोग रहा।

कार्यक्रम समर कैंप में रविवार को एक प्रतियोगिता कराई गई

पेड़ों से ही हमें ताजी हवा, फल, फूल आक्सीजन प्राप्त होते

जागरण मोर्चा कार्यालय

चन्दौसी। नगर के सीता रोड स्थित रघुनाथ आश्रम में सबरंग ज्योति आर्ट अकादमी द्वारा चलाए जा रहे समर कैंप में रविवार को एक प्रतियोगिता कराई गई। जिसमें लगभग 75 बच्चों ने भाग लिया।

सबरंग अन्नी द्वारा छोटे बच्चों को देखते हुए छोटे बच्चों के द्वारा अमर ज्योति व सीनियर बच्चों के द्वारा भगत सिंह की फोटो का रंगो द्वारा चित्रण कराया गया। सभी बच्चों द्वारा बनाए गए चित्रों को निर्णायक मंडल द्वारा प्रथम, द्वितीय व तृतीय का चयन किया गया। जिसमें जूनियर में आरुषि प्रथम, द्वितीय खुशी व् तूशिखा तृतीया स्थान पर रही। इसके साथ सीनियर में हर्षिता प्रथम, ऋषभ द्वितीय और अर्णव आर्य ने तृतीय स्थान प्राप्त



मुख्यमंत्री आरोग्य मेले में मरीजों का उपचार करते। -जागरण मोर्चा

किया। विनेश शर्मा ने बच्चों को बताया कि धीरे ही सही लेकिन हमेशा चलते रहना चाहिए, क्योंकि एक समय के बाद ठहरा हुआ पानी भी सड़ने लगता है। राजीव लोचन शर्मा ने कहा कि हमें कभी भी पेड़ों को नुकसान नहीं पहुंचना चाहिए, क्योंकि पेड़ों से ही हमें ताजी हवा फल फूल आक्सीजन प्राप्त होते हैं। इसके साथ वातावरण को शुद्ध रखते हैं। पंचू लाल की तरफ से सभी को गिफ्ट बांटे गए। इस दौरान हीरालाल ज्योति, ज्ञान प्रकाश चिंटू, पारुल, वैष्णवी शर्मा, प्रफुल्ल अग्रवाल, मनोज, छुट्टन,योगेंद्र,कृष्ण गोपाल वार्ष्णेय, इंद्रपाल वार्ष्णेय, प्रियांशिका आर्य आदि का सहयोग रहा।

सार संक्षेप

जीआईसी प्रारम्भिक परीक्षा में मात्र 34.30 प्रतिशत अभ्यर्थी हुए शामिल

संभल। उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग (यूपीपीएससी), प्रयागराज द्वारा आयोजित राजकीय इंटर कॉलेज (जीआईसी) प्रारम्भिक परीक्षा-2025 शनिवार को जनपद सम्भल के छह परीक्षा केन्द्रों पर शांतिपूर्ण, निष्पक्ष एवं पारदर्शी वातावरण में सम्पन्न हुई। परीक्षा सुबह 9:30 बजे से 11:30 बजे तक आयोजित की गई। परीक्षा को सकुशल सम्पन्न कराने के लिए जिला प्रशासन द्वारा सुरक्षा, निगरानी एवं अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं के व्यापक प्रबंध किए गए थे। जनपद के छह परीक्षा केन्द्रों पर कुल 2,656 अभ्यर्थी पंजीकृत थे। जिनमें से केवल 911 अभ्यर्थी परीक्षा में सम्मिलित हुए, जबकि 1,745 अभ्यर्थी अनुपस्थित रहे। इस प्रकार परीक्षा में कुल 34.30 प्रतिशत उपस्थिति दर्ज की गई। परीक्षा केन्द्रवार आंकड़ों के अनुसार एमजीएम कॉलेज में 480 पंजीकृत अभ्यर्थियों में से 158 उपस्थित रहे। राजकीय कन्या इंटर कॉलेज, चमन सराय में 384 में से 122 अभ्यर्थियों ने परीक्षा दी। जवाहरलाल मेमोरियल कॉलेज, सिरसी में 480 में से 171, हिन्द इंटर कॉलेज में 480 में से 160 तथा राजकीय महाविद्यालय, हयातनगर में 480 में से 172 अभ्यर्थी परीक्षा में शामिल हुए। वहीं जेडीयू इंटर कॉलेज, सरायतरीन में 352 में से 128 अभ्यर्थियों ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। जिला प्रशासन के अनुसार परीक्षा के दौरान सभी केन्द्रों पर पर्याप्त प्रशासनिक एवं सुरक्षा व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गई थीं। अधिकारियों द्वारा लगातार निरीक्षण एवं निगरानी की गई तथा आयोग के दिशा-निर्देशों का कड़ाई से पालन कराया गया। कहीं से भी किसी प्रकार की अव्यवस्था अथवा शिकायत की सूचना प्राप्त नहीं हुई, जिससे परीक्षा शांतिपूर्ण एवं व्यवस्थित ढंग से सम्पन्न हुई।

शारीरिक, आध्यात्मिक और मानसिक स्वास्थ्य के लिए योग का प्रशिक्षण दिया



योग शिविर में योगा करतीं पदाधिकारी। -जागरण मोर्चा

चन्दौसी। नगर के विनायक गार्डन में जायंट्स ग्रुप आफ़ वीमेन पावर, वूमेन प्राइड एवं वूमेन एरा द्वारा आयोजित योग शिविर चतुर्थ दिन भी जारी रहा। चौथे दिन शिविर में महिलाओं को शारीरिक, आध्यात्मिक और मानसिक स्वास्थ्य के लिए योग का प्रशिक्षण दिया गया। योग प्रशिक्षिका अनुपम ने विभिन्न योगासन, प्राणायाम, ध्यान तथा स्वस्थ जीवन शैली से संबंधित जानकारी प्रदान की। तत्पश्चात सूर्य नमस्कार के बाद सभी महिलाओं को बालासन, कपालभाति,पद्मासन, सुखासन व गोमुख आसान भी सिखाया।सभी महिलाएं नए-नए आसान सीखने के लिए उत्साहित नजर आई। इस दौरान डा. सुधा चौधरी, क्षमा अग्रवाल, अनु रस्तोगी,शुभा अग्रवाल, अलका मंगलम, नीतू अग्रवाल, प्रीति अग्रवाल,अंजली चौधरी, रिशु, अदिति, मीनाली, मीनाक्षी, मनीषा, निधि, कल्पना, सानिया, तान्या, मधु, ज्योति, शिल्पी आदि कई सदस्य मौजूद रहे।

सुंदर कांड में भजनों पर झूमे श्रद्धालु



सुंदरकांड का पाठ का वाचन करते श्रद्धालु।। -जागरण मोर्चा

चन्दौसी। स्वामी भूमानंद सेवा ट्रस्ट की ओर से फड़याई बाजार स्थित मां जगदम्बा शिव मंदिर परिसर में संगीतमय सुंदर कांड पाठ का आयोजन किया गया। जिसमें सर्वप्रथम पंडित अनिल शर्मा ने विधि विधान से सभी देवी-देवताओं का पूजन संपन्न कराया। इसके उपरांत केजी शर्मा, अनिल शर्मा, अजय सक्सेना, राजू शर्मा, कल्पना वार्ष्णेय, घनश्याम वार्ष्णेय, जेएन मिश्रा, योगेंद्र कुमार शर्मा, आलोक दुबे, संजीव शर्मा, रमेश ग्रेवाल ने सभी देवी-देवताओं का पूजन संपन्न कराया। भजनों की श्रंखला में केजी शर्मा ने मनिहारी का भेष बनाया, श्याम चूड़ी बेचने आया, अजय सक्सेना ने श्री राम जानकी बैठे हैं मेरे सीने में, डाली शर्मा ने हे दुख भंजन मारुति नंदन आदि भजन सुनाकर श्रद्धालुओं को झूमने को विवश कर दिया। अंत में आरती के पश्चात प्रसाद का वितरण किया गया। इस अवसर पर गीता वार्ष्णेय, बृजेंद्र शर्मा, राकेश चौबे, बृजेश वार्ष्णेय, संजीव शर्मा, सुरेश चंद्र शर्मा, अशोक पाठक, सर्वेश गुप्ता, मयंक, पवन, शिवओम जिंदल आदि मौजूद रहे।

फूस की छत और त्रिपाल की दीवारों में गुजर-बसर को मजबूर पप्पू का परिवार

बहजोई। थाना क्षेत्र में एक मामला सामने आया है। जिसमें केंद्र और प्रदेश सरकार द्वारा गरीबों को पक्का आवास उपलब्ध कराने के दावों के बीच जनपद के गांव नगलिया भूड़ की तस्वीर कई सवाल खड़े कर रही है। गांव निवासी पप्पू जो छह बच्चों के पिता हैं, आज भी फूस की छत और त्रिपाल की दीवारों से बने अस्थायी आश्रय में रहने को मजबूर हैं। परिवार के पास न तो सुरक्षित आवास है और न ही मौसम की मार से बचने का कोई स्थायी इंतजाम। ग्रामीणों का आरोप है कि पप्पू सभी निर्धारित मानकों पर पात्र होने के बावजूद अब तक किसी भी सरकारी आवास योजना का लाभ नहीं प्राप्त कर सके हैं। ऐसे में यह सवाल उठ रहा है कि जब गरीबों के लिए आवास योजनाओं पर करोड़ों रुपये खर्च किए जा रहे हैं, तो वास्तविक जरूरतमंद परिवार इन योजनाओं से वंचित क्यों हैं। ग्रामीणों का कहना है कि केवल पप्पू ही नहीं, बल्कि गांव के कई अन्य गरीब परिवार भी आवास योजना के लाभ से बाहर हैं। इसे लेकर ग्राम प्रधान और ग्राम सचिव की कार्यप्रणाली पर भी सवाल उठाए जा रहे हैं। लोगों का आरोप है कि पात्र परिवारों के नाम सूची में शामिल नहीं किए गए, जबकि अपात्र लोगों को लाभ मिलने की चर्चाएं गांव में आम हैं। स्थानीय लोगों ने मामले की निष्पक्ष जांच कराए जाने की मांग की है। उनका कहना है कि यदि प्रशासन पारदर्शी तरीके से जांच करे तो आवास योजना के क्रियान्वयन से जुड़ी कई खामियां उजागर हो सकती हैं। ग्रामीणों का आरोप है कि कागजों में विकास के बड़े-बड़े दावे किए जाते हैं, लेकिन जमीनी हकीकत कुछ और ही कहानी बयां कर रही है। अब क्षेत्र के लोगों की नजर प्रशासन की कार्रवाई पर टिकी है। सबसे बड़ा सवाल यही है कि आखिर पप्पू जैसे जरूरतमंद परिवारों को पक्का आशियाना कब मिलेगा और आवास योजना का लाभ वास्तव में पात्र लोगों तक कब पहुंचेगा।

ग्राम पंचायत कार्यालय में चोरी के दो आरोपी गिरफ्तार

भगतपुर। पुलिस ने पंचायत कार्यालय से बैटरियां चोरी करने के दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उनके कब्जे से चोरी की गई दो बैटरियां तथा घटना में प्रयुक्त एक ई-रिक्शा भी बरामद किया है। 12 जून को ग्राम पंचायत भदगवां के कार्यालय से दो बैटरी चोरी हो गई थीं जिसमें 13 जून को रिपोर्ट दर्ज की गई थी। पुलिस ने मामले का खुलासा करते हुए रविवार को दो आरोपियों पवन व शिवशंकर निवासी ग्राम भदगवां को गिरफ्तार कर लिया। थाना प्रभारी राजीव कुमार शर्मा ने बताया कि गिरफ्तार आरोपियों की निशानदेही पर चोरी की गई दो बैटरियां तथा घटना में प्रयुक्त ई-रिक्शा बरामद किया गया। मामले में एक आरोपी अतुल निवासी ग्राम भदगवां फरार है, जिसकी गिरफ्तारी के लिए पुलिस प्रयास कर रही है।

जागरण मोर्चा
www.jagranmorcha.com

बसपा के कार्यकर्ता सम्मेलन में हाजी मुमताज अली उर्फ हाजी भुट्टो को प्रत्याशी किया घोषित

जागरण मोर्चा कार्यालय

हसनपुर। पार्टी नेतृत्व के निर्देश पर आयोजित बसपा का एक दिवसीय कार्यकर्ता सम्मेलन को संबोधित करते हुए पूर्व सांसद एवं पश्चिमी उत्तर प्रदेश प्रभारी बाबू मुनकाद अली द्वारा कार्यकर्ताओं को संबोधित किया गया और हाजी मुमताज अली उर्फ हाजी भुट्टो को हसनपुर विधानसभा का प्रत्याशी घोषित किया गया, प्रत्याशी घोषित होते ही हाजी मुमताज अली को समर्थकों ने फूलमाला पहनाकर उनका स्वागत किया। रविवार को अब्दुल्ला कॉलोनी स्थित अब्दुल्ला इंटर कॉलेज के मैदान में बहुजन समाज पार्टी का एक दिवसीय कार्यकर्ता सम्मेलन आयोजित किया गया। सम्मेलन में मुख्य अतिथि के रूप में राष्ट्रीय महासचिव एवं पश्चिम उत्तर प्रदेश प्रभारी बाबू मुनकाद अली सम्मिलित हुए। कार्यकर्ता सम्मेलन का शुभारंभ मुख्य अतिथि बाबू मुनकाद अली एवं अन्य नेताओं द्वारा बाबा साहब एवं काशीराम जी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर किया गया। इसके बाद हाजी मुमताज अली उर्फ हाजी भुट्टो के द्वारा राष्ट्रीय महासचिव बाबू मुनकाद अली को चादर उड़ा कर एवं हाथी



बाबू मुनकाज अली का स्वागत करते कार्यकर्ता। –जागरण मोर्चा

का स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। सम्मेलन को संबोधित करते हुए बाबू मुनकाद अली द्वारा कहा गया की बहन जी के शासन में हर तरफ विकास की गंगा बह रही थी, बहन जी के शासनकाल में कभी भी कोई भी हिंदू मुस्लिम दंगा नहीं हुआ। उनके कार्यकाल में अधिकारी समय से कार्यालय पहुंचकर जनता की समस्याओं का समाधान करते थे। बहन जी ने मुख्यमंत्री रहते हुए हर जाति को सम्मान देने का काम किया है। उन्होंने कहा कि वह बहन जी का संदेश लेकर आपके बीच आए हैं और बहन जी के आदेश पर विधानसभा का बसपा प्रत्याशी हाजी मुमताज अली उर्फ हाजी भुट्टो को प्रत्याशी घोषित किया जाता है। उन्होंने कहा कि आगामी 2027 के विधानसभा चुनाव में हाथी के चुनाव चिन्ह पर अपना मत देकर बहन जी के हाथों को मजबूत करें। और फिर से बहन जी को उत्तर प्रदेश का मुख्यमंत्री बनाएं। कार्यकर्ता सम्मेलन में पश्चिमी उत्तर प्रदेश प्रभारी बाबू मुनकाद अली के समक्ष एआईएमआईएम, लोक दल एवं सपा को छोड़कर सैकड़ो की संख्या में कार्यकर्ताओं ने बसपा की सदस्यता ग्रहण की।कार्यकर्ता सम्मेलन की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष सोमपाल सिंह एडवोकेट ने की तथा संचालन मुरादाबाद के पूर्व जिला अध्यक्ष निर्मल सिंह सागर द्वारा किया गया। कार्यकर्ता सम्मेलन में अजब सिंह एडवोकेट, डाक्टर अफसर अली, रोहतास शर्मा, चौधरी कावेंद्र सिंह, हम्ज़ा अली, डॉक्टर नईम, देवेंद्र सिंह, जाफर मलिक, अतर सिंह, गुड्डू प्रधान, भोजराम खड़गवंशी,रिशिपाल सिंह, लईक सैफी, रण विजय सिंह, अरुण कुमार, ओंकार सिंह, मनीराम सिंह सहित हजारों की संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।

गंगा एक्सप्रेसवे पर हादसे में पिता-पुत्री की मौत, कई घायल

घायलों को सीएचसी में कराया भर्ती, दो की हालत गंभीर, हायर सेंटर रेफर

जागरण मोर्चा कार्यालय


हसनपुर। गंगा एक्सप्रेसवे पर रविवार की प्रातः एक भीषण सड़क हादसे में पिता पुत्री की मौके पर मौत हो गई,जबकि लगभग एक दर्जन लोग घायल हो गए।घायलों को उपचार के लिए सीएचसी में भर्ती कराया गया,जहां उपचार के दौरान दो की हालत गंभीर होने पर उन्हें हायर सेंटर रेफर कर दिया।वहीं पुलिस ने शवों का पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

पंजाब के मोहाली रहने वाले लक्ष्मण पुत्र नथूलाल अपने परिवार के साथ मैजिक गाड़ी से बरेली जनपद स्थित मनोना धाम अपनी पुत्री आशु का इलाज करा कर लौट रहे थे। जैसे ही उनकी गाड़ी गंगा एक्सप्रेसवे पर थाना सैद नगली के निकट पहुंची तो सामने से अचानक कुत्ता आ गया, कुत्ते को बचाने के प्रयास में चालक ने



मृतक बाप बेटी का फाइल फोटो।

वाहन पर से नियंत्रण खो दिया और गाड़ी पलट गई। गाड़ी पलटने के बाद मौके पर चीख पुकार मचनी शुरू हो गई, चीख पुकार सुनकर स्थानीय लोग मदद को पहुंचे, इसी बीच पीछे से आ रही एक तेज रफ्तार टेंपो ट्रेवल्स ने मैजिक गाड़ी में पीछे से टक्कर मार दी और टेंपो ट्रेवल्स में कार में टक्कर मार दी। इस सड़क हादसे में लक्ष्मण एवं उसकी पुत्री आशु की घटना स्थल पर ही मृत्यु हो गई। जबकि मृतक लक्ष्मण की पत्नी सरिता, पुत्री दीपिका, पुत्र दीपक एवं राहुल, मासूम परी नैतिक एवं खुशप्रीत घायल हो गए, वही इनकी मदद के लिए



हादसे में क्षतिग्रस्त वाहन। –जागरण मोर्चा

उतरे कैंटर गाड़ी चालक शादाब पुत्र मशरूव निवासी ग्राम गंगवार दी घायल हो गया।

कार सवार दिल्ली निवासी मोहम्मद हुसैन एवं बिहार निवासी निशा भी घायल हो गई हैं। सड़क हादसे की सूचना पर थाना पुलिस एवं राहत दल मौके पर पहुंचा और घायलों को उपचार के लिए हसनपुर नगर स्थित सीएचसी में भर्ती कराया। झा उपचार के दौरान सरिता पत्नी लक्ष्मण एवं शादाब पुत्र मशरूव की हालत गंभीर देखते हुए उन्हें हायर सेंटर रेफर कर दिया गया। वहीं थाना पुलिस द्वारा शवों का पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया। थाना अध्यक्ष संजय प्रताप सिंह ने बताया कि गंगा एक्सप्रेसवे पर हुए सड़क हादसे में दो लोगों की मौत हो गई है और काफी घायल हुए हैं।घायलों को उपचार के लिए सीएचसी में भर्ती कर दिए गया है,जहां दो की हालत गंभीर होने पर हायर सेंटर रेफर कर दिया गया है। दोनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है, घटना की जांच शुरू कर दी गई है।

श्री श्याम मित्र मंडल के तत्वाधान में श्री राम महोत्सव का भव्य शुभारंभ



जागरण मोर्चा कार्यालय

गजरौला। श्री श्याम मित्र मंडल के तत्वाधान में दो दिवसीय श्री राम महोत्सव का भव्य शुभारंभ शनिवार की रात आठ बजे भगवान गणेश की वंदना और दीप प्रज्जवलन के साथ हुआ। पहले दिन मथुरा, वृदांवन व बरेली से आए कलाकारों द्वारा एक से बढ़कर एक प्रस्तुति देकर श्रद्धालुओं को भक्ति से सरोबार कर दिया। नगर के स्व-रमाशंकर कौशिक स्मृति पार्क (अवंतिका पार्क) में कलाकारों द्वारा प्रस्तुत की गईं राधा रानी की आरती, झांकी, सांवरिया सेठ, श्री खाटू श्याम, ज्वाला देवी, सिंदूर लीला हनुमान की कथा, शिव भक्ति, सीता स्वयंवर, धनुष यज्ञ, समुद्र मंथन की लीला झांकी आकर्षण का केंद्र बनी रहीं। श्रद्धालु भक्ति रस में डूबे रहे। इस मौके पर मुख्य अतिथि शिक्षक विधायक डॉ.हरि सिंह ढ़िल्लो, ब्लॉक प्रमुख पति चौधरी विरेन्द्र सिंह, नगर पालिका गजरौला चेयरपर्सन राजेंद्री देवी, नगर पालिका अध्यक्ष धनौरा प्रवीण अग्रवाल, पूर्व प्रत्याशी विधानसभा धनौरा विवेक सिंह समेत श्री श्याम मित्र मंडल के अध्यक्ष डा.राजीव शुक्ला, संयोजक कपिल सिंघल, अंकित अग्रवाल, अंकुर सिंघल, अनुज मित्तल, सचिन बंसल, संजीव सिंघल , प्रियांशु शर्मा, प्रमोद कुमार, अनुराग शर्मा, सोनू अग्रवाल, महेश प्रधान, निश्चल शर्मा, हरि सिंघल, यश शुक्ला, पंकज शर्मा, नरेंद्र चौधरी, नवीन गर्ग, रामप्रकाश गर्ग, संजय सिंघल आदि मौजूद रहे।

उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य के समक्ष उद्योग जगत ने उठाईं आठ बड़ी मांगें

जागरण मोर्चा कार्यालय

मुरादाबाद। उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य के मुरादाबाद आगमन के दौरान लघु उद्योग भारती के पदाधिकारियों ने उनसे शिष्टाचार भेंट कर निर्यातकों, उद्यमियों और व्यापारियों से जुड़ी विभिन्न समस्याओं को लेकर एक विस्तृत ज्ञापन सौंपा। इस दौरान संगठन के प्रतिनिधियों ने उद्योग जगत के सामने खड़ी चुनौतियों को रखते हुए उनके समाधान की मांग की।

उपमुख्यमंत्री का स्वागत मुरादाबाद के प्रमुख उद्योगपति एवं मेसर्स पार्थ ओवरसीज के संचालक राजीव गोयल के परम्परा फेस-2 स्थित आवास पर किया गया। इस अवसर पर लघु उद्योग भारती के पदाधिकारियों ने उन्हें शॉल और स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। संगठन ने ज्ञापन में कहा कि मुरादाबाद रेड कैटेगरी में आने



के कारण उद्योगों से लिए जाने वाले पानी के नमूनों की जांच लखनऊ भेजी जाती है। नमूने पहुंचने में अधिक समय लगने के कारण उनकी गुणवत्ता प्रभावित होती है और कई रिपोर्टें असफल घोषित हो जाती हैं। संगठन ने मांग की कि पानी की लैब टेस्टिंग की सुविधा मुरादाबाद में ही उपलब्ध कराई जाए।

उद्यमियों ने कहा कि जिले में कुशल कारीगरों और प्रशिक्षित श्रमिकों की भारी कमी है। ऐसे में सार्वजनिक-निजी सहभागिता (PPP मॉडल) के आधार पर स्किल डेवलपमेंट सेंटर स्थापित किया जाना चाहिए, जिससे उद्योगों की आवश्यकता के अनुरूप युवाओं को प्रशिक्षण दिया जा सके।

लघु उद्योग भारती ने कहा कि दशकों पहले स्थापित कई औद्योगिक इकाइयां वर्तमान में R-2 श्रेणी की बाधाओं का सामना कर रही हैं। संगठन ने पंडित नगला मिनी बाईपास रोड और प्रेम नगर इंडस्ट्रियल एरिया को औद्योगिक क्षेत्र घोषित करने की मांग उठाई, जिससे उद्यमियों को राहत मिल सके।

संगठन ने कहा कि राज्य सरकार ने नगर पंचायत और नगर पालिका क्षेत्रों में स्थित MSME इकाइयों पर गृहकर तीन गुना से घटाकर एक गुना कर दिया है। इसी प्रकार नगर निगम क्षेत्र में संचालित उद्योगों को भी यह राहत प्रदान की जानी चाहिए।

ज्ञापन में कहा गया कि अधिकांश औद्योगिक इकाइयों ने नगर निगम का जल कनेक्शन नहीं लिया है और वे भूजल विभाग की अनुमति से स्वयं बोरिंग कर पानी की व्यवस्था करती हैं। ऐसे उद्योगों से जल कर वसूली समाप्त की जानी चाहिए।

उद्योगपतियों ने बताया कि तेजी से विस्तार कर रहे मुरादाबाद में एकमात्र फायर स्टेशन पर्याप्त नहीं है। दिल्ली रोड, रामपुर रोड और कांठ रोड क्षेत्रों में नए फायर स्टेशन स्थापित किए जाने की आवश्यकता है, ताकि आपातकालीन स्थिति में समय पर राहत पहुंच सके। लघु उद्योग भारती ने कहा कि पिछले लगभग दस वर्षों से मुरादाबाद में ईएसआई अस्पताल की मांग की जा रही है। वर्तमान में ईएसआई कार्डधारक कर्मचारियों को उपचार के लिए बरेली जाना पड़ता है। जिले में हजारों कर्मचारी और बड़ी संख्या में औद्योगिक इकाइयां होने के बावजूद अभी तक अस्पताल की स्थापना नहीं हो सकी है।

संगठन ने उद्योगों को विभिन्न विभागों से एनओसी प्राप्त करने में आने वाली परेशानियों का मुद्दा भी उठाया। ज्ञापन में जिला उद्योग केंद्र (DIC) के माध्यम से प्रभावी सिंगल विंडो सिस्टम लागू करने की मांग की गई, जिससे अनुमतियों की प्रक्रिया सरल और पारदर्शी हो सके।

उपमुख्यमंत्री से मुलाकात के दौरान प्रदेश उपाध्यक्ष अजय गुप्ता, प्रदेश महामंत्री अमित अग्रवाल, मेरठ संभाग उपाध्यक्ष अंशुल अग्रवाल, मंडल अध्यक्ष हेमंत जुनेजा, मंडल उपाध्यक्ष अतुल भूटानी, इकाई अध्यक्ष रचित अग्रवाल, इकाई महासचिव अमित कपूर, कोषाध्यक्ष हिमांशु बंसल समेत अनेक उद्योगपति और पदाधिकारी उपस्थित रहे। उद्योग जगत के प्रतिनिधियों ने उम्मीद जताई कि उपमुख्यमंत्री के समक्ष उठाए गए मुद्दों पर सकारात्मक कार्रवाई होगी और इससे मुरादाबाद के उद्योग एवं निर्यात क्षेत्र को नई गति मिलेगी।

कथा जीव और ब्रह्म के मिलने को ही महारास कहते हैं

श्रीमद् भागवत कथा में रुक्मिणी विवाह का किया गया वर्णन

जागरण मोर्चा कार्यालय

हसनपुर। नगर के सरकारी अस्पताल के निकट स्थित सिविल कोर्ट बार एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष सुनील कुमार शर्मा के आवास पर आयोजित श्रीमद्भागवत कथा के छठे दिन श्रीकृष्ण-रुक्मिणी विवाह का बहुत ही सुंदर तरीके से प्रसंग सुनाया गया।

कथा व्यास आचार्य पंडित शिव शंकर भारद्वाज ने रास पांच अध्याय का वर्णन किया। उन्होंने कहा कि महारास में पांच अध्याय हैं। उनमें गाये जाने वाले पंच गीत भागवत के पंच प्राण हैं जो भी ठाकुरजी के इन पांच गीतों को भाव से गाता है वह भव पार हो जाता है। उन्हें वृंदावन की भक्ति सहज प्राप्त हो जाती है।कथा में भगवान का मथुरा प्रस्थान, कंस



कथा में मौजूद भक्त। –जागरण मोर्चा

का वध, महर्षि संदीपनी के आश्रम में विद्या ग्रहण करना, कालयवन का वध, उधव गोपी संवाद, ऊधव द्वारा गोपियों को अपना गुरु बनाना, द्वारका की स्थापना एवं रुक्मणी विवाह के प्रसंग का संगीतमय भावपूर्ण पाठ किया गया। कथा के दौरान आचार्य ने कहा कि महारास में भगवान श्रीकृष्ण ने बांसुरी बजाकर गोपियों का आह्वान किया और महारास लीला के द्वारा ही जीवात्मा परमात्मा का ही मिलन हुआ। जीव और ब्रह्म के मिलने को ही महारास कहते है। कथा के दौरान अतुल शर्मा,सुनील कुमार शर्मा, अजय कुमार शर्मा, संजय कुमार शर्मा,अभिषेक भारद्वाज,महेंद्र अग्रवाल, मनोज जोशी, सुमन शर्मा, मंजुला शर्मा, उषा शर्मा,कांति शर्मा, सोनिया शर्मा, सर्वेश अग्रवाल सहित काफी संख्या में भक्त मौजूद रहे।

कोतवाली पुलिस ने आगजनी, तोड़फोड़ एवं जाम लगाने के मामले में नामजद तीन आरोपियों को किया गिरफ्तार

जागरण मोर्चा कार्यालय

हसनपुर। कोतवाली पुलिस द्वारा ग्राम शाहपुर में तोड़फोड़, आगजनी एवं जाम लगाने के मामले में लिखे गए मुकदमे के अंतर्गत तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश किया गया।

2 जून की रात को कोतवाली क्षेत्र के ग्राम शाहपुर कला में गर्भवती विवाहिता प्रतिभा का शव मिलने के बाद उसके परिजनों द्वारा घर में तोड़फोड़, आगजनी एवं अलीगढ़ लिंक मार्ग जाम किया गया था,उप निरीक्षक सुभाष बालियान की तहरीर पर कोतवाली पुलिस द्वारा आगजनी, तोड़फोड़ एवं जाम लगाने की धाराओं में मृतका प्रतिभा के 22 परिजनो को नामजद एवं 60



आरोपी पुलिस की पकड़ में। –जागरण मोर्चा

अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया था।उक्त मुकदमे में वांछित चल रहे अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु पुलिस टीम द्वारा लगातार निगरानी एवं सुरागरसी की जा रही थी। इसी क्रम में पुलिस टीम ने सफल कार्रवाई करते हुए मेघ सिंह पुत्र राजबीर निवासी शाहपुर, सुनील पुत्र बुकेशरण एवं भावना पत्नी सुनील कुमार ग्राम तरारा, थाना सैदनगली को गिरफ्तार कार्यालय के समक्ष पेश किया गया है। प्रभारी निरीक्षक राजेश कुमार तिवारी द्वारा बताया गया कि आगजनी, तोड़फोड़ एवं जाम लगाने के मामले में तीन लोगों को गिरफ्तार करने वाले के समक्ष पेश किया गया है बाकी की गिरफ्तारी जल की जाएगी।

सार संक्षेप



दहेज हत्या के मुकदमे का आरोपी गिरफ्तार। –जागरण मोर्चा

दहेज हत्या में नामजद पांचवां आरोपी गिरफ्तार

हसनपुर। कोतवाली क्षेत्र के एक गांव में गर्भवती विवाहिता की हत्या के बाद उसके पिता की तहरीर के आधार पर कोतवाली पुलिस द्वारा दहेज हत्या के मामले में नाम दर्ज आरोपी मृतका के रिश्ते के देवर को पुलिस ने गिरफ्तार करने के बाद न्यायालय में पेश किया गया।दो जून की रात 24 वर्षीया प्रतिभा उर्फ पिंकी का शव घर के बाहर चारपाई पर पड़ा मिला था। मायके पक्ष का आरोप है कि गर्भपात कराने से इनकार करने और दहेज की मांग को लेकर प्रतिभा की गला दबाकर हत्या की गई थी। ससुराल वाले भ्रूण लिंग परीक्षण के बाद उस पर गर्भपात का दबाव बना रहे थे।इस वारदात के बाद अलीगढ़ मार्ग पर भारी हंगामा और जाम लगाया गया था, जिसे पुलिस ने कड़ी मशक्कत के बाद खुलवाया। पांच जून को पुलिस के द्वारा आरोपी पति एवं सुसर को गिरफ्तार कर लिया गया था। बाद में मृतका की सास एवं जेठ को भी पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया था।प्रभारी निरीक्षक राजेश कुमार तिवारी ने बताया कि दहेज हत्या के मामले में फरार चल रहे आरोपी आशीष पुत्र जयप्रकाश को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश किया गया है। जहां से उसे जेल भेज दिया गया।

भैंस के पैसे मांगने पर बुजुर्ग को पीटा, जान से मारने की धमकी

हसनपुर। रहरा थाना क्षेत्र के गाव में पशु व्यापार के नाम पर धोखाधड़ी और मारपीट का एक गंभीर मामला सामने आया है। रहरा थाना क्षेत्र के गांव पोरारा निवासी पीड़ित सतवीर पुत्र गजराम ने पुलिस को तहरीर देकर न्याय की गुहार लगाई है।तहरीर के अनुसार, सतवीर ने अपनी मुर्रा नस्ल की दुधारू भैंस गांव के ही सुखराम को 72 हजार रुपए में बेची थी। आरोपी उसी शाम पैसे देने का वादा कर भैंस ले गया, लेकिन एक महीना बीतने के बाद भी भुगतान नहीं किया। आरोप है कि 24 मई की सुबह जब सतवीर ने अपने पैसों का तकादा किया, तो सुखराम, उसकी तीन बेटियों और नाती पर भड़क गए।इन सभी ने मिलकर सतवीर को गालियाँ दीं और लात-घूसों व थप्पड़ों से बुरी तरह पीटना शुरू कर दिया। चीख-पुकार सुनकर पीड़ित का बेटा विरेश और अन्य ग्रामीण मौके पर पहुंचे, जिन्हें देखकर आरोपी जान से मारने और झूठे केस में फंसाने की धमकी देते हुए भाग गए। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

जमीनी विवाद को लेकर मारपीट तीन घायल

हसनपुर। कोतवाली क्षेत्र के एक गांव में जमीनी विवाद को लेकर जमकर मारपीट हुई मारपीट में दोनों पक्षों के तीन लोग घायल हो गए। घायल हालत में पीड़ित परिजनों के साथ कोतवाली पहुंचे और एक दूसरे के खिलाफ नामजद तहरीर दी। पुलिस ने तहरीर लेकर घायलों को मेडिकल के लिए सीएचसी भेज दिया जहां उनका उपचार किया गया। कोतवाली क्षेत्र के गांव हथिया खेड़ा निवासी मिश्री, धर्मवीर व मंगला तीनों सगे भाई हैं अलीगढ़ मार्ग पर स्थित जमीन को लेकर तीनों भाइयों में विवाद चल रहा है। इसी विवाद के चलते शनिवार की देर शाम तीनों भाइयों के बच्चों में कहा सुन के बाद गाली गलौज शुरू हो गई। गाली गलौज के दौरान दोनों ओर से लाठी डंडे निकल आए और जमकर मारपीट होने लगी मारपीट में केवल में हरीराज पुत्र मिश्री ओमप्रकाश पुत्र मंगला घायल हो गए। पुलिस ने तीन लोगों को हिरासत में ले लिया है।

भागवत कथा में श्री राम और श्री कृष्ण के जन्म की कथा सुनकर भाव विभोर हुए श्रद्धालु



गजरौला : श्रीमद्भागवत कथा एवं ज्ञान यज्ञ सप्ताह में रविवार को चौथे दिन की कथा में आचार्य श्री दीपक महाराज ने बताया कि महाराज दशरथ परम तपस्वी महान पराक्रमी राजा थे, जो अयोध्या में वास करते थे। उनके तीन पत्नियों थी, राजा के कोई संतान नहीं थी और वशिष्ठ मुनि जी ने महाराज दशरथ से पुत्रकामष्टी यज्ञ करवाया और उस यज्ञ के उपरांत उनके चार पुत्र राम, लक्ष्मण, भरत और शत्रुघ्न हुए। इसी प्रकार से अनेकों लीलाओं के बाद श्री कृष्ण जन्म भी हुआ। कथा पंडाल में भक्तों ने श्री कृष्ण जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया। इस मौके पर दीपक अग्रवाल, नवीन कुमार गर्ग, शुभम भारद्वाज, तुषार अग्रवाल, अर्जुन वर्मा, नीरज अग्रवाल, नितिन रस्तौगी, हर्षल कक्कड़, राधिका अग्रवाल, श्वेता गर्ग, वीना वर्मा,आशा वर्मा सुमन शर्मा इत्यादि मौजूद रहे।

उत्तर प्रदेश को दंगामुक्त, भयमुक्त और गुंडामुक्त बनाया : सतेन्द्र सिसोदिया



संभल। भारतीय जनता पार्टी के जिला कार्यालय में केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में आयोजित प्रेस वार्ता में भाजपा पश्चिम क्षेत्र के क्षेत्रीय अध्यक्ष सतेन्द्र सिसोदिया ने केंद्र एवं प्रदेश सरकार की उपलब्धियों को विस्तार से गिनाते हुए कहा कि सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंच रहा है। उन्होंने दावा किया कि उत्तर प्रदेश को दंगामुक्त, भयमुक्त और गुंडामुक्त बनाने में सरकार सफल रही है। महंगाई के मुद्दे पर विपक्ष के आरोपों का जवाब देते हुए सतेन्द्र सिसोदिया ने कहा कि महंगाई केवल भारत की समस्या नहीं है, बल्कि यह वैश्विक चुनौती है। उन्होंने कहा कि अमेरिका, पाकिस्तान, श्रीलंका और नेपाल समेत कई देशों में महंगाई का असर अधिक देखने को मिला है, जबकि भारत में पेट्रोलियम पदार्थों की कीमतों में वृद्धि अपेक्षाकृत कम रही है। उन्होंने कहा कि भारत की अर्थव्यवस्था लगातार मजबूत हो रही है और विश्व स्तर पर उसकी स्थिति सुदृढ़ हुई है। हाल में हुए भारत शिप हमले को दुर्भाग्यपूर्ण बताते हुए क्षेत्रीय अध्यक्ष ने कहा कि प्रधानमंत्री इस घटना को लेकर गंभीर हैं। उन्होंने कहा कि भारत किसी भी चुनौती के सामने झुकने वाला देश नहीं है और आवश्यकता पड़ने पर सर्जिकल स्ट्राइक जैसी कार्रवाई कर अपनी क्षमता का परिचय दे चुका है। पाकिस्तान की ओर से किए गए किसी भी दुस्साहस का भारत ने हमेशा मुंहतोड़ जवाब दिया है। कानून-व्यवस्था के मुद्दे पर उन्होंने कहा कि प्रदेश में अराजक तत्वों, माफियाओं और अवैध कब्जाधारकों के खिलाफ सख्त कार्रवाई जारी है। बुलडोजर कार्रवाई को लेकर उन्होंने स्पष्ट किया कि यह आम नागरिकों के खिलाफ नहीं, बल्कि अपराधियों और कानून तोड़ने वालों के विरुद्ध की जाती है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ प्रदेश के 25 करोड़ नागरिकों के साथ खड़े हैं, अपराधियों के साथ नहीं। पश्चिम बंगाल की राजनीति पर टिप्पणी करते हुए सिसोदिया ने कहा कि तृणमूल कांग्रेस का मौजूदा संकट उसका आंतरिक विषय है। उन्होंने दावा किया कि पहले कांग्रेस और फिर वामपंथी दलों का प्रभाव समाप्त हुआ तथा अब भाजपा के बढ़ते जनाधार के कारण टीएमसी की पकड़ कमजोर पड़ती दिखाई दे रही है। प्रेस वार्ता के अंत में भाजपा नेताओं ने केंद्र और प्रदेश सरकार की नीतियों का समर्थन करते हुए आगामी दिनों में जनसंपर्क और जनजागरण अभियान को और तेज करने की बात कही। प्रेस वार्ता में जिला अध्यक्ष चौधरी हरेंद्र सिंह, क्षेत्रीय उपाध्यक्ष राजेश सिंघल, सौरभ गुप्ता मुखिया, शिल्पी गुप्ता और मुकुल रस्तोगी समेत पार्टी के कई पदाधिकारी मौजूद रहे।

उसावां में जनकल्याण शिविर व स्वास्थ्य मेले का आयोजन, डॉ. शैलेश पाठक ने किया उद्घाटन

जागरण मोर्चा कार्यालय







दातागंज। केंद्र सरकार के सेवा, सुशासन एवं गरीब कल्याण के 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में विकास खंड उसावां परिसर में जनकल्याण शिविर एवं स्वास्थ्य मेले का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ भाजपा नेता एवं समाजसेवी डॉ. शैलेश पाठक ने फीता काटकर किया। इस दौरान विभिन्न विभागों द्वारा जनहितकारी योजनाओं की जानकारी देने के साथ स्वास्थ्य सेवाएं भी उपलब्ध कराई गईं।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि डॉ. शैलेश पाठक ने गर्भवती माताओं की गोद भराई कर उन्हें फल भेंट किए तथा नवजात शिशुओं को खीर खिलाकर उनके उज्ज्वल भविष्य और उत्तम स्वास्थ्य की कामना की। इस पहल को लेकर उपस्थित महिलाओं एवं परिवारों ने सराहना की।

स्वास्थ्य मेले में बड़ी संख्या में पहुंचे लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया तथा चिकित्सकों द्वारा आवश्यक परामर्श एवं उपचार संबंधी सेवाएं प्रदान की गईं। साथ ही पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए पौधारोपण भी किया गया और लोगों से अधिक से अधिक पेड़ लगाने का आह्वान किया गया। सभा को संबोधित करते हुए डॉ. शैलेश पाठक ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में सरकार सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण के संकल्प को पूरी निष्ठा से आगे बढ़ा रही है। उन्होंने कहा कि पिछले 12 वर्षों में समाज के हर वर्ग के विकास को नई गति मिली है और योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंच रहा है।

उन्होंने जनप्रतिनिधियों और कार्यकर्ताओं से अपील की कि वे जनता के बीच रहकर उनकी समस्याओं के समाधान में सक्रिय भूमिका निभाएं। कार्यक्रम में विकास खंड अधिकारी, खंड शिक्षा अधिकारी, मंडल अध्यक्ष राहुल कुमार लोधी, पूर्व मंडल अध्यक्ष ओमप्रताप सिंह, जिला कार्यकारिणी सदस्य अरविंद अग्निहोत्री, मंडल उपाध्यक्ष पंकज मिश्रा, मंडल मंत्री शिवम पांडेय सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता एवं क्षेत्रीय नागरिक उपस्थित रहे।

कार्यक्रम के सफल आयोजन में सहयोग देने वाले सभी अधिकारियों, कर्मचारियों एवं कार्यकर्ताओं के प्रति आयोजकों ने आभार व्यक्त किया। यह जनकल्याण शिविर एवं स्वास्थ्य मेला क्षेत्रवासियों के लिए उपयोगी एवं प्रेरणादायक साबित हुआ।

सार संक्षेप

पांच लाख की मांग पूरी न होने पर विवाहिता को मारपीट कर घर से निकाला, छह पर रिपोर्ट

अलापुर। थाना क्षेत्र के कस्बा सखानूं निवासी राधा ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि उसकी शादी करीब छह साल पहले थाना सिविल लाइन क्षेत्र के गांव कुरुऊ निवासी अनुज पुत्र लोकमन के साथ हुई थी। शादी में उसके मां-बाप ने काफी दान दहेज दिया था। शादी के कुछ दिन तक सब ठीक रहा, इसी बीच उसने एक पुत्र को जन्म दिया। पुत्र के जन्म के बाद ससुराल वालों ने खेत खरीदने के लिए पांच लाख रुपये मायके से लाने की मांग शुरु कर दी। 22 फरवरी 2024 को ससुराल वालों ने गाली गलौज करते हुए उसके साथ मारपीट की। सूचना पर उसके पिता व चाचा उसकी ससुराल पहुंचे और ससुराल वालों को समझाया, लेकिन वह लोग अपनी जिद पर अड़े रहे। 2 मार्च को ससुराल वालों ने मारपीटकर उसे व पुत्र को घर से निकाल दिया। पुलिस ने पति अनुज कुमार, ससुर लोकमनदास, सास चंद्ररेखा उर्फ पुष्पा, ननद राखी, देवर अंकुर व अभय के विरुद्ध दहेज उत्पीडन की रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरु कर दी है।

युवती को ले जाने के आरोप में तीन पर रिपोर्ट

बदायूं। बिल्सी थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी व्यक्ति ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि उसकी पुत्री अचानक घर से गायब हो गई थी। जिसकी 3 जून को गुमुशुदगी दर्ज कराई गई। इसी बीच उसे पता चला कि उसकी पुत्री को गांव का अमर सिंह पुत्र रामपाल बहला फुसलाकर ले गया है। जिसमें अमर सिंह की मां त्रिवेणी व मौसी शारदी निवासी गांव सिद्धपुर चित्रसेन ने मदद की है। पुलिस ने आरोपित युवक समेत तीन लोगों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज की है।

मां-बेटी से मारपीट करने पर चार पर प्राथमिकी

बदायूं। बिल्सी थाना क्षेत्र के गांव नाई पिंडरी निवासी अंगूरी देवी ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि 13 जून की सुबह 9 बजे पुरानी रंजिश को लेकर गांव के टीटू, पवन, नीरज, भूप सिंह ने गाली गलौज करते हुए उसके साथ मारपीट की। उसकी बेटी वसुधा ने उसे बचाने की कोशिश की तो आरोपितों ने उसके साथ भी मारपीट की। पुलिस ने आरोपितों पर रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

ग्रामीण से मारपीट में पांच पर प्राथमिकी

बदायूं। बिनावर थाना क्षेत्र के गांव निजामपुर पस्तौर निवासी अमीर अहमद ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि 29 मई को झगड़े की तहरीर देकर वह गांव लौट रहा था। तभी रास्ते में गांव के मोनिश, हुमायूं, तनवीर, शकील, दिलगीर ने उसे रोककर गाली गलौज करना शुरु कर दिया। विरोध करने पर सभी ने मिलकर लाठी-डंडो से उसे मारापीटा। जिसमें उसे काफी चोटे आई हैं। पुलिस ने आरोपितों पर रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरु कर दी है।

बच्चों के विवाद में मारपीट, चार पर प्राथमिकी

बदायूं। बिनावर थाना क्षेत्र के गांव कान्हा नगला निवासी शफीक अहमद ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि 19 मई को बच्चों के बीच में झगड़ा हो गया था। जिसकी वजह से गांव मोहम्मद, कय्यूम, गुलजार व मुख्तरी उसके घर के आगे आकर गाली गलौज करने लगे। विरोध करने पर डंडो से मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। मारपीट में उसके हाथ में गहरी चोटे आई है। पुलिस ने आरोपितों पर प्राथमिकी दर्ज कर ली है।

विवाहिता मारपीट में पति समेत नौ पर केस

बदायूं। संभल जिले के थाना बनियाठेर के मोहल्ला भेतरी गेट निवासी नत्थू अली ने थाना सिविल लाइन पुलिस को तहरीर देकर बताया कि उसने अपनी पुत्री रुबी की शादी करीब दो साल पहले थाना सिविल लाइन क्षेत्र के गांव आरिफपुर नवादा निवासी असद पुत्र सनाउद्दीन से की थी। जिसमें उसने जमीन बेचकर 20 लाख रुपये खर्च किए थे। मगर ससुराल वाले संतुष्ट नहीं हैं। दहेज कम लाने का ताना देकर पति असद, भाई अथर, मुशर्रफ, इमरान, बहनोई नाजिम, सास जैबुन निशा, बहनें बब्बो उर्फ गुलफशा, शब्बो आए दिन उसकी पुत्री के साथ मारपीट करते हैं। 12 जून को ससुरालियों ने उसे जमकर मारापीटा, जिसमें वह बेहोश हो गई। मोहल्ले के लोगों ने उसे सूचना दी। जिस पर वह बेटी की ससुराल पहुंचा और ससुराल वालों को समझाया, लेकिन उन्होंने बेटी को रखने से इंकार कर दिया। जब वह अपनी बेटी को लेकर जा रहे थे, तभी आरोपितों ने नवादा चौराहे पर उसे पकड़ लिया और मारपीट की। पुलिस ने पति समेत नौ लोगों पर दहेज उत्पीडन की रिपोर्ट दर्ज की है।

झोलाछाप के इलाज से बालक की मौत, परिजनों ने पुलिस को दी तहरीर

हजरतपुर थाना क्षेत्र के गांव बक्सेना की की घटना, आरोपी झोलाछाप क्लीनिक छोड़कर फरार

जागरण मोर्चा कार्यालय



नन्हे के परिजन। -जागरण मोर्चा



नन्हें का फाइल फोटो।

बदायूं। थाना हजरतपुर क्षेत्र के गांव बक्सेना में रविवार तड़के एक बालक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। परिजनों ने गांव के झोलाछाप पर इलाज में लापरवाही बरतने का आरोप लगाया है। जिससे बालक की जान चली गई। घटना के बाद आरोपी झोलाछाप मौके से फरार हो गया। परिजनों ने घटना की तहरीर थाना पुलिस को दी है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम को भेजकर जांच शुरु कर दी है।

थाना हजरतपुर क्षेत्र के गांव बक्सेना निवासी रामदास के पुत्र नन्हें (12) को रविवार सुबह अचानक पेट दर्द और उल्टी होने लगी। हालत बिगड़ने पर परिजन उसे गांव के एक झोलाछाप के पास इलाज के लिए ले गए। परिजनों का आरोप है कि झोलाछाप ने उसे दवा देने के साथ बोतल चढ़ाई। बोतल लगते ही बालक के मुंह से झाग निकलने लगे। जिससे उसकी हालत और गंभीर हो गई। जिससे झोलाछाप के हाथ-पांव फूल गए और उसने परिजनों से बालक को दातागंज ले जाने को कहा। परिजनों ने जैसे ही बालक को दातागंज ले जाने की तैयारी शुरु की, तभी बालक ने दम तोड़ दिया। परिजनों ने बताया कि नन्हें अपने आठ भाई-बहनों में छठे नंबर का था। बालक की मौत से परिवार में कोहराम मच गया। उधर, मौका पाकर आरोपी झोलाछाप क्लीनिक छोड़कर भाग गया। परिजनों ने आरोपी के खिलाफ पुलिस को तहरीर दी है। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम को भेजकर मामले की जांच शुरु कर दी है।



शीतल जल का वितरण करते समाजसेवी लोग। -जागरण मोर्चा

बगरैन में निःशुल्क ठंडा जल सेवा 15वें दिन भी जारी रही

जागरण मोर्चा कार्यालय

बगरैन। भीषण गर्मी और बढ़ते तापमान के बीच बगरैन में ऑल इंडिया रिपोर्टर्स एसोसिएशन (आईरा) द्वारा संचालित निःशुल्क ठंडा जल सेवा शिविर लगातार 15वें दिन भी सुचारू रूप से जारी है। आंवला रोड स्थित आईरा कैम्प कार्यालय पर 1 जून से शुरू हुई यह सेवा प्रतिदिन सुबह 8 बजे से शाम 7 बजे तक राहगीरों की प्यास बुझा रही है। तेज गर्मी में घर से बाहर निकलने वाले लोगों के लिए यह जल सेवा किसी राहत से कम नहीं है। राहगीरों ने ठंडा पानी पीकर राहत महसूस की और इस पहल की सराहना की।

इस सेवा में आईरा टीम, पत्रकारों, जनप्रतिनिधियों, व्यापारियों और सामाजिक कार्यकर्ताओं का लगातार सहयोग मिल रहा है। भाजपा युवा नेता एवं व्यापारी विपिन गुप्ता ने कहा कि "जल ही जीवन है, इसलिए पानी को व्यर्थ नहीं बहाना चाहिए और इसके संरक्षण के प्रति सभी को जागरूक होना चाहिए, ताकि आने वाली पीढ़ियों को जल संकट का सामना न करना पड़े।

भाजपा नेता डॉ. शैलेश पाठक ने भंडारे में किया प्रसाद ग्रहण

जागरण मोर्चा कार्यालय



भंडारे में प्रसाद ग्रहण करते भाजपा नेता डॉक्टर शैलेश पाठक व अन्य लोग।

उसावां। विधानसभा दातागंज क्षेत्र के नगर पंचायत उसावां में आयोजित एक विशाल धार्मिक भंडारे में वरिष्ठ भाजपा नेता डॉ. शैलेश पाठक ने पहुंचकर प्रसाद ग्रहण किया तथा संत-महात्माओं का आशीर्वाद प्राप्त किया। यह कार्यक्रम श्री राघवाचार्य महाराज के सानिध्य में जोरावर महाराज के सम्मान में आयोजित किया गया था, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया।

कार्यक्रम के दौरान डॉ. शैलेश पाठक ने श्रद्धालुओं के साथ भंडारे में बैठकर प्रसाद ग्रहण किया और क्षेत्रवासियों से संवाद भी किया। उन्होंने कहा कि ऐसे धार्मिक आयोजनों से समाज में भाईचारा, सहयोग और आध्यात्मिक ऊर्जा का संचार होता है। उन्होंने साधु-संतों से आशीर्वाद लेकर क्षेत्र की खुशहाली और समृद्धि के लिए ईश्वर से प्रार्थना की।

स्थानीय लोगों ने डॉ. पाठक का गर्मजोशी से स्वागत किया और उनके जनसेवा के कार्यों की सराहना की। क्षेत्र में हर सुख-दुख में जनता के साथ खड़े रहने के कारण वे लोगों के बीच खासे लोकप्रिय हो चुके हैं और एक जनप्रिय नेता के रूप में अपनी पहचान बना चुके हैं।

इस अवसर पर डॉ. पाठक ने अन्य कई सामाजिक एवं धार्मिक कार्यक्रमों में भी भाग लिया और लोगों की समस्याओं को सुना। उन्होंने भरोसा दिलाया कि क्षेत्र के विकास और जनता की सेवा के लिए वे सदैव तत्पर रहेंगे।

भंडारे में क्षेत्र के गणमान्य नागरिकों, कार्यकर्ताओं और बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं की उपस्थिति रही, जिससे कार्यक्रम का वातावरण पूरी तरह भक्तिमय बना रहा।

भीषण गर्मी में राहगीरों को मिली राहत, मदरसा फैजान ए रजाए मुस्तफा ने बांटा शरबत



जागरण मोर्चा कार्यालय

बिसौली। मदरसा फैजान ए रजाए मुस्तफा की ओर से नगर के रोडवेज बस स्टैंड पर रविवार को शिविर लगाकर राहगीरों को मीठा शरबत वितरित किया गया। भीषण गर्मी में ठंडा शरबत पीकर लोगों ने राहत महसूस की और इस पहल की सराहना की।

शिविर का शुभारंभ नगर पालिका अध्यक्ष अबरार अहमद एवं चौकी इंचार्ज सुभाष सिंह ने फीता काटकर किया। इस दौरान अबरार अहमद ने कहा कि गर्मी के मौसम में जरूरतमंदों को ठंडा पानी और शरबत उपलब्ध कराना बेहद पुण्य का कार्य है। वहीं सुभाष सिंह ने कहा कि राहगीरों और जरूरतमंदों की सेवा करना सबसे बड़ा धर्म है। कार्यक्रम में मदरसे के प्रिंसिपल मो. इफ्तिखार अशरफी, पूर्व सपा नगर अध्यक्ष काजी शाहनवाज खां, सदर इरशाद खां, मास्टर मो. अफसर, शफी मो. शब्बीर अहमद, मो. इशहाक सैफी, अहमद अजीम अफसर, मो. आरिफ, अमीर अहमद, शकील अहमद सैफी, मो. अयाज, मो. राशिद सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

स्काउट और गाइड संस्था ने कछला के कुष्ठ आश्रम में वितरित की दैनिक उपयोग की सामग्री

जागरण मोर्चा कार्यालय



कछला में कुष्ठ रोगियों को दैनिक उपयोग का समान और भोजन वितरण करते आडीटर सुभाष मैथित, पूर्व जिला ट्रेनिंग कमिश्नर संजीव कुमार शर्मा।

बदायूं। भारत स्काउट और गाइड संस्था के तत्वावधान में कछला के कुष्ठ रोगियों को दैनिक उपयोग की सामग्री तथा एक दिन का तैयार भोजन वितरित किया गया। संस्था के पदाधिकारियों ने कुष्ठ रोगियों को आवश्यक वस्तुएं उपलब्ध कराईं और उनके कुशलक्षेम जानी।

स्काउट संस्था के आडिटर सुभाष मैथिल ने कहा कि कुष्ठ रोगियों की सेवा कर उन्हें सम्मान और आत्मविश्वास प्रदान करना एक पुनीत कार्य है। जिला संगठन कमिश्नर मुहम्मद असरार ने कहा कि स्काउट संस्था द्वारा किए जा रहे सेवा कार्य समाज में मानवीय मूल्यों को सुदृढ़ करने का कार्य कर रहे हैं। समाजसेवी ओम प्रकाश शर्मा ने कहा कि जरूरतमंद लोगों की सहायता करना सबसे बड़ा सामाजिक धर्म है। पूर्व जिला ट्रेनिंग कमिश्नर संजीव कुमार शर्मा ने कहा कि स्काउटिंग कुष्ठ रोगियों को समाज की मुख्यधारा से जोड़ रही है। संस्था की ओर से प्रत्येक माह नहाने एवं कपड़े धोने का साबुन, चायपत्ती, पट्टियां तथा अन्य आवश्यक सामग्री उपलब्ध कराई गई। इसके साथ ही दाल-चावल, रोटी-सब्जी सहित एक दिन का तैयार भोजन भी वितरित किया गया। इस मौके पर प्रेमपाल सिंह, डीओसी मु.असरार, ओपी शर्मा, नेत्रपाल आदि मौजूद रहे।

गंगा में समाई कार, ट्रैक्टर से बाहर निकाली गई

बदायूं। कछला गंगा घाट पर रविवार को उस समय अफरा-तफरी मच गई, जब एक कार अचानक नदी के पानी में उतर गई। घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है, जिसमें कार को धीरे-धीरे गंगा में समाते हुए देखा जा सकता है। मौके पर मौजूद लोगों की भीड़ ने शोर मचाते हुए चालक को सतर्क किया और आसपास के लोगों ने तुरंत मदद के लिए दौड़ लगाई।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, कार घाट के पास खड़ी थी और अचानक नियंत्रण बिगड़ने के कारण पानी की ओर बढ़ गई। कुछ ही पलों में कार आधी से अधिक गंगा में समा गई। घटना के दौरान वहां मौजूद श्रद्धालुओं और स्थानीय लोगों में हड़कंप मच गया। हालांकि, राहत की बात यह रही कि कार में सवार लोग समय रहते बाहर निकल आए और किसी प्रकार की जनहानि नहीं हुई। घटना के बाद स्थानीय लोगों ने सूझबूझ दिखाते हुए तुरंत ट्रैक्टर और मजबूत रस्सी की व्यवस्था की। काफी मशक्कत के बाद कार को रस्सी से बांधकर धीरे-धीरे पानी से बाहर निकाला गया।

बीमारियों का सटीक उपचार हमारी दायित्व
सुदामा हॉस्पिटल
जनरल फिजिशियन (मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पीटल)
समय - प्रत्येक दिन
दोपहर 2 बजे से रात 8 बजे तक
DR. K. VERMA
MBBS (MD)
वरिष्ठ सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल, आगरा
Sr. Resident (Medicine) SGPGI, Saifai
7078173252
क्या आप इन लक्षणों/बीमारियों से परेशान हैं?
सीने में दर्द आना, बार-बार दर्द सपने आना
पेहरे पर कील, मुंहासे, पिम्पल होने या पेट की तो गैस
जोड़ों का, सिर का, पैरों का दर्द व जलन होना
बारबार बुखार आना व न उतरना
कमजोरी सा लगना व भूख न लगना
बारबार सर्दी आना/जुकाम होने आना
भूख कम करना, कब्ज (पिताबट) खुमार, पुराना टाफफाइड (हरपिट)
पेट में दर्द, पेट फूलना, गैस बनना या जलन
एलर्जी, खांसी, सांस सम्बन्धी तकलीफ का पुराना रोग
छुटनों में दर्द, पीठ दर्द, सर्वाइकल, अस्थमा
थ्रायिड एक्टिव (थाल), गाउट रोग व अन्य
हार्ड या लो बी. पी.
हार्ड या लो शुगर की बीमारी, थायरॉइड, उल्टी
दस्त, पेट दर्द, भूख न लगना
खून की कमी व विटामिन की कमी
जोड़ों में दर्द व गठिया, गिल्टीया सुखार
जॉब व खाने सम्बन्धी समस्याएं
चैन न आना, बेचैनी, तनाव रहना
बिउसिड्रापन, काम करने की समस्या
दिमाग में खुजली आना या बार-बार, बार बार
पेशाब आना मस्कती शिकायतें व अन्य
इमरजेन्सी सुविधा 24 घंटे उपलब्ध
सम्पर्क सूत्र - 9690593425, 7078173252
जिओं पेट्रोल पंप के सामने, अलापुर रोड, बदायूं

दिक्कत 4601 अभ्यर्थियों का था पंजीकरण लेकिन परीक्षा देने पहुंचे केवल 1824 अभ्यर्थी

दूर जिले में परीक्षा का सेंटर, 2777 अभ्यर्थियों ने छोड़ी प्रवक्ता परीक्षा

जागरण मोर्चा कार्यालय



परीक्षा देने के लिए कॉलेज में जाते अभ्यर्थी। -जागरण मोर्चा

बदायूं। शहर के 12 निर्धारित परीक्षा केंद्रों पर रविवार को जीआईसी प्रवक्ता परीक्षा कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हो गई। इस परीक्षा के लिए कुल 4601 अभ्यर्थी पंजीकृत थे, लेकिन इनमें से मात्र 1824 परीक्षार्थी ही उपस्थित रहे और 2777 ने परीक्षा छोड़ दी। एक बड़ी संख्या में अभ्यर्थियों के परीक्षा छोड़ने का मुख्य कारण परीक्षा केंद्रों का अत्यधिक दूर होना माना जा रहा है। सुबह साढ़े 9 बजे से शुरू हुई इस परीक्षा में शामिल होने के लिए दूर-दराज से आए छात्रों को केंद्र तक पहुंचने में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ा।

रविवार सुबह से ही परीक्षा केंद्रों पर सुरक्षा के कड़े इंतजाम देखे गए। परीक्षा शुरू होने से पहले केंद्रों पर पहुंचे अभ्यर्थियों की गहन चेकिंग और स्क्रीनिंग की गई, जिसके बाद ही उन्हें परिसर में प्रवेश की अनुमति मिली। सुबह साढ़े 9 बजे से शुरू हुई यह परीक्षा दो घंटे तक चली। साढ़े 11 बजे परीक्षा समाप्त होने के बाद छात्र केंद्रों से बाहर निकले और अपने-अपने गंतव्य के लिए रवाना हुए। इस बार परीक्षा केंद्र काफी दूर-दराज के क्षेत्रों में बनाए जाने के कारण आधे से ज्यादा पंजीकृत अभ्यर्थी परीक्षा देने पहुंचे ही नहीं। जो परीक्षार्थी केंद्रों तक पहुंचे, उन्हें भी भारी मशक्कत और लंबी दूरी तय कर आना पड़ा।

प्रशासन द्वारा जिले में इस परीक्षा के सफल आयोजन के लिए कुल 12 परीक्षा केंद्र स्थापित किए गए थे। इन केंद्रों में राजकीय महिला महाविद्यालय, राजकीय कन्या इंटर कालेज, पीएम श्री राजकीय इंटर कालेज, नेहरू मेमोरियल दास कालेज, राजाराम महिला इंटर कालेज, श्री कृष्ण इंटर कालेज (ए व बी ब्लाक), सिगलर गर्ल्स इंटर कालेज, केदारनाथ महिला इंटर कालेज, ग़िंदो देवी महिला महाविद्यालय, इस्लामियां इंटर कालेज और नगर पालिका कन्या इंटर कालेज शामिल रहे। सभी केंद्रों पर परीक्षा बिना किसी बड़ी बाधा के सुचारू रूप से संपन्न हुई।

उद्योग क्षेत्र के सबसे व्यस्त ओरछी चौराहे पर पसरा 'अंधेरा'

जागरण मोर्चा कार्यालय

- बसों से उतरने वाले राहगीरों और नाइट शिफ्ट के मजदूरों को होती है परेशानी

ओरछी : थाना फैजगंज बेहटा क्षेत्र का दिल कहे जाने वाले कस्बा ओरछी चौराहा प्रशासनिक उदासीनता के कारण अंधेरे के साए में डूबा हुआ है । औद्योगिक क्षेत्र के रूप में अपनी पहचान रखने वाले इस बेहद व्यस्ततम चौराहे पर दिन हो या रात, चौबीसों घंटे पैर रखने की जगह नहीं होती।

दूर-दराज के शहरों से आने वाली बसों की सवारियां इसी चौराहे पर उतरती और चढ़ती हैं। लेकिन विडंबना देखिए कि विकास के दावों के बीच इस मुख्य चौराहे पर रात होते ही घुप्प अंधेरा छा जाता है। रोशनी की कोई व्यवस्था न होने से राहगीरों, महिलाओं और स्थानीय व्यापारियों की सुरक्षा पूरी तरह भगवान भरोसे है सुरक्षा की दृष्टि से पुलिस दिन रात मुस्तैद रहती है। ओरछी चौराहा उद्योग क्षेत्र से जुड़ा होने के कारण यहां विभिन्न फैक्ट्रियों और व्यापारिक प्रतिष्ठानों की भरमार है। यहां काम करने वाले सैकड़ों मजदूर रात की शिफ्ट (नाइट शिफ्ट) में ड्यूटी पर आते और जाते हैं। देर रात या तड़के काम से छूटने के बाद इन मजदूरों को इसी घने अंधेरे के बीच से होकर गुजरना पड़ता है। अंधेरे के कारण आए दिन लोग आवारा पशुओं से टकराकर चोटिल हो रहे है देर रात दिल्ली हरियाणा पंजाब अन्य दूर-दराज के डिपो से आने वाली बसें जब ओरछी चौराहे पर सवारियां उतारती हैं, तो अंधेरे के कारण यात्रियों को अपना सामान संभालने और आगे का रास्ता तय करने में भारी परेशानी होती है। स्थानीय लोगों का कहना है कि अगर चौराहे पर स्ट्रीट लाइट लग जाए तो काफी परेशानियां दूर हो जाएंगी।

सम्पादकीय

पीओके की जनता को पाकिस्तानी जुल्मों से निजात दिलाने के लिए क्या भारत को सीधे दखल देना चाहिए?



पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर में अब हालात सिर्फ बिगड़ नहीं रहे हैं बल्कि यह इस्लामाबाद के खिलाफ खुले जनविद्रोह का रूप ले चुके हैं। जिन लोगों को पाकिस्तान दशकों से अपने कब्जे का हिस्सा बताकर दुनिया के सामने कश्मीर का झूठा राग अलापता रहा, वही लोग आज सड़कों पर उतरकर उसके दमनकारी चेहरे को बेनकाब कर रहे हैं। आटे पर सब्सिडी, बिजली दरों में कमी, रोजगार, राजनीतिक प्रतिनिधित्व और नागरिक अधिकारों जैसी बुनियादी मांगों को लेकर शुरू हुआ आंदोलन अब पाकिस्तान की औपनिवेशिक नीतियों के खिलाफ व्यापक जनआक्रोश में बदल चुका है।

जम्मू-कश्मीर ज्वाइंट आवामी एक्शन कमेटी के नेतृत्व में चल रहे इस आंदोलन को कुचलने के लिए पाकिस्तानी सेना, रेंजर्स और पुलिस ने जिस बर्बरता का प्रदर्शन किया है, उसने पूरी दुनिया को झकझोर कर रख दिया है। निहत्थे प्रदर्शनकारियों पर गोलियां चलाई गईं, लाठीचार्ज हुआ, आंसू गैस के गोले दागे गए और इंटरनेट सेवाएं बंद कर पूरे क्षेत्र को अंधेरे में धकेल दिया गया। विभिन्न रिपोर्टों के अनुसार अब तक दर्जनों नागरिक मारे जा चुके हैं और हजारों गिरफ्तारियां हो चुकी हैं। रावलाकोट, मीरपुर, कोटली, भीमबर और पुंछ जैसे क्षेत्रों में हालात विस्फोटक बने हुए हैं। सबसे बड़ी विडंबना यह है कि जिन लोगों की जमीनों को डुबोकर मंगला बांध बनाया गया, उन्हीं लोगों को आज आसमान छूते बिजली बिल थमाए जा रहे हैं। पाकिस्तान की अर्थव्यवस्था को ऊर्जा देने वाला यह विशाल बांध स्थानीय जनता के लिए अभिशाप बन चुका है। हजारों परिवार उजड़ गए, लेकिन पुनर्वास तक नहीं मिला। प्राकृतिक संसाधनों का दोहन पाकिस्तान करता है, लेकिन उसका लाभ स्थानीय जनता को नहीं मिलता। यही कारण है कि यह आंदोलन अब केवल आर्थिक नहीं, बल्कि अस्तित्व और सम्मान की लड़ाई बन गया है। पाकिस्तान ने तथाकथित विधानसभा और संविधान का ढांचा तो खड़ा किया, लेकिन असली सत्ता हमेशा इस्लामाबाद और रावलपिंडी के हाथों में रही। वहां की विधानसभा महज कठपुतली संस्था बनकर रह गई है। हाल ही में आरक्षित सीटों को लेकर आए फैसले ने जनता के गुस्से को और भड़का दिया। इन सीटों के जरिये पाकिस्तान अपनी पसंद की सरकारें थोपता है और कश्मीरी आवाजों को कुचल देता है। यही कारण है कि लोग अब खुलकर कह रहे हैं कि पाकिस्तान उन्हें नागरिक नहीं, गुलाम समझता है।

स्थिति इतनी बिगड़ चुकी है कि पाकिस्तान ने संयुक्त आवामी एक्शन कमेटी को प्रतिबंधित कर दिया है। इसके नेताओं के सिर पर इनाम घोषित किए गए हैं। पत्रकारों को गिरफ्तार किया जा रहा है, मीडिया पर सेंसरशिप थोप दी गई है और इंटरनेट बंद कर सच्चाई छिपाने की कोशिश की जा रही है। लेकिन दमन जितना बढ़ रहा है, जनाक्रोश उतना ही उग्र हो रहा है। ब्रिटेन और अमेरिका में बसे कश्मीरी प्रवासियों ने भी पाकिस्तान के खिलाफ प्रदर्शन शुरू कर दिए हैं। यह वही प्रवासी समुदाय है जिसे पाकिस्तान वर्षों तक भारत विरोधी प्रचार के लिए इस्तेमाल करता रहा। मगर अब वही लोग इस्लामाबाद के दमन के खिलाफ दुनिया को सच बता रहे हैं। पाकिस्तानी सेना ने पीओके के लोगों के साथ जो बर्बरता की है उसके खिलाफ गुस्सा इतना ज्यादा है कि लोग नारे लगा रहे हैं कि पाकिस्तानी सेना को कुत्ता कहना कुत्ते की तौहीन है। बाइट।

रणनीतिक दृष्टि से देखें तो यह पाकिस्तान के लिए बेहद खतरनाक स्थिति है। यह संकट उसे सीधे 1971 की याद दिला रहा है, जब दमन और सैन्य बल के सहारे पूर्वी पाकिस्तान को दबाने की कोशिश ने अंततः बांग्लादेश के निर्माण का रास्ता खोला था। आज पीओके में भी वही हालात दिखाई दे रहे हैं। जनता का भरोसा टूट चुका है और पाकिस्तान केवल बंदूक के दम पर कब्जा बनाए रखना चाहता है। लेकिन इतिहास गवाह है कि भय के सहारे किसी क्षेत्र को लंबे समय तक नियंत्रित नहीं रखा जा सकता।

उधर, भारत के लिए यह स्थिति सामरिक और कूटनीतिक दोनों दृष्टियों से अत्यंत महत्वपूर्ण है। जमीनी हकीकत यह है कि वैसे तो पूरा जम्मू-कश्मीर भारत का अभिन्न हिस्सा है लेकिन पीओके में पाकिस्तान का कब्जा अवैध है। अब जब वहां की जनता खुद पाकिस्तान के खिलाफ उठ खड़ी हुई है और भारत के साथ मिलने की बातें मुखर होने लगी हैं तो सवाल उठता है कि भारत को क्या पीओके में सीधे हस्तक्षेप करना चाहिए? इस सवाल पर अंतरराष्ट्रीय विशेषज्ञ बंटे हुए नजर आ रहे हैं। कई विश्लेषकों का कहना है कि सीधे हस्तक्षेप की बजाय भारत को अंतरराष्ट्रीय मंचों पर पाकिस्तान के मानवाधिकार उल्लंघनों को और आक्रामक तरीके से उठाना चाहिए। उनका कहना है कि भारत को संयुक्त राष्ट्र, यूरोपीय देशों और वैश्विक मानवाधिकार संगठनों के सामने यह प्रश्न मजबूती से रखना होगा कि आखिर पाकिस्तान किस नैतिक आधार पर कश्मीर की बात करता है, जब उसके कब्जे वाले क्षेत्र में जनता को जीने तक का अधिकार नहीं है। कुछ विश्लेषकों का यह भी कहना है कि यदि भारत ने पीओके में सीधे हस्तक्षेप किया तो यह सीधे सैन्य दखल के रूप में देखा जायेगा और यह दो परमाणु शक्तियों के बीच संघर्ष का खतरा बढ़ा सकता है। वैसे भी पाकिस्तान लंबे समय से आतंकवाद और उकसावे की नीति अपनाता रहा है इसलिए वह किसी भी प्रत्यक्ष कार्रवाई को युद्ध का बहाना बना सकता है। इसलिए भारत को अत्यंत संतुलित लेकिन दृढ़ रणनीति अपनानी होगी। विश्लेषकों का कहना है कि भारत के पास कई विकल्प हैं। जैसे पीओके की जनता के साथ मानवीय और सामाजिक संपर्क बढ़ाना, अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पाकिस्तान को घेरना, सीमा पर सुरक्षा और सतर्कता बढ़ाना क्योंकि पाकिस्तान ध्यान भटकाने के लिए आतंकवादी घुसपैठ बढ़ा सकता है। साथ ही पीओके के लोगों के लिए राजनीतिक संदेश देना होगा कि भारत उन्हें अपना नागरिक मानता है और उनके अधिकारों के साथ खड़ा है। विश्लेषकों का कहना है कि जम्मू-कश्मीर विधानसभा में पीओके के लिए आरक्षित 24 सीटों को सक्रिय राजनीतिक प्रक्रिया से जोड़ने पर भी गंभीरता से विचार किया जाना चाहिए। बहरहाल, फिलहाल भारत के लिए सबसे प्रभावी रास्ता यही है कि वह धैर्य, कूटनीति और रणनीतिक दबाव का संयोजन अपनाए। पीओके में जो आग भड़की है, वह केवल आर्थिक संकट का परिणाम नहीं, बल्कि दशकों के दमन, शोषण और राजनीतिक अपमान का विस्फोट है। पाकिस्तान की सबसे बड़ी समस्या यह है कि अब उसका झूठ उसके अपने कब्जे वाले क्षेत्र में ही टूट रहा है। जिस जमीन को वह कश्मीर की आजादी का प्रतीक बताता था, वहीं की जनता आज उसके खिलाफ आजादी की आवाज बुलंद कर रही है। हालात साफ संकेत दे रहे हैं कि आने वाले समय में पीओके का भारत के साथ स्वाभाविक जुड़ाव और तेज हो सकता है। स्थानीय जनता जिस तरह पाकिस्तान के खिलाफ आरपार की लड़ाई के मूड़ में दिखाई दे रही है, उससे स्पष्ट है कि इस्लामाबाद के लिए अब केवल बंदूक और दमन के सहारे वहां अपनी पकड़ बनाए रखना आसान नहीं रहेगा। स्थानीय जनता के भीतर पाकिस्तान विरोधी भावना लगातार गहरी हो रही है। यदि पाकिस्तान ने अपनी दमनकारी नीतियां नहीं बदलीं, तो वह दिन दूर नहीं जब पीओके की जनता खुद पाकिस्तान के कब्जे को खुली चुनौती देते हुए भारत के साथ खड़े होने का रास्ता चुन सकती है।

समझौते की राह खोजते अमेरिका-ईरान





मेजर सरस् त्रिपाठी

लगभग 100 दिनों के बाद पश्चिम एशिया का युद्ध एक नए चरण में प्रवेश कर गया है। फरवरी 2026 में प्रारम्भ हुए अमेरिका-इस्त्रायल बनाम ईरान संघर्ष ने अब प्रत्यक्ष सैन्य टकरावए समुद्री नाकेबंदी मिसाइल हमलों ड्रोन युद्ध और प्रतिनिधि संगठनों ;हिजबुल्लाए हूती ए हमास आदि की सक्रिय भागीदारी के बाद एक पठारावस्था में पहुंच गया है जहां कुछ नया प्राप्त करने की संभावना बहुत क्षीण हो चुकी है। जून 2026 तक स्थिति यह है कि युद्ध पूरी तरह समाप्त नहीं हुआ है। लेकिन अमेरिका और ईरान के बीच किसी प्रकार के समझौते अथवा युद्धविराम की दिशा में बातचीत भी चल रही है। अमेरिका के राष्ट्रपति दर्जनों बार युद्ध समाप्ति की घोषणा कर चुके हैं और इससे अधिक बार ईरान से समझौते की, लेकिन दोनों में से एक भी अपनी तार्किक परिणति तक नहीं पहुंच सका। अमरीकी और इस्त्राइली अनुमान के विपरीत जून 2026 तक भी ईरान की मिसाइल क्षमता पूरी तरह समाप्त नहीं की जा सकी है और वह समय.समय पर इस्त्रायल तथा अमेरिकी हितों को निशाना बना रहा है। इतना ही नहीं ईरान और अधिक प्रभावकारी तरीके से अपने मनवांछित लक्ष्यों को भेद रहा है।

अमेरिका ने तो घोषणा कर दी कि उसकी ओर से युद्ध समाप्त हो चुका है। लेकिन इस्त्रायल अभी भी दक्षिणी लेबनान में सैन्य अभियान चला रहा है तथा हिजबुल्ला के ठिकानों पर हमले कर रहा है। दूसरी ओर हिजबुल्ला भी उत्तरी इस्त्रायल पर रॉकेट और ड्रोन हमले जारी रखे हुए है। तीसरी ओर अमरीकी राष्ट्रपति ने यह दावा किया है की वह शीघ्र ही ईरान के साथ युद्ध विराम का समझौता करने वाले हैं। बातचीत अन्तिम चरण में है। हालांकि अमेरिका ने विमानवाहक पोत समूह, रणनीतिक बम वर्षक एफ 35 और एफ 22 लड़ाकू विमान, मिसाइल रक्षा प्रणालियाँ तथा नौसैनिक शक्ति क्षेत्र में तैनात रखी है। अमेरिकी सेनाएँ फारस की खाड़ी और अरब सागर में निरंतर सक्रिय हैं।

ईरान ने यह युद्ध मुख्यतः 'असममित युद्ध' के रूप में लड़ा है। उसने अपनी बैलिस्टिक मिसाइलों, ड्रोन नेटवर्क, समुद्री क्षमताओं तथा हिजबुल्ला और हूती जैसे संगठनों का व्यापक उपयोग किया है। हॉर्मुज़ जलडमरूमध्य पर उसका प्रभाव अभी भी अमेरिका और वैश्विक व्यापार के लिए एक महत्वपूर्ण रणनीतिक चुनौती बना हुआ है। अमेरिका को यह समझ आ गया है कि ईरान को सीधे सैन्य स्तर पर जीता नहीं जा सकता है। उसके तीन असैनिक कारण है-

एक, हॉर्मुज जलडमरूमध्यय, दो, ईरान का आकार और भूगोल और, तीन, ईरान के प्रोक्सी यानि छुपी सैन्य.शक्ति। अमेरिका और इस्त्राइल दोनों के लिए होथी, हिजबुल्ला और हमास काफी बड़ी कठिनाई पैदा कर रहे हैं।

अमेरिका बार-बार धमकी देकर पीछे क्यों हटता है

यह प्रश्न राजनीतिक और सामरिक दोनों दृष्टियों से महत्वपूर्ण है। इसके कई कारण हैं- पहला कारण युद्ध की बढ़ती आर्थिक लागत है। अमेरिकी रक्षा विभाग के अनुमान के अनुसार युद्ध के शुरुआती दिनों में ही अरबों डॉलर खर्च हुए थे। स्वतंत्र विश्लेषणों के अनुसार पहले छह दिनों में लगभग 11 अरब डॉलर से अधिक का व्यय हुआ था। दूसरा कारण युद्ध के क्षेत्रीय विस्तार का खतरा है - यदि युद्ध और बढ़ता है तो इराक, सीरिया, लेबनान, यमन तथा अन्य खाड़ी देशों तक फैल सकता है। यह पहले से ही लेबनान को अपने में समाहित कर चुका है। तीसरा कारण घरेलू राजनीतिक दबाव है। अमेरिकी जनता लंबे युद्धों से थक चुकी है। अफगानिस्तान और इराक के अनुभव अभी भी अमेरिकी राजनीति को प्रभावित करते हैं। चौथा और सबसे महत्वपूर्ण अमेरिका के लाख प्रयास के बाद भी हॉर्मुज जलडमरूमध्य का नियन्त्रण न कर पाना है। इसके अवरुद्ध होने से वैश्विक तेल आपूर्ति और अमेरिकी अर्थव्यवस्था दोनों प्रभावित हो रही है। सबसे महत्वपूर्ण यह है कि अमरीका अभी तक होरमूज को ईरान के नियंत्रण से स्वतंत्र नहीं कर सका है। इसलिए अमेरिका की नीति -ुदबाव और बातचीत दोनों को साथ लेकर चलने की रही है।

अमेरिका के राष्ट्रपति दर्जनों बार युद्ध समाप्ति की घोषणा कर चुके हैं और इससे अधिक बार ईरान से समझौते की, लेकिन दोनों में से एक भी अपनी तार्किक परिणति तक नहीं पहुंच सका। अमरीकी और इस्त्राइली अनुमान के विपरीत जून 2026 तक भी ईरान की मिसाइल क्षमता पूरी तरह समाप्त नहीं की जा सकी है और वह समय.समय पर इस्त्रायल तथा अमेरिकी हितों को निशाना बना रहा है। इतना ही नहीं ईरान और अधिक प्रभावकारी तरीके से अपने मनवांछित लक्ष्यों को भेद रहा है।

क्या अमेरिका मनोवैज्ञानिक रूप से युद्ध हार चुका है

यह कहना अतिशयोक्ति होगी कि अमेरिका मनोवैज्ञानिक रूप से युद्ध हार चुका है। अमेरिका अभी भी दुनिया की सबसे बड़ी सैन्य शक्ति है। परन्तु यह अवश्य कहा जा सकता है कि वह अपने घोषित राजनीतिक उद्देश्यों को शीघ्रता से प्राप्त नहीं कर सका। यदि किसी युद्ध का उद्देश्य प्रतिद्वंद्वी की इच्छा शक्ति को तोड़ना हो तो ईरान अभी भी प्रतिरोध कर रहा है। यही कारण है कि अमेरिका सैन्य विजय के साथ-साथ राजनीतिक समझौते की दिशा में भी प्रयासरत दिखाई देता है। अमेरिका के पास अभी भी विशाल सैन्य भंडार है। इसलिए यह कहना सही नहीं होगा कि उसके हथियार समाप्त हो रहे हैं। हालांकि यह सच है कि मिसाइल रक्षा प्रणाली पर भारी दबाव पड़ा है। महंगे इंटरसेप्टर मिसाइलों का बड़े पैमाने पर उपयोग हुआ है। लाल सागर और मध्य पूर्व में लंबे अभियानों ने रसद लागत बढ़ा दी है। अर्थात समस्या हथियारों की कमी से अधिक उच्च लागत और पुनःपूर्ति की गति की है।

इसके अतिरिक्त अमेरिका की मानव और आर्थिक क्षति बहुत हो चुकी है। जून 2026 तक उपलब्ध सार्वजनिक स्रोतों के आधार पर अमेरिका को अरबों डॉलर का नुकसान हो चुका है। शुरुआती सप्ताहों में ही लागत 11 अरब डॉलर से अधिक आँकी गई थी और वर्तमान कुल व्यय इससे काफी अधिक माना जा रहा है। इस्त्रायल की स्थिति भी अपेक्षा से अधिक कठिन है। इस्त्रायल को प्रारम्भ में त्वरित सफलता की आशा थी, किन्तु युद्ध अपेक्षा से अधिक लंबा खींच गया है। लगातार मिसाइल और ड्रोन हमलों ने उसके नागरिक जीवन, अर्थव्यवस्था और रक्षा तंत्र पर दबाव बढ़ाया है। प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू को भी घरेलू राजनीतिक चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है। कुछ विश्लेषकों का मानना है कि इस्त्रायल को अपेक्षा से अधिक आर्थिक और सामरिक क्षति हुई हैए भले ही वह सैन्य दृष्टि से अभी भी मजबूत स्थिति में बना हुआ हो।

तेल अवीव हैफा और अन्य शहरों में सरकार की युद्ध नीति के विरुद्ध प्रदर्शन भी हुए हैं। इस्त्रायल को हिजबुल्ला और हूती की अतिरिक्त मार झेलनी पड़ रही है। इस्त्रायल हिजबुल्ला को पूरी तरह निष्क्रिय नहीं कर सका है। हूती समूह लाल सागर और समुद्री मार्गों के लिए चुनौती बना हुआ है। बहु.मोर्चीय युद्ध, ईरान, लेबनान, यमन-इस्त्रायल के लिए अपेक्षा से अधिक कठिन सिद्ध हुआ है। जून 2026 तक की स्थिति में न तो अमेरिका-इस्त्रायल गठबंधन निर्णायक विजय प्राप्त कर सका है और न ही ईरान अपने विरोधियों को पराजित कर पाया है। युद्ध ने यह सिद्ध किया है कि आधुनिक संघर्ष केवल सैन्य शक्ति से नहीं जीते जाते। आर्थिक सहनशक्ति, राजनीतिक इच्छाशक्ति, क्षेत्रीय गठबंधन और जनमत भी उतने ही महत्वपूर्ण हैं। वर्तमान संकेत बताते हैं कि सभी पक्ष किसी न किसी प्रकार के समझौते की ओर बढ़ रहे हैं, क्योंकि युद्ध को अनिश्चित काल तक जारी रखना किसी भी पक्ष के न तो हित में है न ही सामर्थ्य में।

(लेखक सेवानिवृत्त सैन्य अधिकारी हैं)

कई राजू को जेंटलमैन बनने का इंतजार...





प्रवीण कक्कड़

गर्मियों की छुट्टियां खत्म हो रही हैं। बाजारों में नए बस्ते, किताबों की खुशबू और रंग-बिरंगी यूनिफॉर्म नजर आने लगी हैं। स्कूलों में 'प्रवेश उत्सव' की तैयारियां हैं, ताकि नौनिहालों का स्वागत किया जा सके लेकिन इस चमक-दमक के बीच, क्या हम एक समाज के रूप में खुद से एक बेहद ईमानदार सवाल पूछने के लिए तैयार हैं? क्या 'शिक्षा का अधिकार' वाकई देश के हर आखिरी बच्चे तक पहुंच पाया है, या यह सिर्फ फाइलों और उत्सवों तक सीमित है?

आज से करीब साढ़े तीन दशक पहले, 1992 में शाहरुख खान की चर्चित फिल्म 'राजू बन गया जेंटलमैन' आई थी। फिल्म का राजू तो जेंटलमैन बन गया, लेकिन 2026 के भारत में आज भी चाय के ठेलों, ढाबों, ट्रैफिक सिग्नलों और मॉलों के बाहर न जाने कितने 'राजू' ऐसे हैं, जिन्हें जेंटलमैन बनने का अवसर ही नहीं मिला। कितनी ही 'मुनिया' और 'गुड़िया' हैं, जो स्कूल की घंटी सुनने के बजाय घरों में काम करने या छोटे भाई-बहनों की जिम्मेदारी उठाने को मजबूर हैं। उनके हिस्से की किताबें और सपने आखिर कहां खो गए?

आंकड़ों का आईना

भारत आज डिजिटल क्रांति, स्टार्टअप और वैश्विक अर्थव्यवस्था की बात कर रहा है, लेकिन शिक्षा की तस्वीर का एक दूसरा पहलू भी है। केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय की यूडीआईएसई की ताजा रिपोर्ट बताती है कि प्राथमिक स्तर पर हमारा नामांकन तो लगभग लक्ष्य तक पहुंच जाता है, लेकिन माध्यमिक और उच्च माध्यमिक स्तर तक पहुंचते-पहुंचते ड्रॉपआउट दर लगभग 12.6 प्रतिशत है, यानी स्कूल जाने वाले हर 100 बच्चों में से करीब 13 बच्चे हाईस्कूल की दहलीज लांघने से पहले ही पढ़ाई छोड़ देते हैं।

नीति आयोग के 'सतत विकास लक्ष्य' और यूनिसेफ की संयुक्त रिपोर्टें भी संकेत देती हैं कि भारत में 6 से 14 वर्ष के लाखों बच्चे आज भी स्कूल से बाहर हैं, जो किसी न किसी रूप में बाल श्रम, घरेलू कार्य या असंगठित कामकाज से जुड़े हुए हैं।

मध्यप्रदेश की बात करें, तो राज्य के शिक्षा विभाग और आरटीई पोर्टल के आंकड़े बताते हैं कि हर साल 'राइट टू एजुकेशन' के तहत निजी स्कूलों की आरक्षित सीटों पर बंपर आवेदन आते हैं, लेकिन जागरूकता की कमी के कारण ग्रामीण और सुदूर आदिवासी अंचलों में हजारों सीटें खाली रह जाती हैं। समस्या केवल स्कूल में प्रवेश दिलाने की नहीं है, बल्कि बच्चे को लगातार शिक्षा से जोड़े रखने की है। जब कोई बच्चा स्कूल छोड़ता है, तो उसके लिए गरीबी, शोषण और सीमित अवसरों का दुष्चक्र और मजबूत हो जाता है।

आखिर बच्चे स्कूल से दूर क्यों हो जाते हैं?

इसके पीछे कई कारण हैं, लेकिन तीन प्रमुख कारण सबसे ज्यादा दिखाई देते हैं।

पलायन: रोजगार की तलाश में परिवार जब एक स्थान से दूसरे स्थान (विशेषकर ग्रामीण क्षेत्रों से शहरों की ओर) जाते हैं, तो बच्चों की पढ़ाई बीच में ही छूट जाती है। अस्थायी बस्तियों में रहने के कारण ये बच्चे औपचारिक शिक्षा तंत्र से कट जाते हैं।

प्रेरक माहौल का अभाव: अनेक परिवारों में पहली पीढ़ी स्कूल पहुंच रही है। वहां पढ़ाई को लेकर मार्गदर्शन और शैक्षणिक वातावरण सीमित होता है, जिससे बच्चे का मन पढ़ाई से उचटने लगता है।

जानकारी की कमी: बड़ी संख्या में वंचित वर्ग के अभिभावकों को यह पता ही नहीं होता कि सरकार उनके बच्चों के लिए कौन-कौन सी मुफ्त सुविधाएं और कानूनी अवसर उपलब्ध करा रही है।

शिक्षा का अधिकार: अवसर का दरवाजा साल 2009 में लागू शिक्षा का अधिकार अधिनियम आरटीई देश के सबसे महत्वपूर्ण सामाजिक कानूनों में से एक है। इसके तहत 6 से 14 वर्ष तक के प्रत्येक बच्चे को मुफ्त और अनिवार्य शिक्षा का अधिकार प्राप्त है। इस कानून की धारा 12(1)(C) के तहत निजी स्कूलों की प्रारंभिक कक्षाओं में 25 प्रतिशत सीटें आर्थिक रूप से कमजोर (ईडब्ल्यूएस) और वंचित वर्ग के बच्चों के लिए आरक्षित हैं।

सरकारी स्कूलों में भी मुफ्त प्रवेश, पुस्तकें, यूनिफॉर्म और मध्याह्न जैसी सुविधाएं उपलब्ध हैं। नीतियों और योजनाओं की कमी नहीं है। चुनौती यह सुनिश्चित करने की है कि इनका लाभ वास्तव में उन परिवारों तक पहुंचे, जिनके लिए इन्हें बनाया गया है।

एक छोटी कोशिश, भविष्य बदल सकती है

जब हम अपने आसपास काम करने वाले ड्राइवर, सुरक्षा गार्ड, घरेलू सहायकों, माली या अन्य कर्मचारियों से मिलते हैं, तो क्या कभी उनसे पूछते हैं कि उनके बच्चे स्कूल जाते हैं या नहीं? यहीं से बदलाव शुरू हो सकता है। यदि हम किसी एक परिवार को आरटीई की जानकारी दे दें, किसी बच्चे का ऑनलाइन प्रवेश फॉर्म भरवा दें, या किसी अभिभावक को स्कूल भेजने के लिए प्रेरित कर दें, तो वह प्रयास एक जीवन की दिशा बदल सकता है।

साक्षर से उच्च शिक्षित भारत

अक्षर ज्ञान देना साक्षरता है, लेकिन आत्मविश्वास, अवसर और बेहतर जीवन का रास्ता खोलना शिक्षा है। विकसित भारत का सपना तभी साकार होगा, जब देश का अंतिम बच्चा भी स्कूल की दहलीज पार कर पाएगा।

अगली बार जब आप किसी बच्चे को स्कूल के समय काम करते या सड़कों पर भटकते देखें, तो यह मत सोचिए कि यह केवल सरकार की जिम्मेदारी है। उस बच्चे के भीतर देश का भविष्य छिपा है। आइए, इस प्रवेश उत्सव पर हम सब एक छोटा-सा संकल्प लें अपने आसपास कम से कम एक बच्चे को स्कूल तक पहुंचाने में मदद करेंगे। जिस दिन देश का हर 'राजू' शिक्षा का समान अवसर पाएगा, उसी दिन वह अपनी जिंदगी का असली जेंटलमैन बन सकेगा।

(लेखक पूर्व पुलिस अधिकारी हैं)

पेपर लीक के विरोध में राजधानी में कांग्रेस का प्रदर्शन, पुलिस से झड़प

जागरण मोर्चा कार्यालय



लखनऊ। विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं के पेपर लीक के विरोध में राजधानी में कांग्रेस ने प्रदर्शन किया। इस दौरान पुलिस से झड़प हुई। प्रदर्शन के दौरान एनएसयूआई कार्यकर्ता बेहोश हो गया। उसे सिविल अस्पताल में भर्ती कराया गया।

नीट, लेखपाल और यूपी एसआई परीक्षा सहित विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं के पेपर लीक के विरोध में रविवार को कांग्रेस ने राजधानी लखनऊ में प्रदर्शन किया। इस दौरान पुलिस से हुई झड़प के दौरान एनएसयूआई कार्यकर्ता बेहोश हो गया। उसे सिविल अस्पताल में भर्ती कराया गया। वहीं, कार्यकर्ताओं को ईको गार्डन ले जाया गया, जहां से देर शाम छोड़ दिया गया।

कांग्रेस मुख्यालय से भारतीय राष्ट्रीय छात्र संगठन (एनएसयूआई) के राष्ट्रीय अध्यक्ष विनोद जाखड़ और मध्य क्षेत्र के अध्यक्ष अनस रहमान के नेतृत्व में कार्यकर्ता पैदल राजभवन घेराव के लिए निकले। प्रदर्शनकारी मांग कर रहे थे कि केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान इस्तीफा दें। वे लाल बहादुर शास्त्री मार्ग से आगे बढ़े थे कि पुलिस ने बैरीकेडिंग करके रोक लिया।

इस पर कार्यकर्ता बैरीकेडिंग फांद कर आगे बढ़ने की कोशिश करने लगे। यह देख पुलिस ने लाठी फटकारना शुरू किया। इस दौरान बेहोश हुए एक कार्यकर्ता को सिविल अस्पताल में भर्ती कराया गया। यहां से प्रदर्शन करने वालों को पुलिस हिरासत में लेकर ईको गार्डन पहुंची। जहां देर शाम सभी को छोड़ दिया। प्रदर्शनकारियों में प्रणव पांडेय, आफताब अहमद, अखिलेश यादव, सौरभ, रिषभ पांडेय, देवकी पटेल, मोहम्मद नईम आदि शामिल थे।

कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अजय राय ने कहा कि भाजपा सरकार लाठी के दम पर कांग्रेस की आवाज दबाना चाहती है, लेकिन वह अपने मकसद में कामयाब नहीं होगी। कांग्रेस का हर कार्यकर्ता भाजपा सरकार की कुनीतियों का विरोध करने के लिए तैयार है। कांग्रेस लाठी से डरने वाली नहीं है। पेपर लीक से लाखों युवाओं को निराशा मिली है। इन युवाओं के हक के लिए कांग्रेस प्रदर्शन कर रही है।

सार संक्षेप

मेधावियों का सम्मान, प्रतिभाओं को मिला प्रोत्साहन



मेधावी छात्र को सम्मानित करते मुख्य अतिथि विधायक गोपाल सिंह राणा।

खटीमा। राणा थारु युवा जागृति समिति से संबद्ध राणा थारु युवा मंच द्वारा प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी थारू विकास भवन में मेधावी छात्र-छात्रा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि विधायक गोपाल सिंह राणा, पीसीएस अधिकारी भरत सिंह राणा, युवा मंच के संरक्षक राजवीर सिंह राणा तथा मंच अध्यक्ष बयान सिंह राणा ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। कार्यक्रम के दौरान मंच के पूर्व अध्यक्ष स्वर्गीय डिल्लू राणा एवं स्वर्गीय मलकित राणा के आकस्मिक निधन पर उपस्थित लोगों ने दो मिनट का मौन रखकर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। समारोह में कैरियर काउंसलिंग सत्र का आयोजन भी किया गया, जिसमें हंसवाहिनी कोचिंग सेंटर के संचालक अवतार सिंह राणा ने विद्यार्थियों को विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं, शिक्षा एवं रोजगार के अवसरों के संबंध में महत्वपूर्ण जानकारी दी। मुख्य अतिथि सहित अन्य वक्ताओं ने विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर लगभग 100 मेधावी छात्र-छात्राओं को स्मृति चिन्ह एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। साथ ही मेरिट सूची में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को नगद पुरस्कार देकर प्रोत्साहित किया गया। सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने भी समारोह में आकर्षण का केंद्र रहीं। एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय के छात्र हितेश राणा ने बांसुरी वादन से सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। वहीं सात वर्षीय बालक रमन ने अपने मनमोहक नृत्य से दर्शकों की खूब तालियां बटोरीं। कार्यक्रम का संचालन मंच के प्रवक्ता दुष्यंत राणा एवं कोषाध्यक्ष वास्तव राणा ने संयुक्त रूप से किया। समारोह में मंच के उपाध्यक्ष घनश्याम राणा, पवन राणा, सचिव मनोज राणा, संगठन मंत्री मनोज राणा, कार्यालय सचिव नवीन राणा, ऑडिटर सुरजीत राणा, प्रचार मंत्री पवन राणा, अजय राणा, विधिक सलाहकार महावीर सिंह, सामाजिक सलाहकार रामकिशोर राणा, डॉ. देव सिंह राणा, आनंद सिंह राणा, जय प्रकाश राणा, उत्तम राणा, अशोक राणा, मुकेश राणा सहित बड़ी संख्या में समाज के गणमान्य लोग एवं अभिभावक उपस्थित रहे।

यूपी के इन जिलों में अब एप से मिलेगी खाद

लखनऊ। यूपी के रामपुर और सीतापुर जिलों में अब एप से खाद मिलेगी। पायलट प्रोजेक्ट के तहत इन दो जिलों से शुरुआत होगी। फ्रेमवर्क फॉर फर्टिलाइजर सेल एप डाउनलोड करना होगा। उत्तर प्रदेश के किसानों को अब एप के जरिए खाद उपलब्ध कराई जाएगी। इसकी शुरुआत 15 जून से हो रही है। पायलट प्रोजेक्ट के तहत रामपुर और सीतापुर जिले में इसकी शुरुआत की जाएगी। खाद की कालाबाजारी रोकने के लिए कृषि विभाग की ओर से लगातार प्रयास किया जा रहा है। इसी रणनीति के तहत 15 जून से रामपुर और सीतापुर जिले में यूरिया, डीएपी और एनपीके उर्वरकों का वितरण फ्रेमवर्क फॉर फर्टिलाइजर सेल एप के माध्यम से शुरु किया जा रहा है। इन दोनों जिलों में प्रयोग सफल होने के बाद अन्य जिलों में लागू किया जाएगा। किसान इस एप पर पहले से बुकिंग करेंगे। फिर निर्धारित विक्रेता से खाद प्राप्त कर सकेंगे। यह व्यवस्था किसानों को समय पर उर्वरक उपलब्धता सुनिश्चित करेगी। इससे निकटतम विक्रेता की खोज आसान होगी और उनके समय व श्रम की बचत होगी। पूरी प्रक्रिया क्यूआर कोड और टोकन आधारित होगी। इस नई व्यवस्था से किराएदार और बटाईदार किसानों को भी पूरा लाभ मिलेगा। किसान अपने एंड्रॉयड मोबाइल फोन के प्ले स्टोर में जाकर फ्रेमवर्क फॉर फर्टिलाइजर सेल एप डाउनलोड कर सकते हैं। एप के भीतर बुकिंग प्रक्रिया को चार सरल चरणों में बांटा गया है। पहले चरण में किसान अपनी भूमि और फसल का विवरण दर्ज करेंगे।

बिजली विभाग के साथ सीएम योगी की बैठक कल, 10 फीसदी बिजली बिल के अधिभार पर हो सकता है फैसला

जागरण मोर्चा कार्यालय



लखनऊ। राज्य विद्युत उपभोक्ता परिषद अध्यक्ष अवधेश कुमार वर्मा ने मांग की है कि उपभोक्ताओं से हो रही 10 फीसदी ईंधन अधिभार की वसूली तत्काल बंद की जाए। उन्होंने कहा कि उपभोक्ताओं से अनाधिकृत तौर पर वसूली की जा रही है। क्योंकि नियामक आयोग ने इसे नियमों के विपरीत करार दिया है।

उन्होंने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को पत्र भेजते हुए कहा कि 15 जून को होने वाली समीक्षा बैठक में यह पावर कार्पोरेशन के अधिकारियों से यह भी पूछा जाए कि वे किस नियम के तहत वसूली कर रहे हैं। क्योंकि अभी तक कार्पोरेशन की ओर से नियामक आयोग में वसूली से जुड़े दस्तावेज दाखिल नहीं किया गया है। परिषद के अध्यक्ष अवधेश कुमार वर्मा ने कहा कि ईंधन अधिभार शुल्क वसूली से उपभोक्ताओं में असंतोष है। नियामक आयोग इस मामले में विद्युत निगम से बार-बार आंकड़े और गणना संबंधी दस्तावेज की मांग रहा है। उत्तर प्रदेश विद्युत नियामक आयोग ने विद्युत निगम के आदेश को अपने विनियमों के अनुरूप नहीं पाया है।

आयोग ने इस मामले में सख्त रुख अपनाया है। वह विद्युत निगम से लगातार आंकड़े, गणनाएं और अभिलेख मांग रहा है। आयोग के समक्ष इस वसूली की वैधता पर गंभीर सवाल उठ रहे हैं।

इसके बावजूद उपभोक्ताओं से ईंधन अधिभार शुल्क की वसूली जारी है। प्रदेश के ऊर्जा मंत्री ने भी कहा है कि उन्हें 10 फीसदी ईंधन अधिभार शुल्क की जानकारी सामाजिक माध्यम से मिली। उनसे इस मसले पर कोई राय नहीं ली गई थी। उपभोक्ता परिषद ने विद्युत निगम की मनमानी पर रोक लगाने की मांग की है।

परिषद ने मुख्यमंत्री से तत्काल हस्तक्षेप करने और वसूली पर रोक लगाने की अपील की है। लाखों उपभोक्ताओं से अतिरिक्त शुल्क वसूला जा रहा है, जबकि इसके आधार पर विवाद है।

राम मंदिर चंदा गबन: अयोध्या सांसद की मांग ट्रस्ट को भंग किया जाए, सुप्रीम कोर्ट की निगरानी में हो जांच



जागरण मोर्चा कार्यालय

लखनऊ। समाजवादी पार्टी के सांसद अवधेश प्रसाद ने रविवार को प्रेस वार्ता कर राम मंदिर चढ़ावा प्रकरण को लेकर श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट पर गंभीर सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा गठित एसआईटी पर उन्हें भरोसा नहीं है और मामले की जांच सुप्रीम कोर्ट के निर्देशन में गठित स्वतंत्र समिति से कराई जानी चाहिए।

सांसद ने मांग की कि निष्पक्ष जांच सुनिश्चित करने के लिए पहले राम मंदिर ट्रस्ट को भंग किया जाए तथा सभी जिम्मेदार पदाधिकारियों को उनके पदों से हटाया जाए। उनका कहना था कि पद पर बने रहने से जांच प्रभावित हो सकती है। अवधेश प्रसाद ने इस मामले को सार्वजनिक करने का श्रेय सपा प्रमुख अखिलेश यादव को देते हुए कहा कि उन्होंने ही ट्वीट कर प्रकरण को सामने लाया और जांच की मांग उठाई।

उन्होंने कहा कि जांच में जो भी दोषी पाया जाए उसके खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई होनी चाहिए। सांसद ने कहा कि यह मामला केवल ट्रस्ट या प्रदेश तक सीमित नहीं है, बल्कि भगवान राम और करोड़ों श्रद्धालुओं की आस्था से जुड़ा विषय है। उन्होंने दावा किया कि चढ़ावे की रकम को लेकर कई गंभीर सूचनाएं सामने आ रही हैं और पूरी सच्चाई सुप्रीम कोर्ट की निगरानी में होने वाली जांच से ही सामने आ सकेगी।

उत्तरांचल पंजाबी महासभा की बैठक में प्रदेश कार्यकारिणी गठन पर चर्चा

जागरण मोर्चा कार्यालय



प्रदेश कार्यकारिणी गठन पर चर्चा करते उत्तरांचल पंजाबी महासभा के पदाधिकारी।

खटीमा। उत्तरांचल पंजाबी महासभा की एक बैठक में उत्तरांचल पंजाबी महासभा की प्रदेश कार्यकारिणी के गठन पर चर्चा हुई। प्रदेश कोर कमेटी सदस्य राजकुमार ठुकराल एवं हरीश जल्होत्रा की उपस्थिति में नगर अध्यक्ष विजय अरोड़ा की अध्यक्षता एवं महामंत्री हरीश बत्रा के संचालन में उत्तरांचल पंजाबी महासभा के प्रदेश अध्यक्ष की नियुक्ति पर चर्चा हुई।

बैठक में शीघ्र ही बारह सदस्य संरक्षक मंडल एवं 7 सदस्य प्रदेश कोर कमेटी व प्रदेश के विभिन्न जनपदों, नगर कार्यकारिणी एवं पंजाबी महासभा के सदस्यों के सुझाव के बाद ही प्रदेश कार्यकारिणी के प्रदेश अध्यक्ष के नाम पर रायशुमारी कर घोषणा करेंगे। कोर कमेटी सदस्य राजकुमार फुटेला एवं हरीश जल्होत्रा ने बताया कि आगामी 20 जून को देहरादून में प्रदेश कार्यकारिणी के गठन का प्रस्ताव रखा जाएगा। पंजाबी महासभा के प्रदेश सचिव मनोज बाधवा ने बताया कि पंजाबी महासभा विशुद्ध गैर राजनीतिक संगठन है। इसकी गरिमा बनाए रखना जरूरी है। कोषाध्यक्ष जतिन ग्रोवर ने बताया कि पंजाबी महासभा समाज के कमजोर तपके को मुख्य धारा से जोड़कर उनके उत्थान के लिए प्रयास करेगी। पीलीभीत रोड स्थित कार्यालय पर आयोजित बैठक में प्रदीप भाटिया अनिल बत्रा सरदार अमरजीत सिंह रोहित छावड़ा रविंद्र रैना सचिन कुमार बी ललित मोहन मरवा जतिन बिट्टू ग्रोवर मनोज गुलाटी आदि मौजूद रहे।

राम मंदिर चंदा विवाद: सोमवार को मंदिर परिसर पहुंचेगी एसआईटी

जागरण मोर्चा कार्यालय

लखनऊ। राम मंदिर की चंदा राशि में गबन प्रकरण की जांच अब तक शुरू नहीं हो सकी है। क्योंकि रविवार को एसआईटी नहीं पहुंची। एसआईटी सोमवार को अयोध्या पहुंचेगी। तब मामले की छानबीन शुरू होगी। मंदिर की चंदा राशि में हेरफेर करने का मामला बीते सप्ताह उजागर हुआ था। ट्रस्ट के पदाधिकारी खुद ही तब से छानबीन करने में जुटे हैं।

यहां तक कि रकम पार करने वाले पांच लोगों को पकड़ रखा है। उनके जरिये चोरी की काफी रकम भी बरामद कर चुके हैं। इस बीच शनिवार दोपहर श्रीराम मंदिर ट्रस्ट ने मुख्यमंत्री से मामले में एसआईटी से जांच कराने की मांग की थी। मुख्यमंत्री के निर्देश पर शासन ने देर शाम तीन सदस्यीय एसआईटी का गठन किया था। जिसमें मंडलायुक्त लखनऊ विजय विश्वास पंत, आईजी रेंज लखनऊ किरन एस और विशेष सचिव वित्त नील रतन शामिल हैं।

चर्चा थी कि एसआईटी रविवार से जांच शुरू करेगी लेकिन ऐसा नहीं हो सका। सूत्रों के मुताबिक सोमवार को एसआईटी अयोध्या पहुंचेगी। तब मामले की जांच शुरू हो सकेगी। ट्रस्ट के पदाधिकारियों से जानकारी लेने से लेकर वहां के कर्मचारी व संदिग्धों से एसआईटी पूछताछ करेगी। अब तक का पूरा ब्योरा भी जुटाएगी। मामला काफी तूल पकड़ चुका है। इसलिए माहौल चर्चाओं से भरा है। ट्रस्ट के ऑफिस के पास किसी भी बाहरी शख्स को जाने नहीं दिया जा रहा है। गुपचुप तरीके से ट्रस्ट पदाधिकारी जांच पड़ताल कर रहे हैं। वहीं रविवार को जानकारी मिली कि केंद्र के एक कोई बड़े अफसर भी पहुंचे हैं।

अग्रवाल महासभा के 10 दिवसीय योग शिविर का शुभारंभ

जागरण मोर्चा कार्यालय



10 दिवसीय योग शिविर में योगासन करते लाभार्थी। -जागरण मोर्चा

खटीमा। अग्रवाल महासभा खटीमा द्वारा आयोजित 10 दिवसीय योग शिविर का शुभारंभ शुक्रवार को सनातन धर्मशाला खटीमा में किया गया। शिविर के प्रथम दिन योग प्रशिक्षक धीरज बिनवाल ने प्रतिभागियों को विभिन्न योगासन, प्राणायाम एवं ध्यान की विधियों का अभ्यास कराया तथा नियमित योग के लाभों की जानकारी दी।

कार्यक्रम में महासभा के पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। इस अवसर पर ललित मित्तल, विपिन गोयल, सौमित्र अग्रवाल, संदीप सिंघल, प्रवीण कंसल, सचिन अग्रवाल, अनिल मित्तल, प्रदीप अग्रवाल, सुधीर गोयल, नीलम गोयल एवं निकिता गोयल सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे। महासभा के पदाधिकारियों ने नगरवासियों से अधिक से अधिक संख्या में योग शिविर में भाग लेकर स्वस्थ एवं संतुलित जीवनशैली अपनाने की अपील की। उन्होंने कहा कि योग न केवल शारीरिक स्वास्थ्य को बेहतर बनाता है, बल्कि मानसिक शांति और आत्मिक विकास में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। योग शिविर का समापन 21 जून को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर किया जाएगा। महासभा ने सभी नागरिकों से इस जनकल्याणकारी आयोजन में सहभागिता करने का आह्वान किया है।

लखनऊ से नोएडा जाने वालों के लिए खुशखबरी एक जुलाई से नियमित रूप से होंगी दो उड़ान

जागरण मोर्चा कार्यालय

लखनऊ। लखनऊ से नोएडा जाने वाले यात्रियों के लिए 15 जून को सीधी उड़ान सेवा का उद्घाटन होना है। यह सेवा पहली जुलाई से यात्रियों को नियमित रूप से मिलेगी। खास यह है कि इंडिगो नोएडा के लिए दो सीधी उड़ानें शुरू करेगा। इसमें एक सुबह व दूसरी रात में संचालित होगी। उड़ान करीब एक घंटे में यात्रा पूरी करेगी।

सोमवार को लखनऊ से नोएडा के लिए इंडिगो एयरलाइंस की विशेष विमान सेवा 6ई-2278 सुबह 7:05 बजे उड़ान भरकर सुबह 8:05 बजे नोएडा के जेवर एयरपोर्ट पहुंचेगी। वापसी में उड़ान संख्या 6ई-2279 जेवर एयरपोर्ट से शाम 6:55 बजे रवाना होगी और रात आठ बजे लखनऊ पहुंचेगी। नोएडा से लखनऊ के लिए 6ई-7624 सुबह 5:50 बजे उड़ान भरकर सुबह सात बजे पहुंचेगी। वापसी में 6ई-7625 लखनऊ से सुबह 7:25 बजे उड़ान भरकर सवा घंटे बाद सुबह 8:40 बजे नोएडा पहुंच जाएगी। इसी क्रम में नोएडा से 6ई-7628 दोपहर 3:05 बजे उड़ान भरकर शाम सवा चार बजे लखनऊ पहुंचेगी। इसके बाद लखनऊ से 6ई-7629 रात 9:40 बजे उड़ान भरकर एक घंटे दस मिनट बाद रात 10:50 बजे नोएडा पहुंच जाएगी।

नोएडा से लखनऊ के लिए सीधी उड़ान का किराया 3394 रुपये जबकि लखनऊ से नोएडा के लिए 4021 रुपये चल रहा है। लखनऊ से दिल्ली जाने वाले विमानों का किराया भी करीब इतना ही रहता है। ऐसे में यात्रियों को दिल्ली से नोएडा जाने की जहमत नहीं उठानी होगी। इंडिगो की यह विमान सेवा सातों दिन चलेगी। लखनऊ से नोएडा जाने वाले यात्रियों को अभी तक विमान से दिल्ली जाना पड़ता था।

आयोजन तलवार फार्म स्थित शहीद हरिकिशन शिक्षण संस्थान में भव्य एवं दिव्या कार्यक्रम आयोजित

जन-जन की सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में सीएम धामी ने गिनाई केंद्र व राज्य सरकार की उपलब्धियां

जागरण मोर्चा कार्यालय



दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ करते मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी।



उत्कृष्ट कार्य के लिए छात्राओं को सम्मानित करते मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी

खटीमा। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने तीन दिवसीय प्रवास के दौरान रविवार को नेपाल से लगी सीमा अशोक फार्म के शहीद हरकिशन शिक्षण संस्थान में आयोजित जन जन की सरकार मुख्य सेवक आपके द्वार कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि प्रतिभाग किया। इस दौरान मुख्यमंत्री धामी का फूल माला पहनाकर आम जनता ने जोरदार स्वागत किया।

डीएम ने स्वयं सहायता समूह की महिलाओं द्वारा तैयार पंचमुखी हनुमान की तस्वीर मुख्यमंत्री को भेंट की। कार्यक्रम का शुभारंभ सीएम धामी ने दीप प्रज्वलित कर किया। कार्यक्रम स्थल पर समस्त सरकारी विभागों के स्टॉल सजे थे। कार्यक्रम के संबोधन में सीएम धामी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश का विकास सुशासन और जनकल्याणकारी योजनाएं क्रियान्वित कर देश नए युग में प्रवेश कर चुका है। इस दौरान धामी ने पिछले वर्षों में केंद्र सरकार के गरीबों, किसानों व महिलाओं एवं युवाओं के हित में दिए गए फैसलों, राष्ट्र एवं जनहित के विकास के कार्यों को अग्रसर बताया। उन्होंने आयुष्मान भारत, किसान सम्मन निधि, मुक्त राशन, उज्जवला योजना, जल जीवन मिशन आदि योजनाओं के क्रियान्वयन से देश के लोगों को लाभ होने की जानकारी दी। प्रदेश में स्वास्थ्य, शिक्षा, सड़क, पर्यटन एवं हवाई कनेक्टिविटी को क्षेत्र के विकास में नए आयाम देने की जानकारी दी। भ्रष्टाचार के खिलाफ अपनायी गयी नीति तथा भर्ती प्रक्रिया में बरती गई पारदर्शिता का आम जनता को लाभ बताया।

सीएम धामी ने खटीमा को अपना घर बताते हुए कहा कि क्षेत्र के विकास में कोई कमी नहीं आने दी जाएगी। उन्होंने क्षेत्र की जनता को देश में प्रदेश को सबसे श्रेष्ठ राज्य बनाने में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करने की अपील की। जिला पंचायत अध्यक्ष अजय मौर्य ने कहा कि धामी सरकार प्रदेश की जनता की समस्याओं के समाधान के लिए बेहद संवेदनशील है। क्षेत्र की समस्याओं को धामी के संज्ञान में डालकर उनका समाधान कराया जाता है।

कार्यक्रम में मत्स्य विभाग द्वारा ओर्नामेंटल फिश यूनिट निर्माण के लिए संजीत कुमार को 1,80,000 एवं प्रदेश राय को 1,20,000 की राशि से लाभान्वित किया। इसके अतिरिक्त 22 किसानों को रासायनिक उर्वरक वितरण की। इस अवसर पर दर्जा मंत्री अनिल कपूर डब्बू, किशन सिंह बिष्ट किन्ना, रंजीत सिंह नामधारी, मोहनी पोखरिया, नगर पालिका अध्यक्ष रमेश सिंह जोशी, पूर्व विधायक डॉ प्रेम सिंह राणा, जिपंस सागर धामी, प्रेम सिंह टूरना, राजपाल सिंह, अशोक बत्रा, महेंद्र ठाकुर, विमल बिष्ट, डीएम नितिन भदोरिया, एसएसपी अजय गणपति मिश्रा, एसपी उत्तम सिंह नेगी, सांसद प्रतिनिधि रविंद्र सिंह राणा, बीएस बोरा आदि मौजूद थे।

स्वास्थ्य कैंप व चौपाल में पहुंचे प्रभारी मंत्री डिजिटल लाइब्रेरी का किया लोकार्पण



स्वास्थ्य शिविर में बलदेव सिंह औलख व अन्य अधिकारी। –जागरण मोर्चा

जागरण मोर्चा कार्यालय

अमरिया। केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में ब्लॉक सभागार एवं ग्राम पंचायत बल्लिया में स्वास्थ्य कैंप, संवाद कार्यक्रम और "सरकार आपके द्वार" चौपाल का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में जनपद के प्रभारी मंत्री बलदेव सिंह औलख ने ग्रामीणों से संवाद कर उनकी समस्याएं सुनीं तथा अधिकारियों को त्वरित निस्तारण के निर्देश दिए। मंत्री ने ग्राम पंचायत बल्लिया में डिजिटल लाइब्रेरी का लोकार्पण किया तथा "एक पेड़ मां के नाम" अभियान के तहत पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। इस दौरान किसानों को बीज किट, आवास योजना के लाभार्थियों को चाबियां, दिव्यांगजन व अन्य योजनाओं के लाभार्थियों को प्रमाणपत्र तथा रोजगार से जुड़े युवाओं को नियुक्ति पत्र वितरित किए गए। कार्यक्रम में ज्ञानेन्द्र सिंह, मुख्य चिकित्सा अधिकारी भुवन चन्द्र पंत, ब्लॉक प्रमुख निशांत सिंह, भाजपा जिलाध्यक्ष सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी, जनप्रतिनिधि और ग्रामीण मौजूद रहे।

झाड़-फूंक के दौरान बेहोश हुई युवती, धर्मांतरण की आशंका

सूचना पर संगठन के लोगों ने किया हंगामा,चार गिरफ्तार

जागरण मोर्चा कार्यालय

पूरनपुर। झाड़-फूंक करने के दौरान एक युवती अचानक बेहोश हो गई। घटना की जानकारी मिलते ही गांव में बड़ी संख्या में लोग एकत्र हो गए। इसी बीच कथित धर्मांतरण की सूचना फैलने पर राष्ट्रीय बजरंग दल के कार्यकर्ता भी मौके पर पहुंच गए। उन्होंने झाड़-फूंक करने आए युवक को पकड़ लिया और उसके खिलाफ कार्रवाई की मांग को लेकर हंगामा शुरू कर दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने चार लोगों को हिरासत में लिया है।

माधोटांडा थाना क्षेत्र के गांव रम्पुरा फकीरे निवासी एक परिवार के यहां काफी समय से घरेलू परेशानियां चल रही है। रविवार को गहलुईया क्षेत्र का एक युवक घर पर पहुंचा। बताया जाता है कि झाड़-फूंक की प्रक्रिया के दौरान उसने युवती पर लौंग उतार कर फैंकी। कुछ ही देर बाद युवती अचेत होकर गिर पड़ी।



मौके पर पकडा गया युवक और मौजूद लोग। –जागरण मोर्चा

युवती के बेहोश होने पर परिवार के लोग घबरा गए और शोर-शराबा होने लगा। देखते ही देखते घटना की जानकारी पूरे गांव में फैल गई और मौके पर ग्रामीणों की भीड़ जमा हो गई। झाड फूंक करने वाले को पकड लिया। कुछ लोगों ने युवक की गतिविधियों पर संदेह जताते हुए धर्मांतरण का आरोप लगाना शुरू कर दिया। मामले की सूचना पर राष्ट्रीय बजरंग दल के कार्यकर्ता पहुंच गए और हंगामा शुरू कर दिया। उनका आरोप था कि गांव में काफी समय से धर्मांतरण का खेल चल रहा है। जिसमे पकडे गए युवक के अलावा कई लोग शामिल है। पकडा गया युवक गहलुईया का बताया जा रहा है। हंगामे की सूचना मिलते ही माधोटांडा पुलिस मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने युवक को कब्जे में ले लिया। पुलिस ने चार लोगों को हिरासत में लिया है। पुलिस ने वताया कि हिरासत में लिए गए लोगों से पूछताछ की जा रही है।

सार संक्षेप

चादरपोशी के साथ हजरत मेंदू शाह बाबा के 66वें उर्स का समापन



मज़ार पर चादर चढ़ाते अक़ीदतमंद। –जागरण मोर्चा

पूरनपुर। कोतवाली के पास स्थित हजरत मेंदू शाह बाबा की दरगाह पर आयोजित 66वें उर्स का रविवार को कुल शरीफ की फातिहा और चादरपोशी के साथ समापन हो गया। उर्स के अंतिम दिन बड़ी संख्या में जायरीनों ने दरगाह पर हाजिरी देकर मुल्क में अमन, चैन और खुशहाली की दुआ मांगी। उर्स के दौरान दूर-दराज क्षेत्रों एवं आसपास के जिलों से आए श्रद्धालुओं ने दरगाह पर चादर चढ़ाई। कुल की रस्म के बाद लंगर का आयोजन किया गया, जिसमें हजारों लोगों ने शिरकत की। दरगाह कमेटी के पदाधिकारियों ने बताया कि हर वर्ष आयोजित होने वाले इस उर्स में बड़ी संख्या में जायरीन पहुंचते हैं। कार्यक्रम में हाजी लियाकत उर्फ भूरे भाई सहित अनेक लोग मौजूद रहे।

अवैध तमंचा व कारतूस के साथ वांछित गिरफ्तार

जहानाबाद। पुलिस ने एक मुकदमे में वांछित चल रहे आरोपी को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से एक अवैध 12 बोर तमंचा और एक जिंदा कारतूस बरामद किया है। पुलिस के अनुसार ग्राम भानडंडी निवासी जबर शाह को वसंतपुर मार्ग से गिरफ्तार किया गया। आरोपी के खिलाफ पहले से मारपीट, बंधक बनाने और अन्य गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज है। पुलिस का कहना है कि आरोपी 18 मई को हुए एक विवाद के मामले में वांछित चल रहा था। घटना से संबंधित वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हुआ था। गिरफ्तार आरोपी के खिलाफ विधिक कार्रवाई कर उसे न्यायालय में पेश किया गया। गिरफ्तारी टीम में प्रभारी निरीक्षक जय शंकर सहित अन्य पुलिसकर्मी शामिल रहे।



अवैध तमंचे और कारतूस के साथ गिरफ्तार आरोपी। –जागरण मोर्चा

चोरी की बाइक समेत युवक गिरफ्तार

पीलीभीत। थाना कोतवाली पुलिस ने मोटरसाइकिल चोरी के मामले का खुलासा करते हुए एक आरोपी को चोरी की बाइक सहित गिरफ्तार किया है। पुलिस ने सरसैंया मोड़ के पास से राशिद (20) निवासी पिंक सिटी, मरिजंद को पकड़ा और उसके कब्जे से चोरी की गई स्प्लेंडर मोटरसाइकिल (संख्या यूपी 26 जेड 9591) बरामद की। पुलिस के अनुसार बाइक 5 जून को मलिक अहमद स्थित मस्जिद के पास से चोरी हुई थी। मामले में मुकदमा दर्ज कर जांच की जा रही थी। बरामदगी के आधार पर आरोपी के खिलाफ संबंधित धाराओं में कार्रवाई कर उसे न्यायालय में पेश किया गया।



चोरी की बाइक के साथ पुलिस की गिरफ्त में आया युवक। –जागरण मोर्चा

स्वास्थ्य मेले और जनकल्याण शिविर का हुआ आयोजन

जागरण मोर्चा कार्यालय



प्रमाणपत्र वितरित करते जनप्रतिनिधि। –जागरण मोर्चा

पूरनपुर। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कार्यकाल के 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में रविवार को पूरनपुर विकास खंड सभागार में स्वास्थ्य विभाग द्वारा एक विशाल जन-कल्याण शिविर एवं स्वास्थ्य मेले का आयोजन किया गया।

मुख्य अतिथि के रुप में पहुंचे भाजपा विधायक वावूराम पासबान व ब्लाक प्रमुख मानसी सिंह ने फीता काटकर आयोजन का शुभारंभ किया। उन्होंने लोगों को सरकार की ओर से चलाई जा रहीं योजनाओं के बारे में जानकारी दी।

मेले के दौरान केंद्र व राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देकर विभिन्न विभागों के स्टालों का विस्तृत निरीक्षण किया गया। इनमें स्वास्थ्य विभाग (मातृत्व स्वास्थ्य, नियमित टीकाकरण, टीबी उन्मूलन,पोषण, परिवार कल्याण, आयुष्मान कार्ड) सहित कृषि विभाग,फसल बीमा योजना, समाज कल्याण, श्रम विभाग, राजस्व विभाग, यूपी नेडा और पशुपालन विभाग के स्टाल शामिल रहे। अधिकारियों से योजनाओं की प्रगति की जानकारी ली और उपस्थित जनसमुदाय को मोदी सरकार की नीतियों से अवगत कराया।

इसके साथ ही आयुष्मान कार्ड, मुख्यमंत्री आवास योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, सुकन्या समृद्धि योजना और 'बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ' जैसी योजनाओं के पात्र लाभार्थियों को प्रमाण पत्र भी वितरित किए। इस अवसर जिला महामंत्री महादेव गाईन, जिला महामंत्री अनुराग अग्निहोत्री, क्षेत्र पंचायत सदस्य विचित्र सिंह, मानस शुक्ला, सभासद सूरज बाथम, प्रदीप सिंह, रितेश गुप्ता सहित कई मौजूद रहे।

राधारानी रसोईघर का हुआ शुभारंभ



राधारानी रसोईघर में खाना वितरण करते विधायक। –जागरण मोर्चा

जागरण मोर्चा कार्यालय

पूरनपुर। नगर के श्री राधा माधव मंदिर सीतापुर आंख अस्पताल के पास रविवार को एक सराहनीय पहल की शुरुआत हुई है। दिनेश गुप्ताऔर मदन लाल गुप्ता जी के द्वारा राधा रानी रसोई घर' का मुख्य अतिथि के रुप में पहुंचे भाजपा विधायक बाबूराम पासबान ने फीता काटकर भव्य शुभारंभ किया। उन्होंने इस कार्य को लेकर सरहाना की।

उन्होंने कहा कि इस रसोई घर का मुख्य उद्देश्य लोगों को बेहद कम दाम में घर जैसा शुद्ध, सात्विक और स्वादिष्ट भोजन उपलब्ध कराना है। इस अवसर पर नगरपालिका अध्यक्ष शैलेंद्र गुप्ता, व्यापार मंडल प्रदेश उपाध्यक्ष हंस राज गुलाटी, अशोक खंडेलवाल, डॉ दिनेश गुप्ता, विजय पाल विक्की, हर्ष गुप्ता, मनोज गुप्ता सोना, अरविन्द पाण्डेय सहित अन्य नगर के सम्मानित लोग उपस्थित रहे। सभी ने इस सेवा भाव की सराहना की और इसे नगर के लिए एक उत्तम प्रयास बताया। सूचना पाकर कई लोग मौके पर पहुंचे और सरहाना की।

मोदी सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने पर विकास और जनकल्याण पर हुआ संवाद

जागरण मोर्चा कार्यालय



12 वर्ष पूरे होने पर जिले में भाजपा के कार्यक्रम में जनप्रतिनिधि। –जागरण मोर्चा

पीलीभीत। केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में जनपद में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। जनपद प्रभारी मंत्री बलदेव सिंह औलख ने मीडिया संवाद और प्रबुद्ध वर्ग सम्मेलन में कहा कि मोदी सरकार ने जनधन, उज्ज्वला, आयुष्मान भारत, किसान सम्मान निधि, मुद्रा, लखपति दीदी और सूर्य घर जैसी योजनाओं के माध्यम से अंतिम व्यक्ति तक विकास पहुंचाने का कार्य किया है।

गांधी सभागार में आयोजित संवाद कार्यक्रम में प्रभारी मंत्री ने जनपद में चल रही प्रमुख विकास परियोजनाओं की जानकारी देते हुए बताया कि विभिन्न सेतु, सड़क, मेडिकल कॉलेज और शिक्षा संबंधी परियोजनाओं पर करोड़ों रुपये की लागत से कार्य कराए जा रहे हैं। वहीं राज्यमंत्री संजय सिंह गंगवार ने कहा कि जनपद को मेडिकल कॉलेज की सौगात मिली है तथा भविष्य में नर्सिंग कॉलेज, विश्वविद्यालय और शहर को सीसीटीवी नेटवर्क से जोड़ने की दिशा में भी कार्य किया जाएगा।

विकास खंड मरौरी में आयोजित कार्यक्रम में स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं ने अपने उत्पादों की प्रदर्शनी लगाई। ग्राम पंचायत चंदोई की मधु मौर्य द्वारा तैयार किए गए फैशन डिजाइनिंग उत्पादों की मंत्री ने सराहना करते हुए इसे महिला सशक्तिकरण और आत्मनिर्भर भारत का उदाहरण बताया। कार्यक्रमों में जनकल्याणकारी योजनाओं, स्वरोजगार, महिला सशक्तिकरण तथा विकसित भारत के संकल्प पर विस्तार से चर्चा की गई।

सीओ पूरनपुर को दी गई भावभीनी विदाई

पूरनपुर। पूरनपुर पुलिस क्षेत्राधिकारी (सीओ) प्रतीक दहिया का कुछ दिन पहले तबादला लखनऊ हो गया था। तबादला होने के बाद रविवार को उन्हें भावभीनी विदाई दी गई। विदाई समारोह में पुलिस अधिकारियों,क्षेत्र के गणमान्य लोगों ने उनके कार्यकाल की सराहना करते हुए उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं।

समारोह के दौरान कहा कि सीओ ने अपने कार्यकाल में कानून व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने,अपराध नियंत्रण तथा आमजन की समस्याओं के समाधान के लिए उल्लेखनीय कार्य किए। उनके सरल व्यवहार, कार्यकुशलता और जनसरोकारों के प्रति संवेदनशीलता के कारण उन्होंने लोगों के बीच एक विशेष पहचान बनाई।

इसी कारण उनके तबादले की खबर से पुलिस कर्मियों और क्षेत्रीय लोगों में भावुकता का माहौल देखने को मिला। सीओ ने कहा कि पूरनपुर में मिले सहयोग और स्नेह के लिए सभी का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि यहां के लोगों का प्रेम और सहयोग हमेशा उनकी स्मृतियों में बना रहेगा। समारोह में मौजूद लोगों ने उनकी पदोन्नति की कामना करते हुए कहा कि भविष्य में जब वे पुलिस अधीक्षक (एसपी) बनें तो पीलीभीत जनपद में तैनाती पाकर दोबारा यहां आएं।इस दौरान कई गणमान्य लोग मौजूद रहे।

मोहर्रम को लेकर जहानाबाद में पीस कमेटी की बैठक, एएसपी ने किया पैदल गश्त



पीस मीटिंग में भाग लेते हुए अधिकारी व लोग। –जागरण मोर्चा

जागरण मोर्चा कार्यालय

जहानाबाद। आगामी मोहर्रम पर्व एवं कानून-व्यवस्था के मद्देनजर अपर पुलिस अधीक्षक विक्रम दहिया तथा सहायक पुलिस अधीक्षक/क्षेत्राधिकारी सदर नताशा गोयल ने थाना जहानाबाद क्षेत्र में पैदल गश्त कर सुरक्षा व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

अधिकारियों ने मुख्य बाजारों, संवेदनशील एवं भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों का निरीक्षण करते हुए यातायात व्यवस्था सुचारु रखने, अतिक्रमण हटाने तथा संदिग्ध व्यक्तियों व वाहनों की सघन चेकिंग के निर्देश दिए। इसके बाद थाना जहानाबाद परिसर में पीस कमेटी बैठक आयोजित की गई, जिसमें विभिन्न समुदायों के धर्मगुरुओं, ताजियादारों, सामाजिक कार्यकर्ताओं एवं संभ्रांत नागरिकों ने भाग लिया। अधिकारियों ने मोहर्रम पर्व को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण माहौल में संपन्न कराने के लिए पुलिस प्रशासन का सहयोग करने, अफवाहों से बचने तथा किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तत्काल पुलिस को देने की अपील की।

32 लोगों ने रक्तदान कर निभाई सामाजिक जिम्मेदारी

पीलीभीत। विश्व रक्तदाता दिवस पर मानवता का फर्ज निभाते हुए 32 लोगों ने जिला अस्पताल पहुंचकर अमर उजाला फाउंडेशन की ओर से आयोजित स्वैच्छिक रक्तदान शिविर में भाग लिया। एसएसबी जवानों ने भी कार्यक्रम में अपनी पूरी सहभागिता निभाई। रविवार सुबह 10 बजे से भीषण गर्मी में भी जागरूक लोग रक्तदान करने को आगे आए। शाम चार बजे तक एसएसबी के 14 जवान, सामाजिक संस्था, व्यापार मंडल के पदाधिकारियों समेत कुल 32 लोगों ने रक्तदान किया। शहर के डॉ. प्रदीप कुमार दिलवानी ने रविवार को शिविर में पहुंचकर 99वीं बार रक्तदान कर मानवता की मिसाल पेश की। वहीं, शिविर में ओमप्रकाश, सुरेंद्र, संजीव गोस्वामी, निमित अग्रवाल, ज्ञान प्रकाश, आनंद मिश्रा, शिरीश सक्सेना, जितेंद्र कुमार, सुरेंद्र कुमार, डॉ. प्रदीप कुमार, मनोज कुमार, ललित कुमार, सतेंद्र पाल, धमेंद्र, अमित कुमार, दिनेश चंद्र, अंजूल कुमार, दुर्गा प्रसाद, प्रवीण कुमार, तेज प्रताप, अरुण कुमार, प्रतिपाल सिंह, विभांश, सुमित, अरुण सिंह, मोहित, अनूप ने रक्तदान किया।

सांड़ के हमले में घायल बुजुर्ग की इलाज के दौरान मौत

बरखेड़ा। पीलीभीत-बीसलपुर हाईवे पर शनिवार को सुबह टहलने निकले 62 वर्षीय बुजुर्ग पर सांड़ ने हमला कर दिया। हमले में गंभीर रूप से घायल बुजुर्ग ने मेरठ के मेडिकल कॉलेज में उपचार के दौरान दम तोड़ दिया। गांव नवादा महेश निवासी खेमकरन लाल (62) रोजाना की तरह शनिवार को सुबह करीब पांच बजे घर से टहलने निकले थे। कुछ देर टहलने के बाद जैसे ही वह हाईवे किनारे स्थित अपने घर के पास पहुंचे, तभी अचानक एक सांड़ ने उनपर हमला कर दिया। हालत नाजुक होने के कारण उन्हें हायर सेंटर रेफर कर दिया गया।



मंडी बाजार में जर्जर टीन शेड दे रहा बड़े हादसे को दावत, प्रशासन मौन

जागरण मोर्चा कार्यालय



बाज़ार ग्राउंड का जर्जर टिन शेड। –जागरण मोर्चा

शेरपुर कलां। कस्बे के मुख्य मंडी बाजार में लगा टीन शेड वर्तमान में बेहद दयनीय और जर्जर स्थिति में पहुँच चुका है। इसकी हालत इतनी खराब हो गई है कि यहाँ हर समय किसी बड़ी अनहोनी या दुर्घटना की आशंका बनी रहती है, जिससे स्थानीय व्यापारियों और बाजार आने वाले लोगों में दहशत का माहौल है।

स्थानीय ग्रामीणों के अनुसार, मंडी बाजार के टीन शेड में जंग लग चुकी है और कई जगहों से इसकी चादरें उखड़कर हवा में लटक रही हैं। व्यस्त बाजार होने के कारण यहाँ दिनभर भारी भीड़ रहती है। यदि तेज हवा या बारिश के दौरान यह जर्जर ढांचा गिरता है, तो जान-माल का भारी नुकसान हो सकता है। हैरानी की बात यह है कि ग्रामीणों ने इस गंभीर समस्या के बारे में कई बार उच्चाधिकारियों को सूचित किया है।

समय-समय पर प्रशासन का ध्यान इस ओर आकर्षित करने के बावजूद अभी तक मरम्मत या टीन बदलने का कोई कार्य शुरू नहीं किया गया है। अधिकारियों की इस अनदेखी को लेकर ग्रामीणों और क्षेत्रवासियों में भारी आक्रोश व्याप्त है मंडी बाजार के दुकानदारों और ग्रामीणों ने जिला प्रशासन और संबंधित विभाग से मांग की है कि किसी अप्रिय घटना का इंतजार करने के बजाय, इस जर्जर टीन को तुरंत हटाकर नई शेड की व्यवस्था की जाए। ग्रामीणों का कहना है कि यदि जल्द ही समाधान नहीं हुआ, तो वे इस समस्या को लेकर कड़ा रुख अपनाने पर मजबूर होंगे।

खनन विभाग की टीम ने की छापेमारी, मची खलबली

पूरनपुर। क्षेत्र में लगातार मिल रही अवैध खनन की शिकायतों को लेकर शनिवार देर शाम खनन विभाग की टीम ने पूरनपुर तहसील क्षेत्र के विभिन्न स्थानों पर छापेमारी अभियान चलाया। अचानक हुई कार्रवाई से अवैध खनन से जुड़े लोगों में हड़कंप मच गया। पूरनपुर तहसील क्षेत्र में अवैध खनन किया जा रहा है।

तहसील क्षेत्र के गांवो में खनन विभाग को पिछले कुछ समय से क्षेत्र में अवैध रूप से मिट्टी खनन किए जाने की शिकायतें मिल रही थीं। शिकायतों के आधार पर विभागीय अधिकारियों ने जांच के लिए विशेष अभियान चलाया। शनिवार शाम टीम ने कई संदिग्ध स्थानों पर पहुंचकर निरीक्षण किया और खनन गतिविधियों की पड़ताल की। अचानक विभागीय टीम के पहुंचने की सूचना मिलते ही खनन से जुड़े लोगों में अफरा-तफरी मच गई। बताया जाता है कि टीम की कार्रवाई की खबर क्षेत्र में तेजी से फैल गई, जिसके चलते कई लोग सतर्क हो गए। हालांकि छापेमारी के दौरान किसी भी स्थान पर अवैध खनन होता हुआ नहीं मिला और न ही मौके से कोई मशीनरी संचालित अवस्था में पाई गई।

जलस्तर बढ़ने से धनाराघाट पेंटून पुल दूसरे दिन भी बंद

जागरण मोर्चा कार्यालय

- लोगों की बढ़ीं मुश्किलें, लंबा चक्कर लगाने को मजबूर

पूरनपुर। शारदा नदी का जलस्तर बढ़ जाने के कारण धनाराघाट पेंटून पुल दूसरे दिन भी बंद रहा। क्षेत्र के हजारों ग्रामीणों को आवागमन में भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। शारदी का लगातार जल स्तर बढने से लोगों की समस्याएं बढती जा रहीं है।

शुक्रवार को जल स्तर बढने से धनाराघाट पेंटून पुल से आबागमन करना बंद कर दिया था। दूसरे दिन भी शारदा नदी का जल स्तर बढ गया। जिससे परेशानियां और बढ गई। जल स्तर बढने से रविवार को भी दूसरे दिन धनाराघाट पेंटून पुल बंद रहा। जिससे लोगो को काफी परेशानियों का सामना करना पड रहा है। पुल बंद हो जाने से क्षेत्रीय लोग तहसील मुख्यालय, बाजार, अस्पताल और अन्य जरूरी कार्यों के लिए आने-जाने वाले लोगों को लंबा चक्कर लगाकर गंतव्य तक पहुंचना पड़ रहा है। जिससे समय और धन दोनों की अतिरिक्त बर्बादी हो रही है। क्षेत्र के लोगों का कहना है कि पेंटून पुल इस इलाके के लिए आवागमन का प्रमुख साधन है। पुल के माध्यम से प्रतिदिन बड़ी संख्या में लोग तहसील मुख्यालय, शैक्षणिक संस्थानों और बाजारों तक पहुंचते हैं। लेकिन जलस्तर बढ़ने के कारण पुल को एहतियातन बंद कर दिया गया है। ऐसे में ग्रामीणों को कई किलोमीटर अतिरिक्त दूरी तय करनी पड़ रही है। सबसे अधिक परेशानी मरीजों, विद्यार्थियों, नौकरीपेशा लोगों और किसानों को हो रही है। किसानों के कार्य भी प्रभावित हो रहे हैं।

विदाई भोज बना आफतः सरसों के तेल से बनी पूड़ियां खाकर एक ही परिवार के 15 लोग बीमार

जागरण मोर्चा कार्यालय

बिसौली। कोतवाली क्षेत्र के गांव सर्वा में रविवार को एक पारिवारिक समारोह उस समय अफरा-तफरी में बदल गया, जब बेटी की विदाई के मौके पर तैयार किए गए भोजन को खाने के बाद एक ही परिवार के 15 लोगों की अचानक तबीयत बिगड़ गई। घटना के बाद परिजनों में हड़कंप मच गया और सभी बीमारों को आनन-फानन में नगर के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उनका उपचार जारी है।

गांव सर्वा निवासी दानवीर सिंह के घर बेटी की विदाई का कार्यक्रम आयोजित था। इस अवसर पर घर में ही भोजन तैयार किया गया था, जिसमें पूड़ी-कचौरी बनाई गई थी। परिजनों के मुताबिक भोजन तैयार करने में बिसौली नगर से खरीदे गए खुले सरसों के तेल का इस्तेमाल किया गया था। समारोह के दौरान परिवार के सदस्यों ने भोजन किया, लेकिन कुछ ही समय बाद कई लोगों को उल्टी, पेट दर्द और बेचैनी की शिकायत होने लगी।

शुरुआत में परिजनों ने इसे सामान्य समस्या समझकर गांव में ही उपचार कराया, लेकिन जब स्थिति में सुधार नहीं हुआ और एक के बाद एक कई लोग बीमार पड़ने लगे तो उन्हें तुरंत नगर के एक निजी अस्पताल ले जाया गया।



अस्पताल में भर्ती बीमार। -जागरण मोर्चा

अस्पताल में भर्ती लोगों में नीरा, जितेंद्र, गीता, लक्ष्मी, प्रियांशी, राधा, सृष्टि, दीपांशी, अजय, आदित्य और निखिल सहित कुल 15 सदस्य शामिल हैं। चिकित्सकों के अनुसार सभी मरीजों की हालत अब नियंत्रण में है और धीरे-धीरे सुधार हो रहा है।

घटना की सूचना मिलते ही खाद्य सुरक्षा विभाग भी सक्रिय हो गया। खाद्य सुरक्षा अधिकारी माता शंकर विन्द ने मौके पर पहुंचकर जांच की और संबंधित दुकान से सरसों के तेल के नमूने एकत्र किए। बताया गया कि दुकान से चार सीलबंद बोतलों के नमूने लेकर जांच के लिए भेजे गए हैं। रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी। परिवार के मुखिया दानवीर सिंह ने बताया कि वह घटना के समय घर पर मौजूद नहीं थे, जिसके चलते उन्होंने भोजन नहीं किया और सुरक्षित रहे। उन्होंने आशंका जताई कि भोजन में इस्तेमाल किया गया सरसों का तेल मिलावटी हो सकता है, जिसके कारण यह घटना हुई।

वहीं, संबंधित दुकानदार संदेश गुप्ता ने अपने ऊपर लगे आरोपों को सिरे से खारिज करते हुए कहा कि उनकी दुकान पर केवल ब्रांडेड और गुणवत्ता युक्त तेल ही बेचा जाता है। उन्होंने कहा कि वह स्वयं जांच में पूरा सहयोग कर रहे हैं और रिपोर्ट आने के बाद सच्चाई सामने आ जाएगी।

इस घटना के बाद पूरे क्षेत्र में चर्चा का माहौल है। लोग खाद्य सामग्री की गुणवत्ता को लेकर चिंतित नजर आ रहे हैं और प्रशासन से सख्त कार्रवाई की मांग कर रहे हैं। विशेषज्ञों का कहना है कि खुले तेल या बिना ब्रांड वाले खाद्य पदार्थों का इस्तेमाल स्वास्थ्य के लिए खतरनाक हो सकता है, इसलिए लोगों को सावधानी बरतनी चाहिए। फिलहाल सभी की निगाहें जांच रिपोर्ट पर टिकी हैं, जिससे यह स्पष्ट हो सकेगा कि बीमारी की असली वजह क्या थी और इसमें किसकी लापरवाही सामने आती है।

सार संक्षेप

रविवार को सैलानियों से गुलजार रहा चूका बीच, सफारी के सभी वाहन हुए बुक

माधोटांडा। जंगल की हरियाली, शांत वातावरण और प्राकृतिक सौंदर्य का आनंद लेने के लिए रविवार को बड़ी संख्या में पर्यटक चूका बीच पहुंचे। भीड़ के चलते सफारी के सभी वाहन बुक रहे। सुबह और शाम दोनों शिफ्टों में जंगल सफारी के लिए पर्यटकों की अच्छी भीड़ रही। सफारी के दौरान सैलानियों ने चूका बीच, बाइफरकेशन और सप्तसरोवर जैसे प्रमुख पर्यटन स्थलों का भ्रमण किया। जंगल के बीच प्राकृतिक वातावरण और हरियाली ने पर्यटकों को खासा आकर्षित किया। वन भ्रमण के दौरान पर्यटकों को बाघ समेत अन्य वन्यजीवों का भी दीदार हुआ, इससे उनका उत्साह बढ़ गया। दिन में 500 पर्यटकों के पहुंचने की बात कही गई।

सामूहिक विवाह में कन्याओं को नहीं मिलेगा चांदी का सामान, खाते में जाएगी राशि

पीलीभीत। सामूहिक विवाह योजना में कन्याओं को चांदी के जेवरात नहीं दिए जाएंगे। चांदी की गुणवत्ता पर उठ रहे सवाल व अन्य वजह से शासन स्तर से यह पहल की गई। अब कन्या के खाते में चार हजार रुपये सीधा डीबीटी के माध्यम से भेजे जाएंगे। मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के अंतर्गत गरीब कन्याओं का विवाह कराया जाता है। इसमें कन्याओं के खाते में 60 हजार रुपये, 25 हजार रुपये का सामान और 15 हजार रुपये शादी में खर्च किए जाते थे। इसमें कन्याओं को चांदी की पायलें व बिछिया दी जाती है, लेकिन लगातार गुणवत्ता पर उठ रहे सवाल और चांदी की बढ़ती कीमतों के बीच अब इसमें बदलाव किया गया। सामूहिक विवाह में कन्या को अब चांदी के उपहार नहीं दिए जाएंगे। डीबीटी के माध्यम से कन्या के खाते में सीधे चार हजार रुपये भेजे जाएंगे। अब कन्या के खाते में 60 की जगह 64 हजार रुपये भेजे जाएंगे। वहीं 25 हजार रुपये के दिया जाने वाले सामान में 21 हजार रुपये खर्च किए जाएंगे। इसको लेकर शासन स्तर से आदेश जारी कर दिया गया है। समाज कल्याण अधिकारी चंद्र मोहन विश्नोई ने बताया कि अब कन्याओं के चांदी के उपहार नहीं दिए जाएंगे। उनके खाते में चार हजार रुपये की धनराशि को भेजा जाएगा। इसको लेकर शासन की ओर से आदेश जारी कर दिया गया है।

निगेटिव मार्किंग होने से अभ्यर्थियों ने छोड़े प्रश्न

बदायूं। उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग की ओर से जीआईसी के प्रवक्ता पदों पर हुई भर्ती परीक्षा रविवार को जिले में शांतिपूर्वक संपन्न हुई। 12 परीक्षा केंद्रों पर आयोजित परीक्षा में 1824 अभ्यर्थियों ने परीक्षा दी। वहीं, अभ्यर्थियों ने बताया कि पेपर सामान्य रहा, लेकिन निगेटिव मार्किंग के चलते कई प्रश्न छोड़ने पड़ गए। बता दें कि जिले में कुल 4601 परीक्षार्थी पंजीकृत थे। जिले में 12 परीक्षा केंद्रों पर आयोजित प्रवक्ता पदों की परीक्षा में विभिन्न जनपदों से आए अभ्यर्थियों की परीक्षा केंद्रों पर सुबह से ही लाइनें लग गईं। सुबह 8 बजे परीक्षा के लिए शुरू हुई एंट्री में विद्यार्थियों के हाथों के धागे और कड़े भी उतरवा दिए गए। चैकिंग के दौरान अभ्यर्थियों के जूते उतरवाकर चेकिंग की गई। परीक्षा देकर बाहर आए अभ्यर्थियों ने परीक्षा को सामान्य स्तर का बताया। उन्होंने बताया कि प्रश्नपत्र को तय समय में हल करना बेहद आसान रहा। सभी प्रश्न सिलेबस में से ही आए थे। परीक्षा में निगेटिव मार्किंग होने के कारण आते हुए प्रश्नों को ही हल किया। परीक्षा में सामान्य ज्ञान और विषय विशेषज्ञ प्रश्नों का स्तर सामान्य रहा। परीक्षा कड़ी निगरानी में आयोजित हुई। इसके लिए प्रत्येक केंद्र पर स्टेटिक मजिस्ट्रेट और सेक्टर मजिस्ट्रेट नामित किए गए। परीक्षा 13 अलग-अलग विषयों के लिए आयोजित की गई।

अपना हिसाब मांगने पर ट्रैक्टर चालक को पीटा

वजीरगंज। वनकोटा गांव में ईंट-भट्ठे पर काम करने वाले ट्रैक्टर चालक से मारपीट का मामला सामने आया है। आरोप है कि हिसाब मांगने पर भट्ठा मालिक के बेटे और दो मुनीमों ने ड्राइवर को लोहे की रॉड और डंडों से पीट दिया। पीड़ित के बेटे की तहरीर पर पुलिस ने तीनों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। गांव वनकोटा निवासी अर्जुन पुत्र महेश ने बताया कि उसके पिता अरविंद वार्ष्णेय ईंट-भट्ठे पर ट्रैक्टर का चालक हैं। दो जून 2026 की शाम भट्ठा मालिक के बेटे अमन ने महेश से कहा कि अब दूसरा चालक रखेंगे। महेश ने जवाब दिया कि दूसरा रख लो, लेकिन पहले मेरा हिसाब कर दो। आरोप है कि इसी बात पर अमन, भट्ठे के मुनीम टिंकू और दूसरे मुनीम 'पंडित' ने महेश को गालियां दीं। लोहे की रॉड व डंडे से बुरी तरह पीटा।

आंधी-बारिश में लोगों की जान का खतरा बन सकते हैं जर्जर भवन

जागरण मोर्चा कार्यालय

बदायूं। आंधी-बारिश के बीच सड़कों के किनारे खड़े जर्जर भवन लोगों की जान के लिए खतरा बन सकते हैं। अगर 90 किमी प्रति घंटा की रफ्तार में आंधी आई तो नगर निकायों में चिह्नित जर्जर भवन गिर सकते हैं। इसमें भारी जान-माल का नुकसान संभव हो सकता है।

जिले के फैजगंज बेहटा क्षेत्र के गांव सीकरी में एक जून को दीवार गिरने से संतोष कुमारी की मौत हो गई थी। बावजूद इसके जिले में जर्जर भवनों को लेकर प्रशासन गंभीर नहीं है। नगर निकायों से लेकर प्रमुख मार्गों पर कई ऐसे भवन मौजूद हैं, जिनकी दीवारों और छतों में बड़ी दरारें पड़ चुकी हैं।

बदायूं नगर पालिका की ओर से कुछ भवन स्वामियों को नोटिस भी जारी किए गए हैं। नोटिस मिलने के बाद कुछ लोग जर्जर मकानों की मरम्मत करा रहे हैं, लेकिन अब भी कई जर्जर भवन जस के तस खड़े हैं।



शहर के चौबे मोहल्ला में दीवार गिरताऊ, सुभाष चौक पर दो मकान स्वामियों, खड़सारी और चक्कर की सड़क पर एक-एक मकान स्वामियों को नोटिस पिछले माह दिए गए थे। इसके बाद उन्होंने मकानों को सही कराने का काम शुरू कर दिया है।

हलवाई चौक के पास जर्जर है भवन

शहर में हलवाई चौक पर एक जर्जर भवन है। आंधी-बारिश में गिरने की आशंका से इन्कार नहीं किया जा सकता। पालिका प्रशासन के अनुसार, दो लोगों में आपसी विवाद है, जिसकी वजह से यह मामला कोर्ट में विचाराधीन है। ऐसे में पालिका की ओर से इनको नोटिस नहीं दिया गया है। परशुराम चौक पर भी एक आधी टूटी दुकान है। इस पर भी विवाद चल रहा है।

सभी नगर निकायों को निर्देशित किया गया है कि वह अपने-अपने यहां पर जर्जर भवनों का सर्वे कराएं, ताकि जो जर्जर हों, उनको तुड़वाया जा सके।

- अरुण कुमार, एडीएम प्रशासन

जर्जर भवन होने के बाद भी नहीं दिया नोटिस

उझानी, दातागंज नगर पालिका, कछला नगर पंचायत आदि में कई जर्जर भवन हैं, लेकिन नगर निकायों की ओर से कोई सर्वे का काम नहीं कराया गया है, जिसकी वजह से आज भी जर्जर भवन नगरों में स्थित हैं, जो कभी भी गिर सकते हैं। इससे जनहानि हो सकती है।



मेडिकल कॉलेज में रक्तदान करते लोग। -जागरण मोर्चा

मेडिकल कॉलेज में स्वैच्छिक रक्तदान शिविर में 15 लोगों ने किया महादान

जागरण मोर्चा कार्यालय

बदायूं। विश्व रक्तदाता दिवस के अवसर पर राजकीय मेडिकल कॉलेज, बदायूं के ब्लड सेंटर द्वारा 'हॉपयूनिटी हेल्पिंग वेलफेयर फाउंडेशन' के सहयोग से स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का उद्देश्य आमजन को रक्तदान के प्रति जागरूक करना तथा जरूरतमंद मरीजों के लिए पर्याप्त रक्त उपलब्ध कराना रहा।

प्रधानाचार्य प्रो. डॉ. शिव कुमार के निर्देशन में आयोजित इस शिविर में पैथोलॉजी विभागाध्यक्ष डॉ. सुचेता यादव एवं ब्लड बैंक प्रभारी डॉ. वैशाली सिंह के नेतृत्व में टीम ने पूरे दिन व्यवस्थाएं संभालीं। शिविर में 20 युवाओं व स्थानीय नागरिकों ने पंजीकरण कराया, जिनमें से 15 लोगों ने सफलतापूर्वक रक्तदान कर मानवता का परिचय दिया। रक्तदाताओं में संजय कुमार, नितिन कुमार, सनी वाष्णेय, योगेश कुमार सिंह और राव रंजित संतराम सहित अन्य लोगों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। सभी रक्तदाताओं को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

इस अवसर पर डॉ. सुचेता यादव ने बताया कि एक बार रक्तदान करने से तीन लोगों की जान बचाई जा सकती है। उन्होंने युवाओं से अपील की कि वे नियमित रूप से रक्तदान कर समाज सेवा में भागीदारी निभाएं।

सोमवती अमावस्या पर कछला गंगा घाट का डीएम-एसएसपी ने किया निरीक्षण

जागरण मोर्चा कार्यालय

बदायूं। सोमवती अमावस्या पर्व के दृष्टिगत श्रद्धालुओं की सुरक्षा एवं सुविधाओं को सुनिश्चित करने के लिए जिलाधिकारी बदायूँ अवनीश कुमार राय एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अंकिता शर्मा ने कछला गंगा घाट का भ्रमण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने सुरक्षा, यातायात, पार्किंग एवं भीड़ प्रबंधन की तैयारियों की गहन समीक्षा की।

अधिकारियों ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि गंगा स्नान के दौरान श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न होने दी जाए। विशेष रूप से महिला श्रद्धालुओं की सुरक्षा को लेकर सतर्क दृष्टि बनाए रखने के निर्देश दिए गए। साथ ही घाट पर पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती, सीसीटीवी निगरानी, बैरिकेडिंग एवं गोताखोरों की उपलब्धता सुनिश्चित करने को कहा गया।



गंगा घाट का निरीक्षण करते डीएम अवनीश राय व एसएसपी अंकिता शर्मा।

डीएम एवं एसएसपी ने सुरक्षित आवागमन के लिए मार्गों को व्यवस्थित रखने तथा पार्किंग स्थलों पर सुचारू व्यवस्था बनाए रखने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि पर्व के दौरान बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के आगमन को देखते हुए सभी व्यवस्थाएं चाक-चौबंद रहनी चाहिए, ताकि किसी भी प्रकार की अव्यवस्था या दुर्घटना की स्थिति न उत्पन्न हो।

निरीक्षण के दौरान अपर पुलिस अधीक्षक नगर अभिषेक कुमार सिंह, एसडीएम सदर मोहित कुमार, क्षेत्राधिकारी उझानी सुनील कुमार सिंह, थाना प्रभारी निरीक्षक उझानी प्रवीण कुमार सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

बाइक पर लिफ्ट देने के बहाने मक्का के खेत में ले जाकर महिला से दुष्कर्म

बिनावर। थाना क्षेत्र के एक गांव की महिला बदायूं आ रही थी। रास्ते में लिफ्ट देने के बहाने उसे एक बाइक सवार ने अपनी बाइक पर बैठा लिया। वहीं महिला की दो बच्चियों को टेंपो में बैठाकर शहर की ओर रवाना कर दिया। आरोप है कि रास्ते में बाइक सवार ने मक्के के खेत में महिला से दुष्कर्म किया। महिला के पति ने अज्ञात बाइक सवार के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस ने बाइक सवार की तलाश शुरू कर दी है। वहीं, सड़क पर लगे सीसीटीवी कैमरे से पीड़िता ने आरोपी का चेहरा पहचान लिया है। क्षेत्र के एक गांव निवासी युवक ने थाने पर दी तहरीर में कहा है कि उसकी पत्नी सात जून को अपनी दो बच्चियों के साथ बदायूं कपड़े लेने जा रही थी। रास्ते में एक अज्ञात बाइक सवार ने उसको बदायूं जाने की बात कहकर अपनी बाइक पर बैठा लिया।

रामगंगा नगर से हरूनगला तक 17 किमी यूजी लाइन में लगा दिए घटिया केबल बाक्स, ब्रेक डाउन से हांफ रहे बिजली कर्मचारी

जागरण मोर्चा कार्यालय

बरेली। रामगंगा नगर से हरूनगल तक 12 करोड़ में डाली गई 17 किमी की 11 केवी की यूजी लाइन भ्रष्टाचार का शिकार हो गई। घटिया केबल बाक्स होने की वजह से आये दिन ब्रेक डाउन होता रहता है। लाइन लंबी होने के कारण बिजली विभाग के कर्मचारी उसे ठीक करने के लिये दौड़ते रहते हैं, इसके बावजूद फाल्ट ठीक नहीं हो पाते हैं। 11 केवी एवं एलटी वर्टिकल के सहायक अभियंता ने अधिशासी अभियंता को चिट्ठी भेजकर समस्या केबल बाक्स डैमेज होने की जानकारी दी है।

बरेली विकास प्राधिकरण ने हाल ही में रामगंगा नगर और आसपास के इलाकों में 11 केवी यूजी केबल अंडरग्राउंड डलवाई थी। अंडरग्राउड केबल में लगाये गये बाक्स घटिया गुणवत्ता होने के कारण आये दिन खराब हो रहे हैं। फुंक जाते हैं। इसकी वजह से बिजली आपूर्ति बार-बार ठप हो रही है। बिजली विभाग के सहायक अभियंता के मुताबिक रामगंगा नगर के हरुनगला सब स्टेशन से जुड़े फीडर पर लोड सामान्य सीमा में होने के बावजूद केबल बॉक्स लगातार डैमेज हो रहे हैं। हालात ऐसे हैं कि फीडर आए दिन ब्रेकडाउन हो रहा है। स्थानीय उपभोक्ताओं को घंटों बिजली कटौती झेलनी पड़ रही है, जबकि कर्मचारियों का अधिकांश समय इन्हीं फॉल्टों को तलाशने और ठीक करने में निकल रहा है।

17 किलोमीटर लंबी लाइन बनी विभाग के लिए सिरदर्द

रामगंगा नगर फीडर की अंडरग्राउंड लाइन करीब 17 किलोमीटर लंबी है। ऐसे में कहीं भी फॉल्ट आने पर उसे खोजने और दुरुस्त करने में बिजली निगम के कर्मचारियों का अधिकांश समय लग जाता है। इसका सीधा असर शहर के अन्य इलाकों की बिजली सेवाओं पर भी पड़ रहा है। एक फीडर को ठीक करने में पूरा स्टाफ उलझ जाता है। इससे दूसरी शिकायतों के निस्तारण में भी देरी हो रही है।

कभी भी हो सकता है बड़ा ब्रेक डाउन

रिपोर्ट में यह भी सामने आया है कि कई स्थानों पर बिजली आपूर्ति जल्दी बहाल करने के दबाव में केबल बॉक्सों को मानकों के अनुसार तैयार नहीं किया गया। करीब एक दर्जन स्थानों पर अस्थायी तरीके (छीलकर) से जोड़कर लाइन चालू कराई गई है। इससे कभी भी बड़ा ब्रेकडाउन हो सकता है। रामगंगा नगर फीडर की लाइन बीडीए कार्यालय के पीछे, डी-मार्ट के सामने से मजार तक, डोहरा रोड स्थित सनराइज तिराहे और पीलीभीत बाईपास पर कई जगहों से क्षतिग्रस्त है। वहीं न्यू सुपरसिटी और टीपी नगर फीडर की अंडरग्राउंड केबल भी अलग-अलग स्थानों पर खराब है।

केबल बाक्स घटिया होने से लगातार बढ़ रहे फॉल्ट

इस पूरी परियोजना की गुणवत्ता पर सवाल खड़े हो रहे हैं। जिस अंडरग्राउंड बिजली नेटवर्क को भविष्य की आधुनिक व्यवस्था बताकर तैयार किया गया था, वह बार बार फुंकने, फाल्ट होने और डैमेज होने के कारण कुछ ही समय में बरबाद हो रहा है। अंडरग्राउड केबल नेटवर्क की जिम्मेदारी संभालने वाले एसडीओ मेडिकल कारणों से अवकाश पर चले गये हैं, लेकिन उनके छुट्टी जाने की वजह यही अव्यवस्था मानी जा रही है।

इस्लामनगर पुलिस ने तमंचे के साथ शातिर अभियुक्त को दबोचा

जागरण मोर्चा कार्यालय

बदायूं। थाना इस्लामनगर पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर कार्रवाई करते हुए एक शातिर अभियुक्त को अवैध शस्त्र के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से एक नाजायज तमंचा .315 बोर तथा एक जिंदा कारतूस बरामद किया है।

पुलिस के अनुसार, रविवार को कस्बा इस्लामनगर के पास इस्लामनगर-चन्दौसी रोड से नगला बारह रोड की ओर जाने वाले मार्ग पर घेराबंदी कर भूरा उर्फ रेशमपाल पुत्र अमर सिंह निवासी ग्राम मोहम्मदगंज गोबरा, थाना उघैती, जिला बदायूं को गिरफ्तार किया गया। तलाशी के दौरान उसके पास से अवैध तमंचा और कारतूस बरामद हुआ। इस संबंध में थाना इस्लामनगर पर मु0अ0सं0 153/2026 धारा 3/25(1-B) ए आर्म्स एक्ट के



तहत अभियोग पंजीकृत कर लिया गया है। पुलिस ने अभियुक्त के विरुद्ध विधिक कार्रवाई करते हुए उसे न्यायालय में पेशी के लिए भेज दिया है। गिरफ्तार अभियुक्त भूरा उर्फ रेशमपाल के खिलाफ विभिन्न थानों में कई आपराधिक मामले दर्ज हैं। इनमें मारपीट, धमकी, अवैध शस्त्र रखने, गैंगस्टर एक्ट और यहां तक कि हत्या जैसे गंभीर आरोपों से संबंधित मुकदमे भी शामिल हैं। पुलिस के अनुसार, आरोपी लंबे समय से आपराधिक गतिविधियों में लिप्त रहा है और उस पर बदायूं, अलीगढ़ व मुरादाबाद जिलों में कई मुकदमे दर्ज हैं।


दिक्कत रविवार को आयोजित मेले में कहीं चिकित्सक गायब रहे तो कहीं फार्मासिस्ट ने मरीज देखे

पूरनपुर में चिकित्सक की कुर्सी खाली, फॉर्मासिस्ट ने देखे मरीज

जागरण मोर्चा कार्यालय

पीलीभीत/पूरनपूर। मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेले में मरीजों को लाभ के बजाय परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। रविवार को आयोजित मेले में कहीं चिकित्सक गायब रहे तो कहीं फार्मासिस्ट ने मरीज देखे।

पूरनपुर के नगरीय प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में रविवार को हुए मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेला में चिकित्सक की कुर्सी खाली रही। फार्मासिस्ट ने मरीज देखे व दवाएं बांटी। आरोग्य मेले में मलेरिया, टाइफाइड की चार जांचें हुईं। दोपहर साढ़े तीन बजे तक 48 मरीज पहुंचे। अधिकांश मरीज बुखार, खांसी के रहे। नगरीय प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में डॉ. अंकित कुमार की ड्यूटी रही। दोपहर बाद साढ़े तीन बजे तक उनकी कुर्सी खाली रही। फार्मासिस्ट आलोक ने मरीजों को



देखा। फार्मासिस्ट आलोक कुमार ने बताया कि डॉ. अंकित कुमार सीएचसी की इमरजेंसी में किसी अन्य चिकित्सक के न होने पर वहां गए हैं। डॉ. अंकित ने बताया कि सीएचसी इमरजेंसी में डॉ. सूरज पांडेय की ड्यूटी थीं, लेकिन वह खंड विकास सभागार में स्वास्थ्य शिविर में गए हैं, इसीलिए वह इमरजेंसी ड्यूटी में आ गए।

शहर के पुराना अस्पताल पीएचसी पर डॉ. जनमेजय सिंह और डॉ. पंकज राजवंशी ने 90 से अधिक मरीजों को देखा, इनमें बच्चे व बुजुर्ग की संख्या काफी रही। इनमें सिर दर्द, चक्कर, बेचैनी, शरीर में कमजोरी, डिहाइड्रेशन की शिकायतें देखने को मिली। जोशीटोला पीएचसी पर डॉ. अफसान ने 120 से अधिक मरीजों का परामर्श लिया, यहां गर्मी के कारण कमजोरी, लू से ग्रस्त मरीजों की संख्या रही। गर्भवती महिलाओं को फॉलिक एसिड, विटामिन और कैल्शियम की दवाएं दी गईं। पीएचसी बागगुलशेरखां में चिकित्सक ने 81 मरीजों को परामर्श लेने के साथ गर्मी को देखते हुए आए मरीजों को नियमित ओआरएस लेने के साथ धूप में निकलने से एहतियात बरतने की सलाह दी।

पंडरी में 154 मरीजों ने लिया परामर्श

न्यूरिया। ग्राम पंडरी स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में 154 मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। इनमें डिहाइड्रेशन, बुखार, पेट दर्द, त्वचा रोग, मधुमेह, उच्च रक्तचाप तथा गर्मी से संबंधित अन्य समस्याओं से पीड़ित मरीजों की संख्या अधिक रही। चिकित्सकों ने मरीजों की जांच कर उन्हें आवश्यक परामर्श और जरूरत के अनुसार दवाएं उपलब्ध कराईं।

बीसलपुर में त्वचा, वायरल बुखार के बढ़े मरीज

बीसलपुर। नगरीय प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र डॉ. पराग अग्रवाल ने 71 मरीज देखे। फार्मासिस्ट अमित कुमार ने उन्हें दवाई दी। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र शिवपुरी नवदिया में डॉ. चिराग अरोड़ा ने 65 मरीज देखे। फार्मासिस्ट यतेंद्र कुमार ने दवा वितरण किया। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र चुर्रा सकतपुर में डॉ. कमलेश गंगवार ने 56 मरीज देखे।

सोमवती अमावस्या आज, कछला घाट पर तैनात किए गए 15 स्टीमर

जागरण मोर्चा कार्यालय

बदायूं। सोमवती अमावस्या सोमवार 15 जून को है। इस दिन गंगा स्नान करने के लिए लाखों की भीड़ कछला घाट पर उमड़ेगी। श्रद्धालुओं की सुरक्षा के मद्देनजर प्रशासन और नगर पंचायत ने अपनी तैयारी पूरी कर ली है। स्नान स्थल के दोनों ओर चार पुलिस चौकियां बनाई गई हैं। हर चौकी में पुलिस कर्मी तैनात किए गए हैं। ठंडे पानी की भी व्यवस्था होगी। श्रद्धालु भी यहां ठहर सकेंगे।

कछला गंगा घाट पर 10 सीसीटीवी कैमरों से पूरे क्षेत्र की निगरानी की जाएगी। चौकी प्रभारी भूपेंद्र सिंह ने बताया कि 15 स्टीमर लगातार चलेंगे। प्रत्येक स्टीमर पर पुलिस का झंडा, अनाउंसमेंट और पीएसी के गोताखोर मौजूद रहेंगे। 300 अतिरिक्त पुलिसकर्मी कछला चौराहे से घाट तक तैनात किए गए हैं। गहरे पानी वाले स्थानों पर बैरिकेडिंग और लाल झंडियां लगाई




गई हैं, ताकि वहां श्रद्धालु न जाएं। वहीं एक ही रास्ते से श्रद्धालु स्नान घाट तक पहुंचेंगे। नगर पंचायत के अध्यक्ष जगदीश लोनिया चौहान ने सुबह में गंगा घाट पर पहुंचकर निरीक्षण किया। उन्होंने घाट सफाई व्यवस्था का जायजा लिया। घाट पर गंदगी मिलने पर उन्होंने सफाई निरीक्षक को फटकार लगाई। तत्काल सफाईकर्मी लगाकर घाट साफ कराया। नगर पंचायत की ओर से पानी के टैंकर, खोया पाया कैंप लगाया गया है। श्रद्धालुओं की सुरक्षा को देखते हुए प्रशासन की ओर से स्नान स्थल को जाने वाले अन्य सभी रास्ते बंद कर दिए गए हैं। अन्य सभी रास्तों पर बैरिकेडिंग लगा दी गई है। श्रद्धालु सिर्फ एक ही रास्ते के माध्यम से स्नान स्थल तक पहुंच सकेंगे।

गावस्कर ने भारतीय टीम के रवैये को सराहा

बताया किस तरह बल्लेबाजों ने मुश्किल लक्ष्य को बनाया आसान

नई दिल्ली।



पूर्व कप्तान सुनील गावस्कर ने धर्मशाला में बारिश से प्रभावित पहले वनडे में अफगानिस्तान के खिलाफ मुश्किल लक्ष्य को आसानी से हासिल करने के बाद भारत के टीम को प्राथमिकता देने के रवैए की प्रशंसा करते हुए कहा कि बल्लेबाजों ने मुकाबले को बेहद आसान बना दिया। बारिश से प्रभावित इस मैच को 25 ओवर का कर दिया गया था जिसे भारत ने सात विकेट से जीत कर तीन मैचों की सीरीज 1-0 की बढ़त हासिल कर ली।

गावस्कर ने कहा कि लक्ष्य का पीछा करते समय केएल राहुल ने जिस तरह से बल्लेबाजी की उससे पता चलता है कि खिलाड़ी व्यक्तिगत उपलब्धियों के बजाय सामूहिक सफलता पर विश्वास करते हैं। गावस्कर ने कहा, जिया उर रहमान ने अपने अंतिम ओवर से पहले तीन ओवरों में सिर्फ 19 रन दिए थे। राहुल ने उस ओवर में 20 रन बनाए। तब शुभमन गिल को शतक पूरा करने के लिए 21 रन की जरूरत थी और टीम को जीत के लिए लगभग 30 रन चाहिए थे। ऐसे में राहुल ने मोर्चा संभाला। इससे पता चलता है कि खिलाड़ी व्यक्तिगत उपलब्धियों की बजाय टीम को अधिक महत्व देते हैं। यह इससे जुड़ा है कि प्रत्येक खिलाड़ी टीम के लिए क्या कर सकता है। 23वें ओवर में मैच जीतने से पता चलता है कि कितनी अच्छी तरह से लक्ष्य का पीछा किया गया। यह आसान लक्ष्य नहीं था लेकिन उन्होंने इसे आसान बना दिया क्योंकि उन्होंने टीम को प्राथमिकता दी।

भारत ने अफगानिस्तान को सात विकेट से हराकर तीन वनडे मैचों की सीरीज में 1-0 से बढ़त बना ली। शनिवार को धर्मशाला में खेले गए मुकाबले में बारिश ने खलल डाली थी, जिसकी वजह से मैच शुरू होने में देरी हुई। अंपायर्स ने ओवरों में कटौती के बाद मैच 25-25 ओवर कराने का फैसला लिया। टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी अफगानिस्तान ने रहमानुल्लाह गुरबाज की शतकीय पारी की मदद से 24.5 ओवर में 10 विकेट पर 194 रन बनाए। जवाब में भारतीय टीम ने 22.5 ओवर में तीन विकेट पर 195 रन बनाए और मुकाबला अपने नाम कर लिया। टीम इंडिया के लिए शुभमन गिल ने कप्तानी पारी खेली। वह 66 गेंदों में 84 रन बनाकर नाबाद रहे। वहीं, केएल राहुल भी 19 गेंदों में चार चौके और तीन छक्के की मदद से 39 रनों की नाबाद पारी खेलने में कामयाब हुए।

कनाडा ने हासिल किया फीफा विश्व कप इतिहास का पहला पॉइंट

मेजबान अमेरिका ने पराग्वे को 4-1 से रौंदकर किया धमाकेदार आगाज

नई दिल्ली



फीफा वर्ल्ड कप 2026 के सह-मेजबान अमेरिका ने टूर्नामेंट का आगाज धमाकेदार जीत के साथ किया है। एकतरफा मुकाबले में अमेरिका ने पराग्वे को 4-1 से शिकस्त दी। अमेरिका की ओर से फोलारिन बालोगुन ने शानदार प्रदर्शन करते हुए दो गोल किए। अमेरिका की टीम पूरे मैच में हावी नजर आई और पराग्वे को वापसी करने का कोई मौका नहीं दिया। मुकाबले के सातवें मिनट में ही डैमियन बोबाडिला ने ओन-गोल दागकर अमेरिका ने 1-0 को आगे कर दिया। मैच के 31वें मिनट में फोलारिन बालोगुन ने अमेरिका की बढ़त को दोगुना कर दिया।

फोलारिन की शानदार स्किल्स के सामने पराग्वे का डिफेंस पूरी तरह से बेबस दिखाई दिया। पहले हाफ के इंजरी टाइम में फोलारिन का एक बार फिर दमदार खेल देखने को मिला और उन्होंने अमेरिका को मुकाबले में 3-0 से आगे कर दिया। दूसरे हाफ में पराग्वे ने आक्रामक खेल दिखाया और वापसी करने का प्रयास किया।

टीम को मैच के 73वें मिनट में सफलता हाथ लगी। पराग्वे के सब्स्टीट्यूट खिलाड़ी मॉरीसियो ने पराग्वे के लिए मैच में पहला गोल दागा। इसके बाद अमेरिका ने अपने खेल में आक्रामता बढ़ाई और पराग्वे के डिफेंस पर लगातार दबाव डाला।निर्धारित 90 मिनट के बाद स्टॉपेज टाइम में गियोवानी रेयना ने अमेरिका की बढ़त को 4-1 कर दिया। उन्होंने मैच की आखिरी सीटी बजने से ठीक पहले पराग्वे के डिफेंस को एक बार फिर भेदा और अमेरिका की दमदार जीत पर मुहर लगा दी। फोलारिन बालोगुन 1930 के बाद फीफा वर्ल्ड कप में दो गोल करने वाले पहले अमेरिकी खिलाड़ी बने।

कनाडा और बोस्निया-हर्जेगोविना का मैच ड्रॉ

कनाडा ने पहले मैच में शानदार वापसी करते हुए बोस्निया और हर्जेगोविना के खिलाफ 1-1 से ड्रॉ खेला। टोरंटो स्टेडियम में खेले गए इस मुकाबले में कनाडा को आखिरी समय में सब्स्टीट्यूट स्ट्राइकर साइल लारिन ने गोल कर हार से बचाया। इस नतीजे के साथ कनाडा ने वर्ल्ड कप इतिहास में अपना पहला पॉइंट हासिल किया। यह टीम का तीसरा फीफा विश्व कप है। अभी तक खेले सभी 6 मैचों में उसे हार मिली थी।

फ्लोरिडा में इंग्लैंड फुटबॉल टीम का सामान हुआ चोरी

फीफा फुटबॉल वर्ल्ड कप 2026 में इंग्लैंड फुटबॉल टीम का सामान चोरी हो गया। यह घटना शुक्रवार को हुई। टीम का सामान फ्लोरिडा में लगे प्री-टूर्नामेंट कैंप से अमेरिका के कैंसास सिटी स्थित स्वोप सॉकर विलेज ले जाया जा रहा था। रिपोर्ट्स के मुताबिक, कैंसास सिटी पहुंचने के बाद टीम के वाहन से सामान गायब मिला। ब्रिटिश मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, चोरी हुए सामान में फुटबॉल और खिलाड़ियों के बूट्स शामिल हैं। कैंसास पुलिस ने इस मामले में दो संदिग्धों को हिरासत में लिया है। मामले की जांच जारी है। स्वोप सॉकर विलेज कैंसास सिटी में स्थित एक फुटबॉल ट्रेनिंग सेंटर है।

आज के मैच

भारतीय समयानुसार

नीदरलैंड वर्सेस जापान
रात 1.30 बजे से

आइवरी कोस्ट वर्सेस इक्वाडोर
रात 3.30 बजे से

स्वीडन वर्सेस ट्यूनीशिया
सुबह 7.30 बजे से

स्पेन वर्सेस केप वर्डे
रात 9.30 बजे से

जबलपुर रॉयल लायंस की लगातार तीसरी विजय

इंदौर

जबलपुर रॉयल लायंस लगातार तीन जीत के साथ सीजन की बेहतरीन शुरुआत करके एमपीएल टी20 में अपना वर्चस्व कायम करने की कोशिश में है। मुकाबले में मालवा स्टैलियंस को 54 रन से हराया ।

रीवा जगुआर्स की शानदार जीत : वहीं एक अन्य मैच में उज्जैन फाल्कन्स ने अपने 20 ओवरों में 231/4 का विशाल स्कोर खड़ा किया। जवाब में, रीवा जगुआर ने अकील ने सिर्फ 49 गेंदों में नाबाद 107 रनों बदौलत जीत दर्ज की।

ग्वालियर चीतास जीते: ग्वालियर चीतास ने एक बार फिर शानदार बल्लेबाजी का प्रदर्शन किया और हाई-स्कोरिंग मैच में दबाव को संभालते हुए बुंदेलखंड बुल्स को 23 रनों से हराया।

श्रद्धांजलि **अंतिम दर्शन कर फूट-फूटकर रोईं भारतीय निशानेबाज**

कोच राणा का निधन अपूरणीय क्षति: मनु भाकर

नई दिल्ली



ओलिंपिक पदक विजेता भारतीय निशानेबाज मनु भाकर ने शनिवार को अपने कोच जसपाल राणा के निधन को अपूरणीय क्षति बताया। भारत के सर्वश्रेष्ठ पिस्टल निशानेबाजों में से एक जसपाल के मार्गदर्शन में मनु ने पेरिस ओलिंपिक में दो कांस्य पदक जीते थे।

राणा का हृदय संबंधी विकारों के कारण 49 वर्ष की उम्र में निधन हो गया जिससे भारतीय निशानेबाजी जगत सकते में है। इंटरनेट मीडिया पर दो शब्द की पोस्ट में मनु ने अपनी और राणा की तीन तस्वीरें साझा करते हुए लिखा कि अपूरणीय क्षति। मनु देहरादून में राष्ट्रीय शिविर में भाग ले रही है। राणा का पार्थिव शरीर जब देहरादून लाया गया तो वह मौजूद थी और अपने आंसुओं पर काबू नहीं रख सकीं।

अंतिम संस्कार के लिए वाराणसी ले जाया गया

भारत के दिग्गज पिस्टल निशानेबाज और कोच जसपाल राणा के पार्थिव शरीर को शनिवार को अंतिम संस्कार के लिए एयर एंबुलेंस से वाराणसी ले जाया गया। राणा का गुरुवार को निधन हो गया था। वह 49 वर्ष के थे। उनका पार्थिव शरीर शुक्रवार की शाम को दिल्ली से देहरादून लाया गया था। अंतिम दर्शन के लिए उनका पार्थिव शरीर उनके आवास पर रखा गया था। वाराणसी ले जाने से पहले राणा को उनके आवास पर राजकीय सम्मान के साथ अंतिम विदाई दी गई।

केंद्रीय शिक्षा मंत्री प्रधान ने खिलाड़ियों से किया संवाद

शिक्षा नीति से खेल को मिल रही नई दिशा



भोपाल

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के प्रधानमंत्री पद पर 12 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान भोपाल पहुंचे। इस दौरान उन्होंने मध्यप्रदेश के खेल एवं युवा कल्याण मंत्री विश्वास कैलाश सारंग के साथ शूटिंग अकादमी का दौरा किया और खिलाड़ियों से संवाद कर उनके अनुभवों को जाना।

केंद्रीय मंत्री प्रधान ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश में पहली बार कौशल विकास को व्यापक स्तर पर बढ़ावा दिया गया है। उन्होंने कहा कि युवाओं को केवल डिग्री आधारित शिक्षा तक सीमित न रखकर उन्हें कौशल, खेल और नवाचार से जोड़ने का कार्य किया गया है। केन्द्रीय मंत्री प्रधान ने कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति के माध्यम से खेल और शारीरिक शिक्षा को शिक्षा व्यवस्था का अभिन्न हिस्सा बनाया गया।

एपीएआर आईडी से जुड़ेंगी खिलाड़ियों की उपलब्धियां

केंद्रीय शिक्षा मंत्री ने कहा कि एपीएआर आईडी के माध्यम से विद्यार्थियों और खिलाड़ियों की शैक्षणिक तथा खेल संबंधी उपलब्धियों को एक मंच पर जोड़ा जाएगा। इससे उनकी प्रतिभा और उपलब्धियों का समग्र रिकॉर्ड तैयार होगा, जो भविष्य में शिक्षा और करियर दोनों क्षेत्रों में लाभकारी साबित होगा। उन्होंने बताया कि इंटर-स्पोर्ट्स गतिविधियों को क्रेडिट स्कोर से जोड़ने की दिशा में कार्य किया जा रहा है, ताकि खेलों में सक्रिय भागीदारी को भी अकादमिक मूल्यांकन का हिस्सा बनाया जा सके। केन्द्रीय मंत्री प्रधान ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में पहली बार आईआईटी जैसे प्रतिष्ठित संस्थानों में भी स्पोर्ट्स कोटा की व्यवस्था की गई है। यह कदम खेल प्रतिभाओं को उच्च शिक्षा के अवसर प्रदान करने और खेल संस्कृति को मजबूत बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण साबित होगा।

सचिन तेंदुलकर हाउस विजयी

भोपाल। मयंक चतुर्वेदी क्रिकेट अकादमी की इंटर हाउस सीनियर ग्रुप क्रिकेट प्रतियोगिता के लीग मुकाबले में सचिन तेंदुलकर हाउस ने महेंद्र सिंह धोनी को 1 विकेट धोनी हाउस टीम के कप्तान अरबाजउद्दीन ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया और टीम ने 20 ओवर में 7 विकेट खोकर 134 रन बनाए । टीम की ओर से कप्तान अरबाज उद्दीन ने सर्वाधिक 32, पीयूष सिंह ने 31 रनों का योगदान दिया। सचिन तेंदुलकर हाउस की ओर से नैतिक जैन ने 3 विकेट और कप्तान निश्चय सिखरवार ने 2 विकेट लिए जबकि अर्णव सिंह पुंढ़ीर ने एक विकेट हासिल किया। 134 रनों के लक्ष्य का पीछा करने सचिन तेंदुलकर हाउस ने की टीम ने आखिरी गेंद पर 135 रन बनाकर 1 विकेट से रोमांचक जीत दर्ज की। सचिन तेंदुलकर हाउस की ओर से वरुण शुक्ला ने 31, नैतिक जैन ने 26 निर्मल मेवाडा ने 20 रन बनाए।

सेमीफाइनल में थमा सिंधु का सफर

सिडनी। भारत की बैडमिंटन स्टार पीवी सिंधु 13 जून को ऑस्ट्रेलियन ओपन के सेमीफाइनल में जापान की शीर्ष वरीय अकाने यामागुची के खिलाफ हार गईं। जिससे इस भारतीय खिलाड़ी का बीडब्ल्यूएफ खिताब का इंतजार बरकरार रहा। साथ ही इस साल के पहले खिताब से भी हाथ धोना पड़ा। सिंधू को यहां तीसरी वरीयता मिली थी। उन्होंने पहले गेम में कड़ी टक्कर दी लेकिन 43 मिनट तक चले मुकाबले में यामागुची से 20-22, 12-21 से हार गई। सिंधु के बाहर होने के साथ ही इस बीडब्ल्यूए ऑस्ट्रेलियन ओपन सुपर 500 टूनार्मेंट में भारत का अभियान भी समाप्त हो गया है।

गुरबाज के आतिशी शतक पर गिल ने फेरा पानी

भारत ने अफगानिस्तान को 7 विकेट से हराया, सीरीज में 1-0 की बढ़त

धर्मशाला



बतौर ओपनर रोहित शर्मा के 16000 अंतरराष्ट्रीय रन पूरे

भारत ने अफगानिस्तान को सात विकेट से हराकर तीन वनडे मैचों की सीरीज में 1-0 से बढ़त बना ली है। शनिवार को धर्मशाला में खेले गए मुकाबले में बारिश के कारण देरी हुई, जिसके बाद अंपायरों ने मैच को 25-25 ओवर का कराने का फैसला किया। टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी अफगानिस्तान ने रहमानुल्लाह गुरबाज की शतकीय पारी की मदद से 24.5 ओवर में 10 विकेट पर 194 रन बनाए। जवाब में भारतीय टीम ने 22.5 ओवर में तीन विकेट पर 195 रन बनाए और मुकाबला अपने नाम कर लिया। टीम इंडिया के लिए शुभमन गिल ने कप्तानी पारी खेली।

वनडे में सबसे तेज 3000 रन बनाने वाले बल्लेबाज

बल्लेबाज	पारियां
हाशिम अमला	57
शुभमन गिल	62
शाई होप	67
फखर जमां	67
इमाम उल हक	67

गिल ने हासिल की बड़ी उपलब्धि

रोहित के पवेलियन लौटने के बाद तीसरे नंबर पर आए ईशान किशन ने शुभमन गिल भरपूर साथ दिया। दोनों के बीच दूसरे विकेट के लिए 43 गेंदों में 70 रनों की साझेदारी हुई। किशन 22 गेंदों में तीन चौके और एक छक्के की मदद से 34 रन बनाकर आउट हुए। इस दौरान कप्तान शुभमन गिल ने बड़ी उपलब्धि हासिल की। वह वनडे में पारियों के लिहाज से सबसे तेज 3000 रन पूरे करने वाले दूसरे बल्लेबाज बन गए। उन्होंने यह कारनामा 62 पारियों में किया। इस मामले में शीर्ष पर हाशिम अमला हैं।

195 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी भारतीय टीम की शुरुआत शानदार हुई। पूर्व कप्तान रोहित शर्मा और शुभमन गिल के बीच पहले विकेट के लिए 46 रनों की साझेदारी हुई। रोहित इस दौरान 16 रन बनाकर रनआउट हो गए। हालांकि, उन्होंने बड़ी उपलब्धि हासिल कर ली। बतौर ओपनर उन्होंने 16 हजार अंतरराष्ट्रीय रन पूरे कर लिए।







जागरण मोर्चा राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक स्वामी, किरन दीक्षित के लिए प्रकाशक, मुद्रक, मनोज कुमार दीक्षित द्वारा लक्ष्य प्रिन्टर्स 158/4 भानमती चौराह मॉडल हाउस हुसैनगंज लखनऊ, (उ०प्र०) से मुद्रित एवं मीडिया हाउस 20ए शिवाजी मार्ग हुसैनगंज लखनऊ, (उ०प्र) से प्रकाशित। सम्पादक योगेश कुमार वर्मा मो0-7579849555, 9627739857 E-mail: www.jagranmorchadaily@gmail.com RNI No.-UPHIN/2022/82743 समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ मान्य होगा।